सच, सिर्फ सच

वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 09 अगस्त , 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 33, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



डीपफेक के खिलाफ कार्रवाई करेगी मेटा

केन्द्र सरकार ने वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी मेटा से डीपफेक पर कार्रवाई करने को कहा है। समीक्षा के बाद आगे उठाए जाने वाले कदमों को लेकर कानूनी राय ली जायेगी। } 10

सहकारी बैंकों के लिए प्रौद्योगिकी जरूरी : शाह

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने शहरी सहकारी बैंकों से प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए प्रौद्योगिकी अपनाने, पारदर्शिता सुनिश्चित करने और ग्राहक सेवाओं को आधुनिक बनाने का आग्रह किया। } 12

यूपीआई उपयोगकर्ताओं के लिए कोई शुल्क नहीं

कराधान व अन्य कानून विधेयक पारित करने के बाद यूपीआई लेगी निर्णय

एजेंसी



नयी दिल्ली। भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007 में संशोधन के लिए एक विधेयक के पारित होने के बाद ऐसे लेनदेन पर शुल्क लगाने के संबंध में आशंकाओं को दूर करने के लिए सरकार ने शनिवार को स्पष्ट रूप से कहा कि उपभोक्ताओं और छोटे व्यापारियों के लिए एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) सेवाएं निःशुल्क बनी रहेंगी।

हालांकि, शुल्क लागू होने पर व्यापारियों को मामूली मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लागू होगा। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा, एमडीआर केवल एक निश्चित सीमा से ऊपर, एक सीमित संख्या में व्यापारी लेनदेन पर मामूली दर से लागू होंगे, जो डेबिट या क्रेडिट कार्ड के एमडीआर की तुलना में बहुत कम होगा। यह बयान लोकसभा द्वारा भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007 में संशोधन के लिए एक विधेयक पारित करने के दो दिन बाद आया है, जो सरकार को बैंकों और अन्य सेवा प्रदाताओं को यूपीआई और अन्य अधिसूचित इलेक्ट्रॉनिक भुगतान तरीकों के माध्यम से भुगतान पर शुल्क लगाने की अनुमति देने के लिए अधिकृत करता है।

बयान में कहा गया कि संसद द्वारा कराधान और अन्य कानून (संशोधन) विधेयक, 2026 को पारित करने के बाद एनपीसीआई की अध्यक्षता वाली यूपीआई और सेवा संचालन समिति एमडीआर पर निर्णय लेगी। इसमें कहा गया कि भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम (पीएसएस कानून) में हाल में हुए संशोधन ने एक बहस को जन्म दिया है, जिसमें कुछ लोग इसे आम उपयोगकर्ताओं पर शुल्क लगाने के कदम के रूप में गलत अर्थ दे रहे हैं। इसमें कहा गया कि वास्तव में यह संशोधन यूपीआई की दीर्घकालिक स्थिरता, तकनीकी उन्नति और उभरते जोखिमों के खिलाफ लचीलापन सुनिश्चित करने ...शेष पृष्ठ 10 पर

युवाओं के सशक्तीकरण से मजबूत होगा देश : मोदी

आर्थिक, तकनीकी, औद्योगिक आत्मनिर्भरता बनेगी विकसित भारत की नींव

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को छात्रों से कहा कि वे उन बातों पर सवाल उठाएं, जिन्हें बिना सोचे-समझे मान लिया जाता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उन्हें सिर्फ सवाल पूछने तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उनके समाधान खोजने का साहस भी दिखाना चाहिए। आईआईटी दिल्ली के 57वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि चुनौतियों का सामना करने के लिए नए समाधान खोजने का साहस रखने वालों के लिए चुनौतियां ही अवसर बन जाएंगी।

मोदी ने छात्रों को सलाह दी कि वे जीवन में अपनी जिज्ञासा और सीखने की प्रवृत्ति को बनाए रखें। उन्होंने कहा बिना सोचे-समझे स्वीकार की गई बातों पर सवाल उठाएं, लेकिन सिर्फ सवाल उठाने तक ही सीमित न रहें, उनके समाधान खोजने का साहस भी दिखाएं। उन्होंने कहा कि देश के युवा जितने ज्यादा सशक्त होंगे, पूरा देश उतना ही सशक्त होगा। मोदी ने कहा कि भारत अब हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में काम कर रहा है, चाहे वह आर्थिक आत्मनिर्भरता हो, तकनीकी आत्मनिर्भरता हो या औद्योगिक आत्मनिर्भरता यही विकसित भारत की मजबूत नींव है। समारोह से जुड़े गहरे भावनात्मक जुड़ाव को रेखांकित करते हुए, उन्होंने परिसर के जीवंत और सपनों से भरे माहौल का उल्लेख किया। छात्रों और उनके परिवारों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए बधाई देते हुए, मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि उनकी डिग्रियां केवल शैक्षणिक सफलता से कहीं ज्यादा हैं, वे देश के प्रति योगदान करने की जिम्मेदारी का प्रतीक हैं। उन्होंने मेडल पाने वालों की खास तौर पर तारीफ की और संस्थान में नई एआई पहल की शुरुआत का जश्न मनाया। उन्होंने कहा आप यहां से देश के लिए बहुत कुछ करने का सपना लेकर निकल रहे हैं। छात्रों की इस तेज-तर्रार यात्रा पर बात करते हुए, मोदी ने प्रबोधन दिवस से लेकर दीक्षांत समारोह तक के उनके सफर को विस्तार से याद किया। उन्होंने छात्रों के मन में मौजूद अलग-अलग तरह की उम्मीदों का भी जिक्र किया- जैसे पहली सैलरी पाना, स्टार्टअप शुरू करना या आगे की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना। उन्होंने कहा आपको निश्चित रूप से इस शानदार सफर और जिंदगी में एक बिल्कुल नया अध्याय शुरू करने के उत्साह से बहुत संतुष्टि मिल रही होगी। तेजी से बदलते भू-राजनीतिक और रणनीतिक वैश्विक परिदृश्य का जिक्र करते हुए, प्रधानमंत्री ने इन बड़े वैश्विक बदलावों के मुख्य कारण के तौर पर तकनीकी प्रगति की तेज रफ्तार को रेखांकित किया। उन्होंने तेजी से बदलते इस दौर को अभूतपूर्व चुनौतियों और नए बड़े अवसरों के मिले-जुले परिदृश्य के तौर पर पेश किया। उन्होंने कहा इस तेजी से हो रहे बदलाव के बीच, मेरी बात याद रखना: जो लगातार सीखता रहता है, वही जीतता है। आईआईटी डिग्री की असली अहमियत को नए सिरे से परिभाषित करते हुए, मोदी ने जोर ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

ईरान ने होर्मुज में यूएई के जहाज पर किया हमला

दुबई। संयुक्त अरब अमीरात के अधिकारियों ने बताया कि अबू धाबी की सरकारी स्वामित्व वाली तेल एवं गैस कंपनी एडीएनओसी के एक पोत पर होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरते समय हमला किया गया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि ईरान ने वाणिज्यिक जहाजों पर किए जा रहे हमलों के तहत मिसाइल दागी। एडीएनओसी ने एक बयान में कहा कि शनिवार तड़के हुए हमले में कोई हताहत नहीं हुआ। कंपनी ने बताया कि फरवरी में अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान के खिलाफ युद्ध शुरू करने के बाद से उसके एक दर्जन से अधिक पोतों पर जलडमरूमध्य से गुजरते समय मिसाइलों और ड्रोन से हमले किए जा चुके हैं। कंपनी के अनुसार, इनमें एक चालक दल के सदस्य की मौत हुई और 20 अन्य घायल हो गए। एडीएनओसी ने हमले की सटीक जगह या किसी तरह के नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी। बाद में यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस सेंटर ने बताया कि ओमान के खसब शहर के पूर्व में एक पोत पर किसी मिसाइल से हमला हुआ, जिससे आग लग गई लेकिन आग को बुझा दिया गया।

शिवभक्तों पर सीएम योगी ने की पुष्पवर्षा

मेरठ के सांसद अरुण गोविल समेत सभी जनप्रतिनिधियों ने बरसायीं गुलाब की पंखुड़ियां

जिला संवाददाता



मेरठ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रावण मास की दशमी तिथि में भोलेबाबा के भक्तों पर श्रद्धा के पुष्प बरसाए। गोरक्षपीठाधीश्वर के साथ रामायण सीरियल में भगवान राम की भूमिका निभाने वाले मेरठ के सांसद अरुण गोविल समेत सभी जनप्रतिनिधियों ने आस्था को सम्मान देते हुए शिवभक्त कांवड़ यात्रियों पर गुलाब की पंखुड़ियां बरसाईं। इसके साथ ही पूरे कांवड़ मार्ग पर हेलिकॉप्टर से भी शिवभक्तों पर पुष्पवर्षा की गई। इस मौके पर कांवड़ यात्रियों के हर-हर, बम-बम के उद्घोष से पूरा पश्चिमी उत्तर प्रदेश गुंजायमान हो उठा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांवड़ यात्रा को भक्ति, समर्पण, सामाजिक व राष्ट्रीय एकता और समरसता का अनुपम उदाहरण बताया। उन्होंने प्रदेश सरकार की ओर से समस्त शिवभक्त कांवड़ यात्रियों का स्वागत व अभिनंदन किया। आयोजन स्थल पर पहुंचने से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हेलिकॉप्टर से कांवड़ यात्रा का अवलोकन किया। उन्होंने प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए भोलेबाबा के भक्तों की श्रद्धा को नमन किया और प्रशासनिक अधिकारियों को कांवड़ यात्रियों की नियमित सुरक्षा, सम्मान, सुविधा आदि की समुचित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। पवित्र गंगाजल लेकर शिव मंदिरों में जलाभिषेक करने निकले कांवड़ यात्रियों द्वारा हर-हर बम-बम की गूंज से समूचा पश्चिमी उत्तर प्रदेश गुंजायमान हो उठा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भोले के भक्तों पर पुष्पवर्षा कर उन्हें अहसास कराया कि यह आस्था का सम्मान करने वाली सरकार है। कांवड़ यात्रा में निकली झांकी में ह्यबाबा के गणह्ण विभिन्न स्वरूपों में भोले की मस्ती में डूबे दिखे। कोई भगवान भोलेनाथ की यात्रा में झूम रहा था तो कोई कार्तिकेय, गणेश के स्वरूप में शिवपरिवार के प्रति श्रद्धा निवेदित कर रहा था। भूत-प्रेत के स्वरूप में भी बाबा के गण रथ पर सवार रहे। बम भोले-बम भोले, बम-बम-बम समेत भोलेनाथ के विभिन्न गीतों पर श्रद्धालु जमकर थिरकते रहे। जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे, दुनिया में फिर से हम भगवा लहराएंगे आदि गीत भी पूरे माहौल को भगवामय कर रहे थे। यहां उपस्थित तमाम श्रद्धालु व आमजन भी आस्था, उमंग व उत्साह के इस पल को मोबाइल में कैद करते दिखाई दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पत्रकारों से संवाद करते हुए कहा कि श्रावण मास में पावन कांवड़ यात्रा अपने चरम की ओर बढ़ रही है। शिवभक्त कांवड़ यात्री हरिद्वार में हर की पैड़ी से गंगाजल लेकर पवित्र शिवालयों में जलाभिषेक करने की ओर तेजी से बढ़ ...शेष पृष्ठ 10 पर

मुख्यमंत्री योगी आज निकालेंगे तिरंगा यात्रा

लखनऊ। भाजपा हर घर तिरंगा यात्रा अभियान के माध्यम से रविवार को राजधानी लखनऊ में हाथों में तिरंगा लेकर मां भारती का जयघोष तथा अमर बलिदानियों को नमन करते हुए तिरंगा यात्रा निकालेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं ब्रजेश पाठक तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह के साथ बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता, स्वयंसेवी संगठन, समाजसेवी संस्थाओं के साथ ही बड़ी संख्या में युवा, महिलाएं एवं स्थानीय नागरिक तिरंगा झंडा लेकर तिरंगा यात्रा पर निकलेंगे।

तिरंगा यात्रा रविवार 9 अगस्त को सुबह 08 बजे मुख्यमंत्री आवास, 5 कालिदास मार्ग लखनऊ से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं ब्रजेश पाठक तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह के नेतृत्व में प्रारम्भ होगी। हाथों में तिरंगा, भारत माता का जयघोष, अमर बलिदानियों का ...शेष पृष्ठ 10 पर


जिला अस्पताल के अंदर चिकित्सक से लूट

बदायूं। जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित जिला अस्पताल में शनिवार को दो हथियारबंद बदमाशों ने ब्लड बैंक के एक चिकित्सक से 25 हजार रुपये और मोबाइल फोन लूट लिया। पुलिस के अनुसार, जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में तैनात डॉ. विकास शर्मा अस्पताल परिसर में मौजूद थे, कि तभी दो युवक उनके पास पहुंचे और उन्हें बातचीत में उलझा लिया। पुलिस ने बताया कि इसके बाद दोनों ने चाकू दिखाकर उन्हें डराया-धमकाया और उनका मोबाइल फोन तथा 25 हजार रुपये छीनकर फरार हो गए। डॉ. शर्मा ने बताया कि घटना अस्पताल परिसर में अंत्य परीक्षण गृह के पास हुई, जहां आमतौर पर लोगों की आवाजाही कम रहती है।

वंचित वर्ग को मुख्यधारा में लाना जरूरी

भटके और विमुक्त समुदाय का हर व्यक्ति हमारा अपना : भागवत

एजेंसी



बुलढाणा (महाराष्ट्र)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि देश को असल मायने में विश्वगुरु बनाने के लिए वंचित और हाशिए पर रहने वाले लोगों को मुख्यधारा में लाना जरूरी है।

महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले के खामगांव में पारधी समुदाय के आवासीय विद्यालय में तीन खेल मैदानों का उद्घाटन करने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जिस समुदाय को आज हम भटके-विमुक्त (घुमंतू और गैर अधिसूचित जनजाति) कहते हैं, वह कभी ज्ञान देने वाला समुदाय हुआ करता था। आरएसएस प्रमुख ने कहा, भटके और विमुक्त समुदाय का हर व्यक्ति हमारा अपना है। इसलिए यह मेरा कर्तव्य है कि मैं इस दृष्टिकोण के साथ इन लोगों के लिए कुछ करूं, ताकि उनके जीवन में सुधार आ सके। भागवत ने कहा कि कभी ये समुदाय ज्ञान बांटने का काम करते थे। उन्होंने कहा वे निस्वार्थ भाव से अपना ज्ञान बांटने के लिए बाहर जाते थे, लेकिन समय के साथ वे हाशिए पर चले गए। ब्रिटिश शासन के दौरान स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने के कारण पूरे पारधी समुदाय को अपराधी जनजाति घोषित कर दिया गया, जिससे वे विकास की दौड़ में काफी पीछे रह गए। आरएसएस प्रमुख ने कहा अगर हमें भारत को विश्वगुरु बनाना है तो समाज के इन वंचित वर्ग को मुख्यधारा में लाना होगा। भागवत ने कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए समाज को एकजुट होकर खड़ा होना होगा, जिसमें हर व्यक्ति समान रूप से सक्षम और मजबूत हो। उन्होंने कहा कि हर परिवार और हर व्यक्ति को शिक्षा तथा जीवन की बुनियादी जरूरतें पूरी होनी चाहिए। इसके लिए समस्त समाज को केवल सरकार पर निर्भर ...शेष पृष्ठ 10 पर

सांस्कृतिक सहयोग के लिए भोपाल घोषणा स्वीकार

भोपाल। भारत की अध्यक्षता में शनिवार को यहां आयोजित ब्रिक्स देशों के संस्कृति मंत्रियों की 11वीं बैठक में भोपाल घोषणा को स्वीकार कर लिया गया। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने यह जानकारी दी। शेखावत ने बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि घोषणा का उद्देश्य ब्रिक्स देशों के बीच सांस्कृतिक सहयोग के संस्थागत ढांचे को मजबूत करना और संस्कृति तथा विरासत के समकालीन एवं पारंपरिक क्षेत्रों में साझा कार्ययोजना उपलब्ध कराना है।

उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक संपदा से संबंधित प्रोवेनेंस रिसर्च यानी किसी सांस्कृतिक वस्तु के उद्गम और स्वामित्व के इतिहास के अध्ययन तथा उसके प्रत्यावर्तन को भी सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों में शामिल किया गया है।

उत्तराखंड : भाजपा संगठन को करेगी और मजबूत

जनता की आवाज नेतृत्व तक पहुंचाना संगठन की जिम्मेदारी : धामी

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। उत्तराखंड भाजपा ने गढ़वाल मंडल में संगठन को और सक्रिय बनाने के लिए जमीनी स्तर पर संवाद और फीडबैक की प्रक्रिया को तेज कर दिया है। देहरादून के रेसकोर्स चौक स्थित अतिथि सामुदायिक भवन में आयोजित संगठनात्मक बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने जिला तथा मंडल इकाइयों के पदाधिकारियों से सीधे बातचीत की।

मुख्यमंत्री धामी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की भूमिका केवल सरकार की योजनाओं का प्रचार करने तक सीमित नहीं होनी चाहिए। कार्यकर्ताओं को जनता के बीच जाकर यह भी जानना चाहिए कि लोग किन समस्याओं से जूझ रहे हैं, उनकी क्या अपेक्षाएं हैं और स्थानीय स्तर पर किन मुद्दों को प्राथमिकता दिए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इन जानकारियों को संगठन के माध्यम से सरकार और संबंधित नेतृत्व तक पहुंचाना जरूरी है। धामी ने कहा कि भाजपा का संगठन चुनावी समय तक सीमित नहीं रहता। कार्यकर्ता पूरे वर्ष अपने क्षेत्रों में लोगों के बीच सक्रिय रहते हैं। यही निरंतर जनसंपर्क उन्हें स्थानीय परिस्थितियों और आमजन की जरूरतों की सबसे प्रत्यक्ष जानकारी देता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश स्तर पर बैठकर प्रत्येक क्षेत्र की समस्याओं और परिस्थितियों का बारीकी से आकलन करना संभव नहीं है। गांव, मंडल और बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से मिलने वाला फीडबैक सरकार को यह समझने में मदद करता है कि विकास योजनाओं का असर जमीन ...शेष पृष्ठ 10 पर



आज का मौसम

अधिकतम : 36.06 डिसे.

न्यूनतम : 26.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- भाजपा मुख्यालय के प्रभारी बने गोविन्द नारायण (पृष्ठ-02)
- आईएएस-आईपीएस अफसर छात्रों से करेंगे संवाद (पृष्ठ-02)
- हथकरघा कारीगरों के लिए खुले कमाई के रास्ते (पृष्ठ-10)
- स्टार्टअप को बढ़ावा देने को पांच कंपनियों से समझौते (पृष्ठ-10)
- आजादी के जश्न से पहले तिरंगे से सजे बाजार (पृष्ठ-10)

विशेष खबर

गृह मंत्रालय ने सौर, पवन और हाइब्रिड अक्षय ऊर्जा की किसी भी नयी परियोजना पर लगा दी है रोक

बार्डर के एक किलोमीटर क्षेत्र में किसी भी परियोजना की अनुमति नहीं

एजेंसी



नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने दिशानिर्देश जारी कर नियंत्रण रेखा, वास्तविक नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा से एक किलोमीटर के दायरे में सौर, पवन और हाइब्रिड अक्षय ऊर्जा की किसी भी नयी परियोजना पर रोक लगा दी है।

मंत्रालय के आंतरिक सुरक्षा प्रभाग की ओर से जारी दिशानिर्देशों में परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों, विशेष रूप से पाकिस्तान, बांग्लादेश और चीन के इंजीनियरों, कर्मचारियों एवं श्रमिकों को केंद्र सरकार की अनुमति के बिना नियुक्त करने पर भी रोक लगाई गई है। दिशा-निर्देशों के तहत नियंत्रण रेखा (एलओसी), वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) या अंतरराष्ट्रीय सीमा से 50 किलोमीटर के दायरे वाले क्षेत्रों को संवेदनशील क्षेत्र घोषित किया गया है। इसमें अंतरराष्ट्रीय सीमा से 20 किलोमीटर तक का क्षेत्र भी शामिल है, जहां परियोजना के लिए रक्षा मंत्रालय से अलग से अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) लेना होगा। इन दिशानिर्देशों के तहत जिन परियोजनाओं के लिए दोबारा आवेदन करना होगा, उन पर भी ये प्रावधान लागू होंगे। राष्ट्रीय सुरक्षा मंजूरी से संबंधित दिशानिर्देशों में कहा गया है, 50 किलोमीटर के दायरे में सभी सौर, पवन और हाइब्रिड ऊर्जा परियोजनाओं के लिए गृह मंत्रालय से सुरक्षा मंजूरी लेना जरूरी होगा। एक किलोमीटर के दायरे में कड़ी पाबंदी रहेगी और वहां परियोजना से जुड़ी किसी भी गतिविधि की अनुमति नहीं होगी।

दिशा-निर्देशों में कहा गया है, एक से 50 किलोमीटर के दायरे में प्रस्तावित परियोजनाओं को सुरक्षा मंजूरी देने या एक से 20 किलोमीटर के दायरे में अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी करने पर गृह मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय प्रत्येक मामले के आधार पर फैसला करेंगे। दिशा-निर्देशों के अनुसार, आवेदक गृह मंत्रालय की सुरक्षा मंजूरी समेत केंद्र सरकार की पूर्व मंजूरी के बिना किसी विदेशी कंपनी को जमीन हस्तांतरित नहीं कर सकेगा। सीमावर्ती क्षेत्रों में विभिन्न सौर, पवन और हाइब्रिड ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित करने की उपयुक्तता से संबंधित आवेदनों की बढ़ती संख्या के मद्देनजर ये दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। मंत्रालय ने कहा कि ऐसी परियोजनाओं के राष्ट्रीय सुरक्षा पर प्रभाव पड़ने की आशंका हो सकती है। मंत्रालय ने इस संबंध में पांच जून को एक कार्यालय ज्ञापन जारी किया था और हाल में विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए। गृह मंत्रालय ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में सौर, पवन और हाइब्रिड परियोजनाओं के लिए ये एकसमान और पारदर्शी दिशानिर्देश राष्ट्रीय सुरक्षा के पहलुओं के साथ-साथ कारोबार सुगमता को ध्यान में रखते हुए ...शेष पृष्ठ 10 पर

अमेरिकी संसद में रूस प्रतिबंध विधेयक पारित

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिकी सीनेट ने रूस तथा उसके पेट्रोलियम उत्पादों के चीन एवं भारत जैसे प्रमुख खरीदार देशों को दंडित करने के उद्देश्य से लाए गए एक विधेयक को भारी बहुमत से मंजूरी दे दी है। विधेयक में दावा किया गया है कि रूस के साथ इस प्रकार का व्यापार यूक्रेन युद्ध को जारी रखने में मदद कर रहा है।

सीनेट ने लिंडसे ओ. ग्राहम सैंक्शनिंग रूस एंड ईरान एक्ट ऑफ 2026 नाम के इस विधेयक को 11 के मुकाबले 86 मतों से मंजूरी दी। यह विधेयक अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को रूस से तेल और गैस का सबसे अधिक आयात करने वाले पांच देशों से आने वाले सामान पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने का अधिकार देता है। चीन, भारत, अजरबैजान, हंगरी और स्लोवाकिया रूस से तेल और गैस का सबसे अधिक आयात करने वाले पांच देश हैं। रूस पर प्रतिबंधों के अलावा विधेयक में 1996 के ईरान प्रतिबंध अधिनियम की अवधि 2031 तक बढ़ाने का भी प्रावधान है। इस कानून के तहत ईरान के ऊर्जा क्षेत्र में निवेश करने वाली कंपनियों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाती है। इस द्विदलीय विधेयक को रिपब्लिकन पार्टी के नेता एवं सीनेटर लिंडसे ग्राहम और डेमोक्रेट पार्टी के नेता एवं सीनेटर रिचर्ड ब्लूमेंथल ने प्रस्तावित किया था।

बीबीडीयू के बाबू बनारसी दास कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज में राष्ट्रीय मौखिक स्वच्छता दिवस का आयोजन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय के बाबू बनारसी दास कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज, लखनऊ में राष्ट्रीय मौखिक स्वच्छता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। यह आयोजन बीबीडीयू की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता एवं प्रो-चांसलर विराज सागर दास गुप्ता की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. (डॉ.) नीता पसरीचा द्वारा किया गया, जिन्होंने दिनभर आयोजित शैक्षणिक एवं जन-जागरूकता गतिविधियों की शुरूआत की। पीरियोडॉन्टोलॉजी विभाग एवं पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम की थीम थी मौखिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें।

कार्यक्रम के अंतर्गत 3 अगस्त 2026 को प्रयाग पब्लिक स्कूल, सौंदली, बाराबंकी में एक मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं दंत परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. सुगंधा अग्रवाल, रीडर, पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग ने बच्चों को मौखिक स्वच्छता पर व्याख्यान दिया तथा उन्हें दांतों की नियमित देखभाल, स्वस्थ आदतों एवं निवारक दंत चिकित्सा के महत्व के बारे में जागरूक किया। शिविर



के दौरान बच्चों का व्यापक दंत परीक्षण किया गया तथा सही ब्रशिंग तकनीक का प्रदर्शन कर विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में अच्छी मौखिक स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि नियमित दंत परीक्षण एवं निवारक देखभाल संपूर्ण स्वास्थ्य का महत्वपूर्ण आधार हैं।

इसी दिन पीरियोडॉन्टोलॉजी विभाग में स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए बेस्ट क्यूबिकल अवॉर्ड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने अपने क्लिनिकल क्यूबिकल में स्वच्छता, सुव्यवस्था एवं उत्कृष्ट रोगी देखभाल के उच्चतम मानकों का पालन किया। इस पहल ने विद्यार्थियों को अनुशासित एवं स्वच्छ क्लिनिकल वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया, जो प्रभावी रोगी उपचार का महत्वपूर्ण आधार है।

राष्ट्रीय मौखिक स्वच्छता दिवस सप्ताह (1 से 7 अगस्त 2026) के अंतर्गत डॉ. बृजेन्द्र सिंह, रीडर, पीरियोडॉन्टोलॉजी विभाग ने इंडियन सोसाइटी ऑफ पीरियोडॉन्टोलॉजी एंड इम्प्लांटोलॉजी के सहयोग तथा बीबीडी 98.8 एफएम रेडियो के समर्थन से मौखिक स्वच्छता पर एक विशेष रेडियो वार्ता प्रस्तुत की। इस वार्ता में उन्होंने मौखिक स्वास्थ्य के समग्र स्वास्थ्य पर प्रभाव तथा व्यस्त शैक्षणिक एवं व्यावसायिक जीवन में भी बेहतर मौखिक स्वच्छता बनाए रखने के व्यावहारिक उपायों पर प्रकाश डाला। इस संपूर्ण कार्यक्रम का समन्वयन प्रो. (डॉ.) अनुराधा पी., विभागाध्यक्ष, पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग एवं प्रो. (डॉ.) मोना शर्मा, विभागाध्यक्ष, पीरियोडॉन्टोलॉजी विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के संकाय सदस्यों, स्नातकोत्तर विद्यार्थियों एवं प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई, जिससे संस्थान की निवारक दंत चिकित्सा, सामुदायिक सेवा एवं शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता और अधिक सुदृढ़ हुई।

राष्ट्रीय मौखिक स्वच्छता दिवस 2026 का यह आयोजन महाविद्यालय की जन-जागरूकता बढ़ाने, विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करने तथा दंत शिक्षा एवं जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में अपनी अग्रणी भूमिका को और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।

आईएएस-आईपीएस और आईएफएस अधिकारी विद्यार्थियों से करेंगे संवाद

इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों को करियर और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रदान करेंगे मार्गदर्शन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश के युवाओं के सर्वांगीण विकास, उनकी क्षमताओं के समुचित उपयोग और उच्च शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, रोजगार एवं उद्यमिता सहित विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से योगी सरकार एक महत्वपूर्ण पहल करने जा रही है। इसके तहत भारतीय प्रशासनिक सेवा (कअर), भारतीय पुलिस सेवा (क्ढर) एवं भारतीय वन सेवा (क्नइ) के युवा अधिकारी इंटरमीडिएट स्तर के विद्यार्थियों के साथ नियमित संवाद कर उन्हें प्रेरित करेंगे और करियर संबंधी मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण के लिए महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को प्रभावी अनुश्रवण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही समस्त मंडलायुक्तों को निर्देशित किया गया है कि वे उक्त कार्यक्रम की समय-समय पर अपने स्तर पर समीक्षा करें। निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, समस्त मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) तथा समस्त जिला विद्यालय निरीक्षकों को भी निर्देश जारी किए गए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षकों से अपेक्षा की गई है कि वे संबंधित विद्यालयों को कार्यक्रम के संबंध में अपने स्तर से अवगत कराएं तथा संबंधित अधिकारी और विद्यालय के प्रबंध तंत्र के बीच आवश्यक समन्वय स्थापित कराएं, ताकि कार्यक्रम का सुचारु एवं प्रभावी संचालन सुनिश्चित हो सके। अपर मुख्य सचिव, माध्यमिक शिक्षा, पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन की ओर से सभी जिलाधिकारियों को जारी निर्देश में



कहा गया है कि प्रत्येक जिले में तैनात आईएएस, आईपीएस, और आईएफएस के युवा अधिकारी हर माह कम से कम एक इंटरमीडिएट स्तर के विद्यालय का भ्रमण कर विद्यार्थियों के साथ संवाद स्थापित करें।

इस दौरान अधिकारियों के अनुभव, कार्यशैली और जीवन संघर्ष विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगे, वहीं संवाद के माध्यम से विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उनकी आकांक्षाओं को सही दिशा देने में मदद मिलेगी। इन कार्यक्रमों में सहभागितापूर्ण चर्चा और प्रश्नोत्तर को प्राथमिकता दी जाएगी। विद्यार्थियों को अधिकारियों से सीधे संवाद का अवसर मिले, ताकि वे अपने भविष्य, करियर और प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े सवाल पूछ सकें।

संवाद कार्यक्रमों में जीवन का लक्ष्य निर्धारण एवं करियर नियोजन, प्रभावी अध्ययन पद्धति, समय प्रबंधन एवं आत्मानुशासन जैसे विषयों पर चर्चा की जा सकती है। इसके साथ ही यूपीएससी, यूपीपीएससी, यूपीएसएसएससी, एएससी, एनडीए, जेईई, नीट और सीयूईटी समेत राज्य स्तरीय पात्रता परीक्षाओं तथा उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में भी विद्यार्थियों को जानकारी और मार्गदर्शन दिया जाएगा।

कार्यक्रमों में विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, उद्यमिता और स्टार्टअप से जुड़े अवसरों की जानकारी भी दी जाएगी। इसके अलावा केंद्र एवं राज्य सरकार की युवाओं से संबंधित प्रमुख योजनाओं से उन्हें अवगत कराया जाएगा। संवाद के दायरे को व्यापक रखते हुए वित्तीय कौशल, संचार कौशल, व्यापार प्रबंधन, साइबर सुरक्षा, नशामुक्ति एवं तनाव प्रबंधन तथा आत्मविश्वास विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों को भी इसमें शामिल किया है।

निर्देशों के अनुसार जिलाधिकारी प्रत्येक माह इन कार्यक्रमों का कैलेंडर तैयार करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि जिले में तैनात सभी युवा अधिकारी मनोयोग से इस पहल में भाग लें। प्रत्येक जिले को आयोजित कार्यक्रमों का संक्षिप्त विवरण तैयार कर प्रत्येक माह की 05 तारीख तक शासन के माध्यमिक शिक्षा विभाग को उपलब्ध कराना होगा। रिपोर्ट में विद्यालय भ्रमण की संख्या, विद्यालय का नाम, कार्यक्रम में शामिल अधिकारी, संवाद के प्रमुख विषय और विद्यार्थियों से प्राप्त सुझावों को शामिल किया जाएगा।

जिलाधिकारियों को कार्यक्रमों की गुणवत्ता की व्यक्तिगत रूप से समीक्षा करने तथा अपने स्तर से नवाचार करने के लिए भी स्वतंत्र किया गया है। युवाओं को समय-समय पर उचित मार्गदर्शन और सकारात्मक परामर्श उपलब्ध कराकर उन्हें विकास के पथ पर आगे बढ़ाया जा सकता है। वरिष्ठ अधिकारियों के साथ प्रत्यक्ष संवाद से विद्यार्थियों को प्रशासनिक सेवाओं और विभिन्न करियर विकल्पों की व्यावहारिक जानकारी मिलने के साथ ही उनके भीतर आत्मविश्वास और सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित होगा।

भाजपा मुख्यालय के प्रभारी बने गोविन्द नारायण शुक्ला

विशेष संवाददाता (vol)

- **भाजपा ने की प्रदेश के क्षेत्र और मोर्चा प्रभारियों की घोषणा, प्रदेश मंत्री यतेन्द्र शर्मा मीडिया प्रभारी नियुक्त**

लखनऊ। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय राज्य वित्त मंत्री पंकज चौधरी ने प्रदेश कार्यकारिणी गठन के बाद शनिवार को प्रदेश के क्षेत्र और मोर्चा प्रभारियों की घोषणा कर दी है। इसके साथ ही पार्टी मुख्यालय प्रभारी गोविन्द नारायण शुक्ला को बनाया गया है जबकि प्रदेश मंत्री यतेन्द्र शर्मा को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। अन्य पदाधिकारियों को विभिन्न कार्यों के संयोजक और सह संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

अगामी 2027 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए नवगठित पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को दायित्व सौंपा है। इसमें क्षेत्र प्रभारी के तौर पर प्रदेश महामंत्री राम प्रताप सिंह चौहान को पश्चिम, प्रदेश महामंत्री गीता शाक्य को ब्रज, प्रदेश महामंत्री शंकर लोधी को कानपुर, प्रदेश महामंत्री दिलीप पटेल को अवध, प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश सिंह को काशी और प्रदेश महामंत्री अभिजात मिश्रा को गोरखपुर का नियुक्त किया है।

इसी प्रकार से मोर्चा प्रभारी के भी दायित्व को सौंपा गया है। इसमें प्रदेश महामंत्री राजेश चौधरी को युवा मोर्चा, प्रदेश महामंत्री संजय राय को पिछड़ा मोर्चा, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेन्द्र सिंह को अनुसूचित मोर्चा, प्रदेश उपाध्यक्ष कामेश्वर सिंह को महिला मोर्चा, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रियंका रावत को अनुसूचित जनजाति मोर्चा, प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कोरी को अल्पसंख्यक मोर्चा और प्रदेश उपाध्यक्ष शंकर गिरि को किसान मोर्चा का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

इसके अलावा पूर्व प्रदेश महामंत्री व एमएलसी गोविन्द नारायण शुक्ला को मुख्यालय प्रभारी बनाया गया है। जबकि प्रदेश मंत्री यतेन्द्र शर्मा को मीडिया प्रभारी, प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रज बहादुर को विस्तारक योजना संयोजक, प्रदेश उपाध्यक्ष अर्चना मिश्रा को मन की बात का संयोजक और प्रदेश मंत्री राहुल वाल्मीकि को मन की बात का सह संयोजक नियुक्त किया गया है।

ई-20 ईंधन के खिलाफ सपा का प्रदर्शन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राजधानी में समाजवादी पार्टी के युवा संगठनों के कार्यकर्ताओं ने पेट्रोल में मिलावट तथा ई-20 ईंधन के विरोध में हजरतगंज चौराहे पर जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आम जनता को हो रही परेशानियों और बढ़ते आर्थिक बोझ पर अपना आक्रोश व्यक्त किया।

इस दौरान पुलिस ने प्रदर्शनकारियों के साथ जोर-जबरदस्ती की और उन्हें बसों में भर कर इकोगार्डेन लखनऊ ले गये। प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि पेट्रोल की गुणवत्ता और ई-20 ईंधन को लेकर आम उपभोक्ताओं के बीच अनेक सवाल और चिंताएं हैं। सरकार को जनता की समस्याओं और वाहन चालकों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए स्पष्ट एवं पारदर्शी नीति बनानी चाहिए। प्रदर्शन में समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राज साहनी और समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष इंजीनियर अभिषेक यादव, राम प्रकाश मौर्य, आनंद यादव, दीपक छतवारा, दीपू, महेश यादव, मुकेश कुमार गौतम, अनुराग चौधरी, प्रवेश यादव, दारा सिंह, बंशीधर सोनू, आशुतोष तिवारी, प्रवेश कुमार, धर्मेंद्र गोलू, संदीप यादव मलू, गणेश, हर्षित मिश्रा, शिवशंकर लोधी, नागेंद्र लोधी, प्रो अनिल यादव, विजय कुमार गौतम, चंद्रमा पाल, दीपक मौर्या तथा अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



- **पुलिस प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर ले गयी इकोगार्डेन**

आजीविका मिशन से प्रशिक्षण लेकर श्वेता बनीं गांव की पशु सखी

- **300 से अधिक बकरियों को पहुंचाई स्वास्थ्य सेवाएं, सालभर में 30 हजार रुपये की आय से परिवार को मिला आर्थिक सहारा**

लखनऊ। कभी घर और खेत की जिम्मेदारियों तक सीमित रहने वाली अकबरपुर ब्लॉक की 32 वर्षीय श्वेता आज गांव के पशुपालकों के लिए भरोसे का नाम बन चुकी हैं। योगी सरकार के आजीविका मिशन से जुड़कर प्रशिक्षण लेने के बाद श्वेता ने ह्यपशु सखीह्ण के रूप में काम शुरू किया और करीब एक वर्ष में 120 परिवारों की 300 से अधिक बकरियों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाईं।

श्वेता को ग्राम पंचायत की समूह सखी के माध्यम से पशु सखी कार्यक्रम की जानकारी मिली। चयन के बाद आजीविका मिशन की ओर से उन्हें तीन दिन का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के बाद उन्होंने बकरी पालने वाले परिवारों से संपर्क कर उन्हें पशुओं की देखभाल, बीमारियों से बचाव और समय पर टीकाकरण के प्रति जागरूक करना शुरू किया।

हालिया कृमिनाशन अभियान के दौरान श्वेता ने करीब 350 से 360 बकरियों तक दवा पहुंचाई। लगातार गांवों में जाकर पशुपालकों से संपर्क करने के कारण अब लोग बकरियों की बीमारी और देखभाल से जुड़ी जरूरतों के लिए उनसे सलाह लेते हैं। पशु सखी के रूप में काम करते हुए श्वेता ने करीब एक वर्ष में लगभग 30 हजार रुपये की आय अर्जित की। इस राशि का उपयोग उन्होंने बच्चों की पढ़ाई, घरेलू जरूरतों और दवाओं की व्यवस्था में किया। उनके लिए यह कमाई आर्थिक सहयोग के साथ-साथ आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता का माध्यम भी बनी। शुरूआत में गांव-गांव पहुंचना और कई जगह पैदल जाना उनके लिए चुनौतीपूर्ण रहा, लेकिन धीरे-धीरे पशुपालकों का भरोसा बढ़ता गया। आज श्वेता की पहचान केवल परिवार की बहू के रूप में नहीं, बल्कि पशुपालकों की मदद करने वाली महिला के तौर पर भी बनी है। श्वेता का कहना है कि अब गांव के लोग उनकी बात सुनते हैं और सम्मान के साथ बुलाते हैं। वह आगे अपनी आय बढ़ाकर बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाना चाहती हैं। आजीविका मिशन से मिले प्रशिक्षण ने श्वेता को घर की चौखट से बाहर निकलकर सेवा, सम्मान और आत्मनिर्भरता की नई पहचान दी है।

शहीद की जन्मभूमि का 70 साल का दर्द मिटा

शहीद के गांव की समस्या पर मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान

विशेष संवाददाता (vol)

- **खन्नौत पर पुल ने बदली नवादा की तस्वीर, काकोरी ट्रेन एक्शन डे स्पेशल**

शाहजहांपुर। देश की आजादी के लिए अपना जीवन न्योछावर करने वाले अमर शहीद ठाकुर रोशन सिंह की जन्मभूमि नवादा ने आजादी के बाद भी दशकों तक विकास से कटे रहने का दर्द झेला। खन्नौत नदी पर पक्का पुल नहीं होने के कारण बारिश और बाढ़ के दिनों में गांव का संपर्क कई महीनों तक प्रभावित रहता था। मरीजों, विद्यार्थियों, किसानों और ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ती थी। करीब तीन पीढ़ियों तक चली इस समस्या का समाधान उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार बनने के बाद हुआ। खन्नौत नदी पर पक्का पुल बनने से नवादा और आसपास के गांवों का आवागमन सुगम हुआ। पुल निर्माण को ग्रामीण शहीद ठाकुर रोशन सिंह की जन्मभूमि को मिला सम्मान भी मानते हैं। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर खन्नौत नदी पर स्थायी पुल निर्माण की मांग रखी थी। इसके बाद 25 फरवरी 2018 को शाहजहांपुर में विकास परियोजनाओं के साथ खन्नौत नदी पर पक्के पुल और सड़क समेत अन्य परियोजनाओं को मंजूरी दी गई।

पुल निर्माण के बाद 30 दिसंबर 2018 को मुख्यमंत्री स्वयं शहीद ठाकुर रोशन सिंह के पैतृक गांव नवादा पहुंचे। उन्होंने शहीद की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। ग्रामीणों के लिए यह क्षण भावुक कर देने वाला था। 1922 में बरेली में हुए प्रदर्शन के दौरान अंग्रेज पुलिस के लाठीचार्ज के बीच रोशन सिंह ने आगे बढ़कर एक अंग्रेज अधिकारी की बंदूक छीन ली थी। इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर दो वर्ष की कठोर सजा दी गई। जेल से बाहर आने के बाद उनका जुड़ाव क्रांतिकारी गतिविधियों से और मजबूत हो गया। 1925 के काकोरी कांड के बाद ब्रिटिश सरकार ने क्रांतिकारी संगठन से जुड़े रोशन सिंह को भी गिरफ्तार कर मुकदमे में शामिल किया। काकोरी ट्रेन कार्रवाई में प्रत्यक्ष रूप से मौजूद न होने के बावजूद उन्हें संगठन से जुड़े मामले में दोषी ठहराया गया। उन्हें पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां और राजेंद्र नाथ लाहिड़ी के साथ फांसी की सजा सुनाई गई। 19 दिसंबर 1927 को प्रयागराज की नैनी जेल में ठाकुर रोशन सिंह ने देश की आजादी के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। पक्का पुल बनने के बाद नवादा और आसपास के गांवों के लोगों के लिए आवागमन आसान हुआ। अब बारिश के दौरान संपर्क टूटने की समस्या काफी हद तक खत्म हुई है। विद्यार्थियों के लिए स्कूल-कॉलेज पहुंचना, किसानों के लिए उपज बाजार तक ले जाना और मरीजों को अस्पताल पहुंचाना आसान हुआ है।

क्षेत्र में डिग्री कॉलेज और शहीद ठाकुर रोशन सिंह के पैतृक घर को स्मारक के रूप में विकसित किए जाने से नई पीढ़ी को उनके जीवन और बलिदान से परिचित होने का अवसर भी मिल रहा है।

केशव मौर्य ने दिवंगत डीजीपी के पिता को दी श्रद्धांजलि

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को उत्तर प्रदेश पुलिस के महानिदेशक राजीव कृष्ण के आवास पर पहुंचकर उनके पिताजी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने दिवंगत पुण्यात्मा के स्मृति चित्र पर पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी



तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शोक संतप्त परिजनों से भेंट कर अपनी गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि माता-पिता का साया जीवन में सदैव संबल और प्रेरणा प्रदान करता है। उनका निधन परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। इस कठिन एवं दुःख की घड़ी में वे शोकाकुल परिवार के साथ हैं। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति एवं संबल प्रदान करें।

छोटे बच्चों वाली स्कूल बस में सहायक अनिवार्य

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

- **स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर योगी सरकार सख्त, परिवहन विभाग करेगा नियमित जांच**
- **परिवहन विभाग ने सभी विद्यालयों के प्रबंधकों को जारी किया निर्देश**

लखनऊ। स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर प्रदेश सरकार ने सख्ती बढ़ा दी है। मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद परिवहन विभाग ने प्रदेश के सभी विद्यालयों के प्रबंधकों को पत्र जारी कर स्कूली वाहनों की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के निर्देश दिए हैं। अब 12 वर्ष या उससे कम आयु के बच्चों को ले जाने वाले स्कूल वाहनों में परिचारक या परिचारिका रखना अनिवार्य होगा। परिचारक की जिम्मेदारी बच्चों को सुरक्षित तरीके से वाहन में चढ़ाने और उतारने की होगी। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि बच्चों की सुरक्षा में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विद्यालय प्रबंधन को स्कूली वाहनों के संचालन में सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित करना होगा। विभाग की ओर से स्कूल वाहनों की नियमित जांच भी की जाएगी। मानकों की अनदेखी मिलने पर संबंधित विद्यालय और वाहन संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। चालकों का चरित्र सत्यापन और स्वास्थ्य परीक्षण जरूरी निदेर्शों में कहा गया है कि विद्यालयों में संचालित वाहनों के चालकों का चरित्र सत्यापन और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण अनिवार्य रूप से कराया जाए। इसके साथ ही स्कूल प्रबंधन वाहन के फिटनेस प्रमाणपत्र, परमिट, बीमा और अन्य जरूरी दस्तावेजों की वैधता भी समय-समय पर जांचे। किसी भी स्थिति में अनफिट वाहन से बच्चों को स्कूल लाने-ले जाने की अनुमति नहीं दी जाए।

हर महीने होगी सुरक्षा उपकरणों की जांच : स्कूल के ट्रांसपोर्ट इंचार्ज को वाहनों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए जिम्मेदार बनाया जाएगा। उन्हें प्रत्येक माह प्राथमिक चिकित्सा किट, फायर एक्सटिंग्विशर, इमरजेंसी अलार्म और अन्य सुरक्षा उपकरणों की जांच कर उन्हें दुरुस्त रखने की जिम्मेदारी दी गई है। विभाग का मानना है कि आपात स्थिति में यही उपकरण बच्चों की सुरक्षा में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

विभाग की टीम करेगी औचक जांच : परिवहन विभाग की टीमें स्कूल वाहनों की नियमित और जरूरत पड़ने पर औचक जांच भी करेंगी। जांच के दौरान वाहन की फिटनेस, दस्तावेज, सुरक्षा उपकरण और चालक से संबंधित मानकों की पड़ताल की जाएगी। नियमों का उल्लंघन मिलने पर संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। सरकार ने विद्यालय प्रबंधन से बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने और सभी निदेर्शों का गंभीरता से पालन करने को कहा है।

पात्र लोगों तक पहुंचे योजनाओं का लाभ

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक के नवनिर्वाचित सभापति डॉ. विवेक सिंह तोमर ने शनिवार को उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड की शाखा सदर, लखनऊ का भ्रमण किया। इस अवसर पर बैंक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सभापति का स्वागत और अभिनंदन किया। सभापति डॉ. विवेक सिंह तोमर ने शाखा के कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रधान कार्यालय द्वारा निर्धारित ऋण वितरण एवं वसूली के लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से टीम भावना के साथ कार्य करने तथा अधिक से अधिक पात्र किसानों एवं लाभार्थियों तक बैंक की ऋण योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए विशेष कैंप आयोजित कर ऋण वितरण करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बैंक की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से पहुंचाना प्राथमिकता होनी चाहिए। साथ ही ऋण वितरण के साथ ऋणों की नियमित वसूली पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

योगी सरकार की पहल 'प्रोजेक्ट प्रवीण' बनी सफलता की मिसाल

एआई मूल्यांकन परीक्षा में 50 हजार छात्रों का शानदार प्रदर्शन, 25% से अधिक टॉप श्रेणी में

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। योगी सरकार द्वारा प्रदेश के युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी भविष्य की तकनीक से जोड़ने की दिशा में शुरू की गई पहल 'प्रोजेक्ट प्रवीण' के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं।

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा माध्यमिक और एडेड स्कूलों में संचालित 4 घंटे के 'एआई फॉर ऑल' कोर्स की राज्य स्तरीय मूल्यांकन परीक्षा में लगभग 50 हजार छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और औसतन 70.41/100 का शानदार स्कोर हासिल किया है। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश कौशल विकास के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बन रहा है। 'प्रोजेक्ट प्रवीण' के तहत एआई कोर्स का उद्देश्य गांव और शहर के बीच डिजिटल अंतर को खत्म कर हर छात्र को भविष्य की तकनीक से लैस करना है। लगभग 50 हजार छात्रों की भागीदारी और उनका शानदार प्रदर्शन हमारे युवाओं की अपार क्षमता को दर्शाता है। यह योगी सरकार के 'स्किल्ड यूपी-समर्थ यूपी' के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। हमारी सरकार मेधावी छात्रों को एडवांस टेक्नोलॉजी में आगे बढ़ने के अवसर देगी और कमजोर छात्रों को भी विशेष प्रशिक्षण देकर मुख्यधारा में लाएगी।

मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि परीक्षा का आयोजन पूर्णतः पारदर्शी और कुशल तरीके से 5 दिनों के रिकॉर्ड समय में पूरा किया गया। 8 जुलाई को गोपनीयता के साथ प्रश्न-पत्र जिलों को भेजे गए, 9 जुलाई को मुख्य परीक्षा, 10 जुलाई को अनुपस्थित छात्रों के लिए विशेष परीक्षा आयोजित हुई और 13 जुलाई तक 73 जिलों में मूल्यांकन कर परिणाम मिशन मुख्यालय को भेजे गए।

परिणाम 8 अगस्त को सत्यापित किए गए। परीक्षा में 89% से अधिक छात्र सफल रहे, जिन्हें तीन श्रेणियों में बांटा गया है। उत्कृष्ट श्रेणी (80% से अधिक अंक): 12,500 से अधिक परीक्षार्थी 80 से ज्यादा अंक लाकर 'टॉप' श्रेणी में रहे। सक्षम श्रेणी (50 से 80 अंक): सबसे बड़ा वर्ग, 28,000 से अधिक छात्रों ने इस श्रेणी में अंक हासिल किए। विशेष ध्यान योग्य श्रेणी (50 से कम अंक): केवल 4,819 छात्र इस वर्ग में रहे, जिनके लिए विशेष सुधारात्मक कक्षाएं चलाई जाएंगी।

क्षेत्रवार प्रदर्शन में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 18,395 छात्रों ने 74.3 के औसत स्कोर के साथ बाजी मारी, जिसमें 37.8% छात्र उत्कृष्ट श्रेणी में रहे। बुंदेलखंड ने गुणवत्ता और निरंतरता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, यहां का औसत स्कोर 74.2 रहा और 50 से कम अंक पाने वाले छात्रों का प्रतिशत पूरे राज्य में सबसे कम मात्र 4.9% रहा। मध्य यूपी का औसत 69.7 और पूर्वांचल के 21 जिलों के 14,387 छात्रों का औसत 64.7 रहा। मिशन निदेशक ने बताया कि 50 से कम अंक पाने वाले छात्रों, खासतौर पर पूर्वांचल के लिए रिमीडियल एआई मॉडल्स चलाए जाएंगे। वहीं 80% से अधिक अंक लाने वाले 12,500 से अधिक मेधावी छात्रों को एडवांस्ड एआई, एडवांस्ड कोडिंग और रोबोटिक्स में विशेष मार्गदर्शन दिया जाएगा।

भाजपा सरकार में बजट की लूट चल रही : अखिलेश

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को बयान जारी कर कहा है कि भाजपा सरकार में बजट की लूट चल रही है। हर विभाग में घपले, घोटाले और भ्रष्टाचार है। झूठ, लूट और बेईमानी इस सरकार की पहचान बन चुके है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में एक्सप्रेस-वे और अन्य निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड टूट गये है। हाल ही में बना लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे इसका उदाहरण है। भाजपा सरकार में बनी अन्य सड़कों का भी यही हाल है। सड़कों के निर्माण में भारी भ्रष्टाचार हुआ। मानकों की अनदेखी की गयी। सबसे महंगा एक्सप्रेस-वे दर्जनों जगह धंस गया। भाजपा बेहद जानलेवा पार्टी है। जल जीवन मिशन योजना इस सरकार के लूट की मिशन बन गयी है। जल जीवन मिशन के तहत अब तक प्रदेश में दर्जनों पानी की टंकिया टूट कर गिर गयी है या फिर पानी भरते ही क्षतिग्रस्त हो गई हैं। पानी की टंकिया भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार के भार को सह नहीं पा रही हैं। भाजपा सरकार में हुए कामों को देख कर लगता है कि भाजपाईयों की कमीशनखोरी का रिकार्ड सदियों तक कोई नहीं तोड़ पाएगा। भाजपा सरकार ने प्रदेश की जनता को विकास के नाम पर सिर्फ धोखा दिया है।

संक्षेप

दो पर मारपीट और धमकी का केस दर्ज

प्रतापगढ़। रंजिश में मारपीट गालीगलौज व धमकी की घटना को लेकर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के बिसही गांव निवासी राकेश सरोज पुत्र रामलौटन ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती छः अगस्त की शाम रंजिश को लेकर गांव के जितेन्द्र व अभिषेक पुत्रगण गोविन्द सरोज गालीगलौज करने लगे। आरोप है कि पीड़ित के मना करने पर आरोपियों ने उसे मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। जांच के बाद लीलापुर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

वांछित गिरफ्तार

प्रतापगढ़। उदयपुर थाने के उप निरीक्षक संजय यादव पुलिस बल के साथ शनिवार को गश्त पर निकले थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर वांछित प्रभाकर उर्फ मोनू पुत्र हर्ष नारायण शुक्ल को पूरे नंदू तिवारी का पुरवा के पास से धर दबोचा। उप निरीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार किये गये वांछित को जेल भेज दिया गया है।

आवारा पशुओं के हमले में मां-बेटे की मौत

भदोही। जिले में आवारा पशुओं के हमले में मां और बेटे की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, गोपीगंज थाना क्षेत्र के पर्वतपुर गांव में शुक्रवार को किराना की दुकान से खाद्य सामग्री लेकर लौट रही विनीता सिंह (55) और उनके बेटे प्रांशु सिंह (25) मोटरसाइकिल पर बैठने जा रहे थे कि तभी सड़क पर मौजूद आवारा पशुओं के झुंड ने उन पर हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि एक सांड ने दोनों को सींग से उठाकर पटक दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और डंडे मारकर पशुओं के झुंड को वहां से भगाया।

राहुल को फिरोज गांधी की कब्र पर फूल चढ़ाने जरूर जाना चाहिए

प्रयागराज। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के प्रयागराज दौरे पर निशाना साधते हुए कहा कि यदि राहुल गांधी प्रयागराज आ रहे हैं तो उन्हें अपने दादा फिरोज गांधी की कब्र पर भी फूल चढ़ाने जाना चाहिए और यदि वह जनेऊधारी हैं तो संगम में स्नान भी करना चाहिए। श्री मौर्य ने कहा कि देश के पहले प्रधानमंत्री पं.जवाहरलाल नेहरू प्रयागराज से चुनकर संसद गए थे, लेकिन उनके कार्यकाल में प्रयागराज का विकास नहीं हुआ। उन्होंने दावा किया भाजपा की डबल इंजन सरकार में प्रयागराज का विकास हो रहा है।

खड़े ट्रक से टकरायी कार, दो की मौत

औरैया। जिले के कुदरकोट क्षेत्र में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर शनिवार सुबह एक तेज रफ्तार कार के खड़े ट्रक में टकराने से उसमें सवार दो लोगों की मौत हो गयी जबकि तीन अन्य घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही डायल 112, यूपीडा अधिकारी और पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर राहत-बचाव कार्य शुरू किया और सभी घायलों को सैफई मेडिकल कॉलेज भिजवाया।

दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

मऊ। जिले के थाना रानीपुर क्षेत्र में पुलिस ने सगी बहनो के साथ दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर रेलवे क्रॉसिंग खुरहट से भीमार्जुन उर्फ गोलू यादव को गिरफ्तार कर लिया गया।

सीएचसी मल्हीपुर में स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा



- डीएम ने दिये जरूरी निर्देश

श्रावस्ती। सीएचसी मल्हीपुर में शुक्रवार शाम जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद भी मौजूद रहे। बैठक आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत आयोजित की गई। सीएचसी अधीक्षक डॉ. रवींद्र सोनकर ने स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उदयनाथ ने जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी को योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

बैठक में ई-कवच, आरसीएच, मंतरा और एचएमआईएस पोर्टल पर होने वाली ऑनलाइन फीडिंग की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि गर्भवती महिलाओं की चारों जरूरी एएनसी जांचों की जानकारी पोर्टल पर 100 प्रतिशत और समय से दर्ज की जाए। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन डेटा फीडिंग में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं (एचआरपी) की समय से पहचान करने और उनकी लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसी महिलाओं की चारों एएनसी जांच समय पर कराई जाए और उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। महिलाओं में एनीमिया की समस्या को कम करने के लिए आयरन-फोलिक एसिड की गोलियां और आयरन सुक्रोज नियमित रूप से उपलब्ध कराने और सेवन सुनिश्चित कराने को भी कहा गया। डीएम ने अस्पताल से निकलने वाले बायो मेडिकल वेस्ट का सही तरीके से निस्तारण कराने के निर्देश दिए। इसके लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय से काम करने को कहा। बैठक में एक एएनएम ने एचआरपी और पोलियो से संबंधित भुगतान लंबित होने की शिकायत की। इस पर जिलाधिकारी ने सीएचसी अधीक्षक को एक सप्ताह के भीतर लंबित भुगतान जारी कराने के निर्देश दिए। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी अरविंद कुमार रस्तोगी, खंड विकास अधिकारी जमुनहा, एआरओ सुरेश यादव, बाल विकास परियोजना अधिकारी, बीपीएम रहमान खान, बीसीपीएम पंकज शर्मा और सुमन पटवा सहित क्षेत्र की सभी एएनएम तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

पंचायत भवनों से नदारद सचिवों पर उठे सवाल, ग्रामीणों की समस्याएं लंबित

बांसी, सिद्धार्थनगर। विकास खंड बांसी में तैनात कतिपय ग्राम पंचायत सचिवों के नियमित रूप से पंचायत भवनों में न बैठने को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि सचिवों की अनुपस्थिति के कारण जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र समेत विभिन्न जरूरी कार्यों के लिए लोगों को ब्लॉक कार्यालय और अन्य स्थानों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। ऐसे में ह्यगांव की समस्या, गांव में समाधानह्ल का दावा महज कागजों तक सीमित होता नजर आ रहा है।

ग्रामीणों के बीच यह भी चर्चा है कि कुछ पंचायतों में प्रमाण पत्र बनवाने के नाम पर कथित तौर पर निजी स्तर पर रखे गए लोगों के माध्यम से धन की मांग की जाती है। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। ग्रामीणों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है। वहीं ग्राम पंचायत सचिव अभिषेक वर्मा के चार्ज वाली ग्राम पंचायतों में मनरेगा सहित विभिन्न योजनाओं के तहत कराए गए विकास कार्यों की गुणवत्ता, स्वीकृत स्टीमेट के अनुरूप कार्य तथा सरकारी धन के उपयोग को लेकर भी ग्रामीणों द्वारा सवाल उठाए जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इन शिकायतों की तकनीकी एवं वित्तीय जांच कराए जाने पर ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। ग्रामीणों ने जिला स्तरीय अधिकारियों से पंचायतवार जांच कराकर दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई तथा पंचायत भवनों में सचिवों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराने की मांग की है। अब देखना यह है कि विभागीय अधिकारी इन शिकायतों का संज्ञान लेकर जांच कराते हैं या मामला आरोप-प्रत्यारोप तक ही सीमित रह जाता है।

किसान ने पेड़ से लटक कर दी जान

औरैया। जिले के थाना फफूंद क्षेत्र के गांव फतेहपुर लखमी में घरेलू कलह से तंग आकर एक किसान ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। शुक्रवार रात शराब के नशे में घर पहुंचे किसान का परिजनों से विवाद हो गया था, जिसके बाद उसने यह खौफनाक कदम उठाया। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि फतेहपुर लखमी गांव निवासी अरविंद कुमार परिहार (50) खेती-किसानी करके अपने परिवार का पेट पालते थे। शुक्रवार रात वह अत्यधिक शराब के नशे में घर पहुंचे थे। किसी बात को लेकर उनका परिजनों के साथ तीखा विवाद हो गया। झगड़े से क्षुब्ध होकर अरविंद देर रात ही बिना बताए घर से निकल गए और पेड़ पर लटककर अपनी जान दे दी।

विद्यार्थियों को नशा मुक्ति भारत निर्माण का दिलाया गया सामूहिक संकल्प



प्रतापगढ़। नशा मुक्ति प्रतिभा महाअभियान के तहत शनिवार को लालगंज स्थित आइन्सटीन पब्लिक स्कूल में जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संरक्षक विभवभूषण शुक्ल ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। निदेशिका श्रुति शुक्ला ने छात्र छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता प्रदान की। उन्होने कहा कि स्वस्थ एवं नशा मुक्ति समाज के निर्माण में विद्यार्थियों को प्रभावी भूमिका का निर्वहन करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को नशा मुक्ति भारत के निर्माण में योगदान का सामूहिक संकल्प भी ग्रहण कराया गया। कार्यक्रम का संयोजन प्रधानाचार्य शुभ्रान्तु सिंघा एवं संचालन उप प्रधानाचार्य आन्द्रे डिसिल्वा ने किया। इस मौके पर नीतू, कृष्णा, ओमप्रकाश, योगेन्द्र शुक्ला, डॉ0 सौरभ मिश्र, गरिमा मिश्रा, महेन्द्र पाठक, कमल, सुधा, श्वेता, उर्मिला आदि रहे।

भाषा व गणित शिक्षण की उन्नत तकनीकी गतिविधियों की दी जानकारी

छतोह, रायबरेली। ब्लाक संसाधन केंद्र छतोह में खण्ड शिक्षा अधिकारी छतोह विजय प्रकाश के कुशल नेतृत्व में प्रशिक्षण में भाषा और गणित शिक्षण की उन्नत तकनीकों, गतिविधियों और कक्षा-कक्ष क्रियान्वयन पर केंद्रित होती है। इसमें बच्चों को खेल-खेल में और सरल टीएलएम के माध्यम से पढ़ाना सिखाया जाता है।तृतीय दिवस में बच्चों में मौखिक भाषा विकास के लिए बातचीत के नए तरीकों और कविता-कहानी सुनाने के कौशल पर कार्य।ध्वनि चेतना और वर्ण/अक्षर पहचान से जुड़ी गतिविधियां।सत्र 2: गणितीय कौशल और संख्या ज्ञान बुनियादी संख्या ज्ञान के तहत मूर्त से अमूर्त की ओर शिक्षण।ठोस वस्तुओं (कंकड़, तीली आदि) का उपयोग करके जोड़-घटाव की अवधारणा स्पष्ट करना।गणित के उपयोग और स्थानिक समझ पर आधारित गतिविधियां।सत्र 3: पठन कौशल एवं शब्द निर्माण सहज और सरल शब्दों के निर्माण, शब्द परिवार और पठन की प्रभावी रणनीतियां।रोल-प्ले और समूह गतिविधियों द्वारा बच्चों के स्तर का आकलन करने के तरीके।कार्यपुस्तिका और पाठ्यपुस्तक के समन्वय पर चर्चा। सत्र 4: संशय निवारण और फीडबैक दिनभर के सत्रों पर समूह चर्चा और प्रस्तुतीकरण।शिक्षकों की शंकाओं का समाधान और अगले दिनों की कार्य-रूपरेखा की जानकारी।एफएलएन शिक्षक प्रशिक्षण के तीसरे दिन की गतिविधियों और शिक्षण प्रक्रियाओं को समझने की प्रक्रिया पर चर्चा परिचर्चा की गई इस अवसर समस्त सन्दर्भदता आकांक्षा सिंह, दर्शना सिंह, शमा बानो, लाहुरराम, वासुदेव यादव, अरुण कुमार सहित कुल 80 प्रतिभागी एवं समस्त बी आर सी स्टाफ प्रशिक्षण में उपस्थित रहे।

दो बहनें लापता, दो पर अपहरण का केस

प्रतापगढ़। दो बहनों के लापता होने से परेशान पिता ने पुलिस को तहरीर दी है। जांच के बाद पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थानान्तर्गत एक गांव के पीड़ित पिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती शुक्रवार की शाम करीब सात बजे उसकी तेरह एवं सोलह वर्षीया दो बेटियां अचानक घर के पास से लापता हो गयी। खोजबीन के दौरान भड़पुरवा मुस्तफाबाद निवासी सोहेल पुत्र इसरार तथा उसके दोस्त मंगल उर्फ भुल्लर पुत्र शोभनाथ पटेल द्वारा दोनों किशोरियों को बहला फुसलाकर कहीं भगा ले जाने की बात पता चली। घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश भी बना हुआ है। प्रभारी निरीक्षक दीप नारायण का कहना है कि मुकदमा दर्ज किया गया है, शीघ्र ही आरोपियों की गिरफ्तारी तथा गायब किशोरियों की सकुशल बरामदगी की जाएगी।

दीवार ढहने से वृद्ध की मौत, कोहराम



प्रतापगढ़। अचानक दीवार गिरने से वृद्ध की दर्दनाक मौत हो गयी। मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम छा गया। लालगंज कोतवाली के मोठिन गांव में शनिवार की सुबह करीब पांच बजे घर के बाहर छप्पर में सो रहे बुजुर्ग की दीवार के नीचे दब जाने से मौत हो गयी। गांव के नासिर अली 70 पुत्र महबूब अली छप्पर मे सो रहे थे कि अचानक दीवार गिर गयी। लोगों ने आननफानन में घायल नासिर को मलबे से बाहर निकलवाया। गांव में प्रारंभिक उपचार के बाद परिजन उसे लालगंज ट्रामा सेंटर ले जा रहे थे। असरही के समीप रास्ते मे ही नासिर की सांसे थम गयी। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया है। मृतक खेती किसानी किया करता था। मृतक के बच्चों शब्बीर, शकील व अफसर तथा बेटी सारजहां का निकाह हो चुका है। घटना की जानकारी मिलने पर एसडीएम वाचस्पति सिंह भी मौके पर पहुंचे। उन्होने क्षेत्रीय लेखपाल राजू सरोज को आख्या दिये जाने के निर्देश दिये।

इंडियन मेडिकल एसो. रायबरेली के तत्वावधान में आयोजित हुआ शिविर

रायबरेली। 1857 क्रांति के अमर नायक राना बेनीमाधव बख्श सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में, उनकी कर्मस्थली शंकरपुर, जगतपुर के प्रसिद्ध दुर्गा मंदिर प्रांगण में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सम्पन्न हुआ। यह शिविर प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक चला। यह शिविर राना बेनी माधव बख्श सिंह स्मारक समिति रायबरेली, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन रायबरेली के सहयोग से आयोजित किया गया। स्वास्थ्य शिविर में 1500 से अधिक लोगों ने चिकित्सीय परामर्श का लाभ लिया।

स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन समिति के अध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। इस शिविर में फिजीशियन डा० मनीष चौहान, डा० ब्रजेश सिंह, डा० डीआर मौर्य, दन्त चिकित्सक डा० अविनाश द्विवेदी, डा० हरजीत मोंगा, नेत्र रोग विशेषज्ञ डा कंचन मिश्रा, डॉ निखिल सिंह, बाल रोग विशेषज्ञ डा० केएस सिंह, डा० सुनीत रस्तोगी, हड्डी रोग विशेषज्ञ डा० संजीव जायसवाल, डा० एस एम सिंह, डा सीबी सिंह, डा अनिल कुमार, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा० ओमिका चौहान, डा० गीता कुमार, डा पूजा त्रिवेदी, डा० गीता शर्मा के के द्वारा परामर्श प्रदान किया गया। षिविर में मरीजों को दवाएं भी वितरित की गयीं। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य राघवेंद्र प्रताप सिंह के प्रयास से सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट की ओर से 315 मरीजों को निशुल्क चश्मा का वितरण किया गया।साथ ही करीब 835 मरीजों के आँख की जांच की गई। इस अवसर पर मदन सिंह, रवीन्द्र सिंह, राकेश भदौरिया, पूर्व डायट महेन्द्र अग्रवाल, विनय द्विवेदी, प्रमेन्द्रपाल सिंह गुलाटी, महेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, अजीत सिंह, बुधेन्द्र सिंह, राजू राठौर, डा रवि प्रताप सिंह, अभिषेक विक्रम सिंह, राजन सिंह, जिला पंचायत सदस्य राघवेन्द्र प्रताप सिंह, राजू सिंह, सुधीर सिंह, धीरेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना ने किया।

खाद की 22 दुकानों पर छापेमारी



श्रावस्ती। किसानों को गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराने और खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग के निर्देश पर जिले में उर्वरक दुकानों की सघन जांच की गई। इसके लिए तीनों तहसीलों में अलग-अलग जांच टीमें गठित की गई थीं।

जिला कृषि अधिकारी उमेश कुमार गुप्ता ने बताया कि अभियान के दौरान जिले की तीनों तहसीलों में कुल 22 उर्वरक प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर जांच की गई। इस दौरान संदेह के आधार पर 09 उर्वरक के नमूने लिए गए। अनियमितता मिलने पर दो दुकानदारों के उर्वरक लाइसेंस निलंबित किए गए, जबकि एक दुकानदार को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

जमुनहा तहसील में 12 दुकानों की जांच

जिला कृषि अधिकारी और उपजिलाधिकारी जमुनहा की संयुक्त टीम ने 12 उर्वरक प्रतिष्ठानों की जांच की और चार नमूने लिए। पाण्डेय किसान सेवा केन्द्र और श्रावस्ती किसान सेवा केन्द्र के स्टॉक रजिस्टर तथा वितरण रजिस्टर में अंतर पाए जाने पर दोनों के उर्वरक प्राधिकार पत्र निलंबित कर दिए गए। वहीं, वर्मा किसान सेवा केन्द्र, पटना मल्हीपुर-जमुनहा का स्टॉक और वितरण रजिस्टर अपडेट नहीं मिला। इस पर दुकानदार को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

भिनगा में छह दुकानों की जांच

उपजिलाधिकारी भिनगा और उप कृषि निदेशक की संयुक्त टीम ने छह उर्वरक प्रतिष्ठानों की जांच की। इस दौरान तीन उर्वरक नमूने लिए गए।

इकौना में चार दुकानों पर छापा

उपजिलाधिकारी इकौना और जिला कृषि रक्षा अधिकारी की संयुक्त टीम ने चार उर्वरक दुकानों की जांच की और दो नमूने लिए।

जांच के दौरान सभी उर्वरक विक्रेताओं को निर्देश दिए गए कि वे अपना स्टॉक, रेट बोर्ड, स्टॉक रजिस्टर और वितरण रजिस्टर हमेशा अपडेट रखें। किसानों को फार्मर आईडी के माध्यम से ही उर्वरक का वितरण किया जाए।

अधिकारियों ने यह भी निर्देश दिया कि शासन के नियमों के अनुसार प्रति हेक्टेयर अधिकतम 07 बोरी यूरिया और 05 बोरी डीएपी का वितरण किया जाए। सभी अभिलेख सही और अपडेट रखे जाएं।

डीएम व एसपी ने थाना समाधान दिवस में सुनीं शिकायतें



प्रतापगढ़। स्थानीय लालगंज कोतवाली में हुए थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से समस्याओं की सुनवाई की। वही अधिवक्ताओं ने समाधान दिवस में पहुंचे डीएम को तहसील से जुड़ी समस्याओं को लेकर ज्ञापन भी सौंपा। समाधान दिवस में जमीनी विवाद की समस्याओ को लेकर डीएम अभिषेक पाण्डेय का तेवर तल्ख दिखा। वहीं एसपी दीपक भूकर ने भी समाधान को लेकर मातहतों के पेंच कसे। जिलाधिकारी ने राजस्व निरीक्षको व लेखपालों को बारी बारी से तलब कर उनके क्षेत्र में आबादी तथा सार्वजनिक रास्ते आदि से जुड़े विवादों का ब्यौरा भी लेना शुरू किया। इससे राजस्व निरीक्षको व लेखपालों की घिघ्घी बंध गयी। डीएम ने लेखपालों को दो दिन का अभियान चलाकर जर्जर मकानों को भी चिन्हित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होने स्पष्ट लहजे में कहा कि जिन मामलों में अदालत का स्थगन निर्माण को लेकर न हो उनके निर्माण में अवरोध का समाधान कराया जाना चाहिए। जिलाधिकारी ने धारा चौबीस के मामलों मे अग्रसारण को लेकर तहसीलो मे नायब तहसीलदार की प्रारंभिक आख्या अमान्य किये जाने की भी बात कही। उन्होने जारी आदेश में सभी तहसीलो मे प्रारंभिक आख्या के अग्रसारण के लिए तहसीलदार की ही आख्या के निर्देश दिये। एसपी दीपक भूकर ने जमीन सम्बन्धी विवादों में मातहतो को राजस्व टीम के साथ मौजूद रहकर शान्ति व्यवस्था कड़ाई से सुनिश्चित किये जाने पर जोर दिया। समाधान दिवस में नौ शिकायतों की डीएम व एसपी ने सुनवाई की। इन सभी शिकायतों के समाधान के लिए राजस्व एवं पुलिस टीम को मौके पर पहुंचने के निर्देश दिये गये। समाधान दिवस के बाद अधिवक्ताओ ने पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल की अगुवाई में डीएम से मिलकर ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में तहसील में जल निगम की टंकी तथा आरओ के क्रियाशील न होने की शिकायत दर्ज करायी गयी है। वही तहसील परिसर में जलभराव की समस्या के भी स्थायी समाधान की मांग उठाई गयी है। डीएम ने समस्याओं के समयबद्ध निस्तारण का वकीलों को भरोसा दिलाया। इस मौके पर अधिवक्ता देवी प्रसाद मिश्र, बीडी पटेल, संतोष पाण्डेय, अरूण तिवारी, हरिश्चंद्र पाण्डेय, प्रवीण शुक्ला, सुमित त्रिपाठी आदि रहे।

बिजली के खंभे में उतरा करंट, कुत्ते की मौत

बांसी, सिद्धार्थनगर। बारिश के दौरान बांसी तहसील क्षेत्र में ईटन स्कूल के निकट एक विद्युत खंभे में करंट उतरने से कुत्ते की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के कुछ ही देर बाद स्कूल की छुट्टी होने वाली थी, जिससे बड़ा हादसा होने की आशंका थी। मुहल्ला निवासी हेमंत दुबे पुत्र शिखरचंद दुबे की नजर जब करंट से तड़प रहे कुत्ते पर पड़ी तो उन्होंने तत्काल विद्युत विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंचे जेई और विद्युत कर्मियों ने बिजली आपूर्ति बंद कर खंभे की जांच की, जिसके बाद स्थिति सामान्य हुई। हेमंत दुबे ने जनहित में बरसात के दौरान उक्त मुहल्ले के विद्युत खंभों की विधिवत जांच कराने की मांग की है, ताकि करंट उतरने से भविष्य में किसी बड़े हादसे को रोका जा सके। स्थानीय लोगों ने भी विद्युत विभाग की लापरवाही पर चिंता जताते हुए नियमित जांच की मांग की है। विद्युत लाइनमैन ने जल्द जांच कर आवश्यक सुधार किए जाने की बात कही।

समाधान दिवस में सभी थानों में सुनीं गयीं फरियादियों की समस्याएं

श्रावस्ती। जनपद के सभी थानों में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारियों ने थानों पर पहुंचे फरियादियों की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने शिकायतों का समय से और गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करने के निर्देश संबंधित कर्मचारियों को दिए। थाना गिलौला में अपर पुलिस अधीक्षक चंद्रकेश सिंह और उप जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। वहीं थाना सिरसिया में क्षेत्राधिकारी भिनगा भरत पासवान एवं नायब तहसीलदार, थाना इकौना में एसडीएम इकौना और क्षेत्राधिकारी इकौना आलोक कुमार सिंह तथा थाना नवीन मॉडर्न श्रावस्ती में क्षेत्राधिकारी इकौना ने समाधान दिवस में पहुंचकर शिकायतों की सुनवाई की। अधिकारियों ने कहा सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मौके की जांच कर नियमानुसार जल्द समाधान किया जाए। जनपद के अन्य थानों पर भी पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके निस्तारण के लिए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में कुल 46 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें सभी शिकायतें राजस्व संबंधी थीं। थाना कोतवाली भिनगा में 10, हरदत्त नगर गिरंट में 7, सिरसिया में 7, नवीन मॉडर्न श्रावस्ती में 6, इकौना में 5, गिलौला में 4, मल्हीपुर में 4 और सोनवा थाने में 3 शिकायतें प्राप्त हुईं। सभी प्राप्त शिकायतों का अधिकारियों ने संज्ञान लेते हुए पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों को आवश्यक कार्रवाई कर समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।

कृषि विवि में दीक्षांत समारोह की तैयारियां तेज



मिल्कीपुर-अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के 28वें दीक्षांत समारोह को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। आगामी 10 अगस्त को एग्री बिजनेस मैनेजमेंट सभागार में आयोजित होने वाले समारोह में प्रदेश की कुलाधिपति एवं राज्यपाल आनंदी बेन पटेल मेधावी छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक प्रदान करेंगी। समारोह को लेकर विश्वविद्यालय परिसर में तैयारियां तेजी से चल रही हैं। स्वर्ण पदक एवं उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को कैप, प्रवेश पहचान पत्र सहित अन्य आवश्यक सामग्री का वितरण शुरू कर दिया गया है। रविवार को शाम चार बजे से दीक्षांत समारोह का पूर्वाभ्यास कराया जाएगा। इसमें छात्र-छात्राओं को शोभायात्रा, डिग्री एवं उपाधि वितरण, मंच संचालन, राष्ट्रगान एवं कुलगीत सहित समारोह की विभिन्न प्रक्रियाओं का अभ्यास कराया जाएगा, ताकि मुख्य समारोह के दौरान सभी व्यवस्थाएं निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार सुचारु रूप से संपन्न हो सकें। कुलपति डॉ. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह लगातार अधिकारियों के साथ बैठक कर दीक्षांत समारोह की तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने समारोह में आने वाले अतिथियों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने के निर्देश दिए हैं। समारोह स्थल, मंच, पार्किंग, बैठने की व्यवस्था, अनुशासन, अतिथियों के स्वागत एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित समितियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

कुलपति ने कहा कि दीक्षांत समारोह केवल उपाधि प्रदान करने का अवसर नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की वर्षों की मेहनत, लगन और उपलब्धियों का उत्सव है। यह अवसर विद्यार्थियों को राष्ट्र और समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने के साथ कृषि एवं अन्य क्षेत्रों में नई तकनीकों को अपनाकर बेहतर योगदान देने के लिए प्रेरित करेगा। दीक्षांत समारोह को लेकर विश्वविद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। समारोह स्थल सहित प्रमुख स्थानों पर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वर्षों की मेहनत के बाद उपाधि और स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में समारोह को लेकर खासा उत्साह है।

जाति आधारित आरक्षण व्यवस्था को समाप्त किये जाने को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन




प्रतापगढ़। जाति आधारित आरक्षण व्यवस्था को समाप्त करने को लेकर अखिल भारतीय ब्राम्हण परिवार ने शनिवार को राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को संयुक्त रूप से संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। राष्ट्रीय संयोजक रमाकांत मिश्र मधुबनी व संगठन मंत्री संजय शुक्ला की अगुवाई मे सौपे गये ज्ञापन में कहा गया है कि मौजूदा समय में जाति आधारित आरक्षण व्यवस्था से संविधान में समान अवसर के सिद्धांत की अवहेलना हो रही है। ज्ञापन में कहा गया है कि योग्यता आधारित व्यवस्था के जरिए समान अवसर उपलब्ध कराया जाना चाहिए। वही ज्ञापन में इन मांगो को लेकर केंद्र सरकार से उच्च स्तरीय राष्ट्रीय आयोग का गठन किये जाने व आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए प्रभावी सहायता योजनाओं के संचालन की मांग भी उठायी गयी है। इस मौके पर मण्डन मिश्र, अनुज शुक्ला, अवधेश शुक्ला, आलोक मिश्र, राजकुमार यादव, अनिल पाण्डेय, अभय शुक्ल, सोनू तिवारी, रोशन तिवारी, प्रतीक मिश्र, राज त्रिपाठी, अरविंद पाण्डेय, प्रदीप मिश्र, रघुनंदन तिवारी आदि रहे।

संक्षेप

तालाब में डूबने से छात्र की मौत

इकदिल, इटावा। शनिवार दोपहर चितभवन गांव में बारिश के बीच तालाब में डूबने से कक्षा 10 के छात्र कृष्णा त्रिपाठी 15 की मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। इकलौते भाई को खोने के बाद नौ वर्षीय बहन आंशी का रो-रोकर बुरा हाल है। चितभवन निवासी सौरभ त्रिपाठी का पुत्र कृष्णा सेंट मारिया स्कूल में कक्षा 10 में पढ़ता था। दोपहर करीब दो बजे वह कुछ साथियों के साथ गांव के तालाब के पास गया था। इसी दौरान पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चला गया। कृष्णा को डूबता देख साथ मौजूद बच्चे घबरा गए और शोर मचाते हुए गांव की ओर दौड़े। आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तालाब में उतरकर किशोर की तलाश शुरू की। काफी प्रयास के बाद उसे पानी से बाहर निकाला गया। परिजन उपचार के लिए अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कृष्णा अपने पिता का इकलौता बेटा और आंशी का इकलौता भाई था। बेटे की मौत से पिता सौरभ, मां और दादा जुगल किशोर त्रिपाठी सदमे में हैं। ग्रामीणों के अनुसार कृष्णा शांत स्वभाव का होनहार छात्र था। सूचना पर इकदिल थाना पुलिस पहुंची और शव कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

विभव त्रिवेदी बजरंग दल के बने जिला संयोजक



सफीपुर, उन्नाव। विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल अवध प्रांत की बैठक में विभव त्रिवेदी (लल्ला) को लवकुश नगर का बजरंग दल का जिला संयोजक बनाये जाने की घोषणा से क्षेत्र में हर्ष की लहर है। सफीपुर के दरौली गांव निवासी राष्ट्रवादी विभव त्रिवेदी ल्लल्लाष को लवकुश नगर बजरंग दल का जिला संयोजक बनाए जाने पर क्षेत्र में हर्ष की लहर दौड़ गई। विश्व हिन्दू परिषद अवध प्रांत की दो दिवसीय प्रांत बैठक अयोध्या अम्बेडकर में हुई। जहां राष्ट्रीय संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे , क्षेत्र संगठन मंत्री गजेंद्र, प्रान्त मंत्री देवेन्द्र, प्रान्त सह मंत्री अविनाश के सानिध्य में अवध प्रांत के 25 जनपदों से आये हुये विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल मातृ शक्ति दुर्गा वाहिनी की बहनो व पदा अधिकारियों को मार्ग दर्शन प्राप्त हुआ साथ हि आने वाले 6 माह की कार्य योजना रचना को लेकर चर्चा हुई। इस दौरान बैठक में सफीपुर के दरौली गांव निवासी राष्ट्रवादी विभव त्रिवेदी लल्ला को लवकुश नगर बजरंग दल का जिला संयोजक बनाए जाने की घोषणा की गई। जिससे क्षेत्र में हर्ष की लहर दौड़ गई। गांव पहुंचने पर लोगों ने लड्डू खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया।

महादेव के उदघोष के साथ कांवरियों का जत्था रवाना

पाटन उन्नाव। श्रावण मास में 10 अगस्त को पड़ने वाले दूसरे सोमवार के पावन अवसर पर देवाधिदेव महादेव मंदिरों एवं बाराबंकी के लोधेश्वर महादेव की मूर्ति पर जलाभिषेक को लेकर कांवरियों का जत्था गंगा की पवित्र नदियों से जल लेकर हर हर महादेव के जय घोष के साथ आज शनिवार को तहसील बीघापुर क्षेत्र के विहार मौरावां मार्ग पर बिहार से गुजरते समय राधा गंज में शिव भक्तों द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया गया तथा जलपान भी कराया गया। इस मौके पर सूरज सिंह, चैहान शिववीर सिंह, दिवाकर सिंह, सुरेश मिश्रा, पप्पू तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

बदहाली पर आंसू बहा रहा पंचायत भवन

सरकार के सचिवालय मॉडल के दावों की निकल रही हवा



गुलाम गौस/ पिपरौली, गोरखपुर। उत्तर प्रदेश सरकार एक तरफ जहां गांवों के चौमुखी विकास और हर ग्राम पंचायत में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस मॉडल पंचायत सचिवालय बनाने का ढोल पीट रही है, वहीं जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोलती नजर आ रही है। स्थानीय जिम्मेदार अधिकारियों की बेरुखी और लापरवाही के कारण सरकारी मंशा को धरातल पर पलीता लगाया जा रहा है। इसका ताजा और प्रत्यक्ष उदाहरण पिपरौली ब्लॉक का ग्राम पंचायत बांसपार है जहां लाखों रुपये की लागत से बना पंचायत भवन आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है।

पंचायत भवन देखरेख के अभाव में पूरी तरह जर्जर अवस्था में पहुंच चुका है। हल्की सी बारिश होते ही भवन की छत से लगातार पानी टपकने लगता है जिससे भवन के अंदर रखी सरकारी पत्रावलियों और सामानों के नष्ट होने का खतरा बना रहता है। इतना ही नहीं परिसर में नियमित साफ-सफाई न होने से चारों तरफ गंदगी का अंबार लगा हुआ है। सबसे हास्यास्पद और चिंताजनक बात तो यह है कि जिस भवन को गांव के विकास की नीतियां तय करने और ग्रामीणों को डिजिटल सेवाएं देने का केंद्र होना चाहिए था, वह आज छुट्टा एवं बेसहारा पशुओं का तबेला बन कर रह गया है। दिन-रात यहां आवारा पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत स्तर के अधिकारियों और कर्मचारियों की उदासीनता के कारण भवन में कभी कोई काम नहीं होता जिससे पशुपालक और आवारा जानवर यहां अपना डेरा जमाए रहते हैं। अब सवाल यह है कि सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करने वाले जिम्मेदार ही जब आंखें मूंद लें तो गांव के सपनों को गति कैसे मिलेगी? अब देखना यह होगा कि खबर प्रमुखता से सामने आने के बाद अधिकारी इस पंचायत भवन की सुध लेते हैं या यह भवन ऐसे ही खंडहर में तब्दील होता रहेगा। इस संबंध में एडीओ पंचायत पिपरौली ने कहा कि मामला अभी मेरे संज्ञान में आया है। तत्काल संबंधित ग्राम पंचायत सचिव को निर्देश देकर परिसर की साफ-सफाई, मरम्मत व अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराया जाएगा।

कार पीछे से ट्रक में घुसी, दो की मौत

जिला संवाददाता (vol)

भरथना, इटावा। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर शनिवार सुबह करीब नौ बजे तेज रफ्तार कार आगे चल रहे ट्रक में पीछे से जा घुसी। हादसा इतना भीषण था कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना में कार सवार दो लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ वर्षीय मासूम समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरथना और सैफई पीजीआई पहुंचाया गया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, झांसी जनपद के उनाव गेट चैकी क्षेत्र निवासी एक परिवार दो कारों से झांसी से बरेली उर्स में शामिल होने जा रहा था। शनिवार सुबह परिवार की एक कार बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर भरथना और अछल्दा थाना क्षेत्र के बीच चैनल नंबर 276 के पास पहुंची। इसी दौरान तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रक में पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार लोग अंदर फंसकर गंभीर रूप से घायल हो गए। कार में मोहम्मद जमाल पुत्र मोहम्मद इकबाल (50 वर्ष), मोहम्मद फिरोज (45 वर्ष), शकीला बानो (करीब 60 वर्ष), रिहाना बानो पत्नी शकील अहमद (45 वर्ष) और आठ वर्षीय ताहिरा बानो सवार थे। जोकि गंभीर रूप से घायल हो गये.

दूसरी कार में पीछे से आ रहे थे परिजन

परिवार के अन्य सदस्य दूसरी कार से पीछे-पीछे आ रहे थे। हादसे के बाद जब उन्होंने दुर्घटनाग्रस्त कार को देखा तो मौके पर चीख-पुकार मच गई। परिजनों ने तत्काल हादसे की सूचना संबंधित अधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही यूपीडा की टीम और एंबुलेंस मौके पर पहुंच गईं। राहत एवं बचाव कार्य करते हुए सभी घायलों को बाहर निकालकर उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरथना और सैफई पीजीआई भेजा गया।

अस्पताल पहुंचते ही दो ने तोड़ा दम

सीएचसी भरथना में चिकित्सक ने शकीला बानो को जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल कार चालक मोहम्मद जमाल को सैफई पीजीआई ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। हादसे में मोहम्मद फिरोज, रिहाना बानो और आठ वर्षीय ताहिरा बानो गंभीर रूप से घायल हुए हैं। तीनों का सैफई पीजीआई में उपचार चल रहा है। हादसे की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू कर दी। पुलिस द्वारा दुर्घटना के कारणों और ट्रक की स्थिति के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। हादसे के बाद कुछ समय के लिए एक्सप्रेसवे पर भी अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

अन्तिम संस्कार के लिए उपलब्ध होगी निःशुल्क लकड़ी : श्याम सुन्दर



भरथना, इटावा। ऊँ श्री पागलबाबा गंगासागर धाम भरथना के पीठाधीश्वर श्याम सुन्दर चैरसिया ने अपनी पत्नी स्व. कमलेश चैरसिया की 19वीं पुण्यतिथि पर शवों के सुरक्षित रखरखाव हेतु पंचतत्व विलीन स्थल के माध्यम से दो नये फ्रीजर आम जनमानस को समर्पित किये। अब उक्त पंचतत्व विलीन स्थल मोक्षधाम पर कुल चार फ्रीजर व एक शव यात्रा वाहन निःशुल्क उपलब्ध कराया जायेगा। कस्बा के बकेवर रोड स्थित ऊँ श्री पागलबाबा गंगासागर धाम के पीठाधीश्वर श्याम सुन्दर चैरसिया की पत्नी स्व. कमलेश चैरसिया की 19वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। तदुपरान्त श्याम सुन्दर चैरसिया ने शवों के सुरक्षित रखरखाव हेतु समीप स्थित पंचतत्व विलीन स्थल मोक्षधाम के माध्यम से दो नये फ्रीजर जनता को समर्पित किये। इस मौके पर पीठाधीश्वर श्री चैरसिया ने बताया कि अब उक्त पंचतत्व विलीन स्थल मोक्षधाम पर शवों के सुरक्षित रखरखाव हेतु कुल चार फ्रीजर व एक शव यात्रा वाहन, फ्रीजर को लाने- ले जाने के लिए एक ई-रिक्शा उपलब्ध रहेगा। जो आम जनमानस के लिए पूर्णतया निःशुल्क हैं। फ्रीजर को ले जाने व लाने की व्यवस्था पंचतत्व विलीन स्थल की तरफ से होगी, मात्र लाने व ले जाने हेतु न्यूनतम भाडा देय होगा।

थाना सिविल लाइंस में थाना दिवस आयोजित

इटावा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष रजत सिंह जैन एवं सचिव आरती द्विवेदी के दिशा निर्देशन में माह के दूसरे शनिवार को थाना सिविल लाइंस में थाना दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपनी समस्याओं को लेकर आने वालों में कुणाल तिवारी निवासी राहतपुर ने चेक में धोखाधडी की शिकायत दर्ज कराई गई एवं नगला पीर निवासी रणवीर राठौर ने चक रोड पर कब्जा एवं दबंगों द्वारा मारने की धमकी देकर रास्ता रोकने की शिकायत की। शिकायतों का संज्ञान लेकर प्रभारी निरीक्षक थाना सिविल लाइंस द्वारा चेक धोखाधड़ी के मामले में एक टीम मामले की जांच कर निस्तारण हेतु भेजी गई है एवं दूसरे मामले में बीएनएसएस धारा 152 के तहत तुरंत कार्यवाही सम्पन्न कराई गई है। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक थाना सिविल लाइन केके मिश्रा, एसआई राम विनोद, अपराध निरीक्षक दिवाकर उपस्थिति रहे। थाना दिवस पर फरियादियों एवं शिकायतकताओं की समस्याओं के समाधान एवं मदद हेतु अधिकार मित्र रामप्रकाश, ब्रजेश सिंह, डॉ. आशीष त्रिपाठी, डॉ. ज्योति वर्मा, ज्योति गुप्ता, अनिल कुमार, अभय कुमार, ऋतिक उपस्थित रहे।

रास्ता पूछकर वृद्ध को बाइक पर बैठाया, जेब काट चार हजार रुपये व मोबाइल ले उड़े

सैफई, इटावा। बहादुरपुर गांव के पास रास्ता पूछने के बाद मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने करीब 60 वर्षीय वृद्ध को हैवरा जाने के लिए बाइक पर बैठा लिया। रास्ते में उसकी जेब काटकर चार हजार रुपये और मोबाइल फोन निकालकर दोनों फरार हो गए। पंजाब में निजी नौकरी करने वाला वृद्ध इन दिनों अपने पैतृक गांव आया था। ग्राम बहादुरपुर, थाना सैफई निवासी राधेश्याम पुत्र गोपी ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि शनिवार सुबह करीब 11.30 बजे वह घर से हैवरा की ओर जा रहा था। रास्ते में मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात युवक मिले। दोनों ने पहले उससे रास्ता पूछा और बातचीत के बाद उसे मोटरसाइकिल पर बैठा लिया। आरोप है कि हैवरा की ओर जाते समय दोनों युवकों ने उसकी जेब काट ली और उसमें रखे चार हजार रुपये तथा लावा कंपनी का मोबाइल फोन निकाल लिया। कुछ देर बाद जेब में रुपये और मोबाइल न होने की जानकारी हुई तो उसने दोनों युवकों की तलाश की, लेकिन उनका पता नहीं चला। पीड़ित के अनुसार वह पंजाब में निजी नौकरी करता है और इन दिनों अपने पैतृक गांव आया हुआ था। उसने पुलिस से दोनों अज्ञात युवकों की पहचान कर कार्रवाई करने तथा मोबाइल फोन और रुपये बरामद कराने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बिशप डोमिनिक कोक्कट मेमोरियल अवॉर्ड और स्तनपान जागरूकता संगोष्ठी आयोजित

चरगांवा, गोरखपुर। महानगर के पादरी बाजार स्थित फातिमा हॉस्पिटल में संस्थापक बिशप डोमिनिक कोक्कट सीएसटी के स्मृति में शनिवार को बिशप डोमिनिक कोक्कट सीएसटी मेमोरियल अवार्ड एवं स्तनपान जागरूकता संगोष्ठी-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बिशप डोमिनिक कोक्कट सीएसटी के सेवा एवं मानवीय मूल्यों को स्मरण करने के साथ मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के लिए स्तनपान के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ फातिमा कॉलेज ऑफ नर्सिंग की छात्राओं द्वारा प्रार्थना नृत्य की प्रस्तुति से हुआ। फातिमा हॉस्पिटल के निदेशक फादर डॉ. संतोष सेबेस्टियन ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए एन एफ एच एस-6 के आंकड़ों का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में छह माह से कम आयु के शिशुओं में विशेष स्तनपान की दर में कमी चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि माताओं को सही परामर्श, परिवार का सहयोग तथा अस्पताल स्तर पर प्रभावी स्तनपान सहायता उपलब्ध कराना समय की आवश्यकता है। संगोष्ठी में डॉ. नवीन पाण्डेय (एम बी बी एस, एम डी, पीडियाट्रिक्स) ने नवजात शिशुओं के लिए स्तनपान के महत्व, वैज्ञानिक लाभ एवं आवश्यक सावधानियों पर जानकारी दी। डॉ. सहाना पुन्नेशेट्टी ने महिलाओं के स्वास्थ्य, स्तन कैंसर जागरूकता तथा स्तनपान के दीर्घकालिक लाभों पर प्रकाश डाला। इसके बाद प्रश्नोत्तर एवं खुली परिचर्चा आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोरखपुर के उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कुमार सिंह ने स्तनपान को शिशु के स्वस्थ भविष्य की मजबूत नींव बताते हुए कहा की माताओं को स्तनपान के लिए प्रेरित करने में परिवार, समाज एवं स्वास्थ्यकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने फातिमा हॉस्पिटल के इस जन-जागरूकता कार्यक्रम की सराहना किया। इस अवसर पर बिशप डोमिनिक कोक्कट सी.एस.टी. मेमोरियल अवार्ड के अंतर्गत उत्कृष्ट चिकित्सकों एवं जीएनएम प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में फातिमा कॉलेज ऑफ नर्सिंग के सुश्री श्वेता सिंह ने सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

आईजीएल परिसर में निःशुल्क मेडिकल नेत्र व दंत चिकित्सा शिविर आयोजित



गीडा, गोरखपुर। इंडिया ग्लाईकॉल्स लि., गोरखपुर परिसर में स्वास्थ्य हित को ध्यान में रखते हुए संगम सुपर स्पेशियलिटी आई हॉस्पिटल एवं सिटी डेंटल हॉस्पिटल के सहयोग से एक निःशुल्क मेडिकल, नेत्र एवं दंत चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने स्वास्थ्य परीक्षण एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाओं का लाभ उठाया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि डॉ वाई सिंह (हेड, संगम सुपर स्पेशियलिटी आई हॉस्पिटल) एवं डॉ आशीष प्रताप मल्ल (सिटी डेंटल हॉस्पिटल) द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर आईजीएल के प्लांट हेड शैलेन्द्र कुमार पांडेय, एजीएम (एचआर एवं एडमिन) दशरथ मिश्रा तथा एसोसिएट मैनेजर (एडमिन) अखिलेश कुमार शुक्ला भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. कमलेश कुमार सिंह ने की।

इस अवसर पर डॉ वाई सिंह ने कर्मचारियों के स्वास्थ्य के प्रति आईजीएल प्रबंधन की प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर समाज एवं उद्योग दोनों के लिए अत्यंत उपयोगी हैं तथा कर्मचारियों को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के प्रति जागरूक बनाते हैं। तो वहीं प्लांट हेड शैलेन्द्र कुमार पांडेय एवं एजीएम (एचआर एवं एडमिन) दशरथ मिश्रा ने कर्मचारियों से अपील की कि वे ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का अधिकतम लाभ उठाएं और विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं का उपयोग कर अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें। शिविर के दौरान संगम सुपर स्पेशियलिटी आई हॉस्पिटल एवं सिटी डेंटल हॉस्पिटल की विशेषज्ञ चिकित्सक टीम द्वारा सामान्य स्वास्थ्य जांच, नेत्र परीक्षण तथा दंत चिकित्सा परामर्श एवं उपचार संबंधी सेवाएं प्रदान की गईं। कर्मचारियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे अत्यंत लाभकारी बताया। आईजीएल प्रबंधन अधिकारियों ने चिकित्सकीय टीम को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। उपरोक्त अवसर पर संगम सुपर स्पेशियलिटी आई हॉस्पिटल के मार्केटिंग मैनेजर संदीप त्रिपाठी, सिटी डेंटल हॉसिपिटल से डॉ.मनीष सिंह मय टीम व आईजीएल से अमित कश्यप, धीरेन्द्र पांडेय, शब्बीर अहमद, सुभाश कश्यप व अन्य कर्मयोगी उपस्थित रहे। आईजीएल प्रबंधन ने भविष्य में भी कर्मचारियों के स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

छह महीने से बदहाली झेल रहे मासूमों ने किया प्रदर्शन

पिपरौली, गोरखपुर। पिपरौली खण्ड शिक्षा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बेतऊवाँ के प्राथमिक विद्यालय में प्रशासनिक लापरवाही का एक गंभीर मामला सामने आया है। पिछले छह महीनों से स्कूल के मुख्य द्वार पर जमा गंदगी और गंदे पानी का जलभराव से परेशान होकर शनिवार को नन्हे-मुन्ने छात्रों का सब्र टूट गया और उन्होंने विद्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन कर अपना विरोध दर्ज कराया। विद्यालय में पढ़ने वाले सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने अपना दर्द बयां करते हुए बताया कि मुख्य द्वार पर लगातार कीचड़ और गंदा पानी जमा रहने से स्कूल आना किसी मुसीबत से कम नहीं है। आए दिन बच्चों की स्कूल ड्रेस और जूते कीचड़ में गंदे हो जाते हैं। इतना ही नहीं रास्ते में फिसलकर कई छात्र चोटिल भी हो चुके हैं। बच्चों और शिक्षकों का आरोप है कि समस्या के निस्तारण के लिए ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव को पिछले छह महीनों में कई बार अवगत कराया गया लेकिन जिम्मेदारों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। वर्तमान में इस विद्यालय में शिक्षक शिवचंद, आरती यादव और मंजूल श्रीवास्तवा की तैनाती है।

आवास के लिए भटक रहे गरीब का गिरा आशियाना



असोहा (वीओएल)। क्षेत्र के पाठकपुर गांव निवासी मोनू शुक्ल ने आवास के लिये मुख्यमंत्री पोर्टल से लेकर ग्राम प्रधान, खण्ड विकास अधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी को भी प्रार्थना पत्र दिया परन्तु आज तक आश्वासन, जांच के सिवा कुछ नही मिला, बीते चार दिनों से हो रही रुक रुक कर बरसात में उसका टूटा, गिरा व जगह जगह से टपकता कच्चा घर भी गिर गया। मोनू के पास अब सर ढकने के लिये छत भी नही बची। मोनू को बीते 22 जुलाई को मुख्यमंत्री पोर्टल पर आवास के लिये आवेदन पर खण्ड विकास कार्यलय पर बुलाया गया था। औ? उसने अपनी आप बीती खण्ड विकास अधिकारी निशा सागर को सुनाई थी। इस सम्बंध में जब खण्ड विकास अधिकारी से जानकारी की तो उन्होंने बताया था कि सम्बन्धित ग्राम पंचायत अधिकारी को जॉच के आदेश दिए गए। मोनू के आवास की जांच तो कोई अधिकारी नही करने गया परन्तु आज बारिश के चलते उसका आशियाना जरूर गिर गया। सबसे बड़ा सवाल की बीते पाँच वर्षो से पात्र व्यक्ति अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों के आगे पीछे चक्कर लगाता रहा परंतु आश्वाशन के सिवा आज तक कुछ नही मिला, बेघर मोनू के आगे अब सर ढकने के लिये अब छत भी नही बची, अब वह पत्नी बच्चो तथा परिजनों को लेकर जाए तो कहा जाए।

ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र से निकले कानपुर बालामऊ रेलमार्ग पर जसरा मारूफपुर के निकट बने अंडरपास में पानी भरे होने के कारण ऊपर से रेल पटरी पार कर घर जा रहे एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौत की जानकारी होते ही घर व गाँव में शोक की लहर दौड़ गई। थाना क्षेत्र के अन्तर्गत जसरा मारूफपुर गाँव निवासी कन्हैया लाल शुक्रवार को माथर की बाजार गया था जहां से देर शाम लौट रहा था। गाँव के निकट बने अंडरपास में पानी भरे होने के कारण ऊपर से रेल पटरी पार कर घर जा रहा था। रेल पटरी पार करते समय उधर से निकल रही मालगाड़ी की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई। मौत की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

बुआ के घर आया युवक नदी में डूबा

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के ग्राम सभा नूरुद्दीन चक संझाई में अपने बुआ के घर आये युवक की नदी में डूबने की सूचना पर पहुची चिलुआताल पुलिस स्थानीय गोताखोरो की मदद से ढूटने का प्रयास कर की। मगर सफलता न मिलने पर मौके पर एसडीआरएफ की टीम को भी बुला लिया गया है। गुलरिहा थाना क्षेत्र के छोटी जमुनहिया निवासी शनी निषाद (21) पुत्र घनश्याम निषाद अपने बुआ के घर स्थानिय थाना क्षेत्र के नूरुद्दीन चक संझाई आया हुआ था। शनिवार को दोपहर में ग्रामीणो के साथ मछली मारने रोहिन नदी के किनारे गया था। जिसके नदी में डूबने की सूचना पर चिलुआताल पुलिस घटना स्थल पर पहुच गोताखोरो की मदद से ढूढ़ने का प्रयास किया मगर सफलता न मिलने पर यस डीआरयफ को सूचित किया यस डी आर यफ टीम घटना स्थल पर पहुच ढूढ़ने का प्रयास कर रही है समाचार लिखे जाने तक एसडीआरएफ टीम को सफलता नही मिली पायी है।

सफारी निदेशक ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया



इटावा। उत्तर प्रदेश योग स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में सफारी पार्क में आयोजित 3 दिवसीय 10वीं उत्तर प्रदेश स्टेट योग स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2026 में 18 जिलों के 200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ 7 अगस्त को सायं 5 बजे इटावा सफारी पार्क के निदेशक डॉ. अनिल कुमार पटेल द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि विकास नायक, डी.एफ.ओ. इटावा, शिवम मिश्रा डीएफ ओ मैनपुरी, वेंकटा श्रीकर पटेल डी.एफ.ओ. मथुरा, रेंजन रूपेश श्रीवास्तव, सर्वेश सिंह चैहान अध्यक्ष क्रिकेट एसोशिएशन, आलोक दीक्षित अध्यक्ष व्यापार मंडल, अभय टंडन उपस्थित रहे। आयोजन समिति के सचिव एवं सफारी पार्क के क्षेत्रीय वन अधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि एवं समस्त विशिष्ट अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया तत्पश्चात उत्तर प्रदेश योग स्पोर्ट्स एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी ए.के. सक्सेना द्वारा प्रतियोगिता में आये सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत अपने उदबोधन से किया गया। निर्णायक मंडल के अध्यक्ष मुकेश राय द्वारा सायं 6 बजे प्रतियोगिता का आरंभ कराया गया। पहले दिन की प्रतियोगिता समाप्त होने तक आगरा की टीम पहले स्थान पर, बुलंदशहर की टीम दूसरे और इटावा की टीम तीसरे स्थान पर थी। ए. के. सक्सेना, जनरल सेक्रेटरी ने बताया कि 8 अगस्त को मुख्य अतिथि अजयदीप सिंह, आईएएस सेवानिवृत्त अध्यक्ष, अखिल भारतीय स्वदेशी खेल एसोसिएशन होंगे तथा सुबह 9 बजे से प्रतियोगिता प्रारंभ होकर सायंकाल 8 बजे तक होगा। इस प्रतियोगिता में इटावा के 45 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है।

कूड़े का रोज व्यवस्थित निस्तारण करें : डीएम

इटावा। ग्राम पंचायत कामेत स्थित एमआरएफ सेंटर पर कूड़ा, दुर्गंध, मक्खियों की भरमार के संबंध में जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल द्वारा गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए प्रशासनिक अधिकारियों को मौके पर भेजकर स्थलीय निरीक्षण कराया गया। अपरजिलाधिकारी बिपिन कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राजेंद्र बहादुर, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका संतोष कुमार मिश्रा, डीपीआरओ रोहित कुमार तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा एमआरएफ सेंटर तथा आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान स्थिति वर्तमान में मौके सामान्य पाई गई। इसके बावजूद प्रशासन द्वारा एहतियात के तौर पर ग्रामीणों के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए तत्काल आवश्यक निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की गई। क्षेत्र में मच्छर एवं मक्खियों की रोकथाम के लिए एंटी-लार्वा एवं कीटनाशक का छिड़काव कराया गया। संबंधित टीमों को निर्देश दिए गए आवश्यकता के अनुसार पुनः छिड़काव कराते हुए क्षेत्र में नियमित निगरानी रखी जाए। एमआरएफ सेंटर के निरीक्षण के दौरान कूड़ा निस्तारण एवं सेंटर की व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली गई। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सेंटर में कूड़े का नियमित एवं व्यवस्थित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी स्थिति में कूड़े का अनावश्यक संचय न होने दिया जाए। सेंटर में लगी मशीन को भी सुचारु रूप से संचालित कराया गया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया। टीम ने गांव में लोगों के स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कोई व्यक्ति बीमार नहीं पाया गया तथा गांव में स्वास्थ्य संबंधी स्थिति सामान्य मिली।

घायल को इलाज के लिए आर्थिक मदद भेजी



पाटन, उन्नाव। विधानसभा क्षेत्र भगवन्तनगर के सिकंदरपुर कर्ण ब्लॉक के गाँव रावल निवासी दुर्गेश मिश्रा 45 वर्ष का विगत दिनों एक मार्ग दुर्घटना मे पुत्री शिवानी के साथ गंभीर घायल हो गये थे जिसमे दुर्गेश मिश्रा का पैर टूट गया व बेटी शिवानी 11 वर्ष का हाथ टूट गया, परिवार मे आय का स्रोत सिर्फ ई रिक्शा से था अब परिवार के सामने भरण पोषण व चिकित्सा हेतु बड़ा संकट खड़ा हो गया जिस कारण घायलों को ईलाज रोकना पड़ा, बेहद विषम परिस्थिति की जानकारी जैसे ही सेवक पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह को हुई तो उन्होंने तत्काल बड़ा कदम उठाते हुए अपने बड़े भाई मानवेन्द्र सिंह को आर्थिक मदद करने हेतु पीड़ित परिवार के पास भेजा, मौके पर पहुँचे मानवेन्द्र सिंह ने दुःखी असहाय परिजनों से मुलाकात करके दुःख ब्यक्त किया व घायल दुर्गेश मिश्रा से ईलाज की जानकारी ली, जिस पर उन्होंने बताया कि रुपयों के अभाव मे ईलाज रोकना पड़ा जिस पर मानवेन्द्र सिंह ने राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रसेवक पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह की ओर से उनकी 75 वर्षीय वृद्ध माताजी रामरती को आर्थिक सहायता दी गयी व भविष्य मे भी किसी प्रकार की कोई परेशानी आने पर साथ देने का भरोसा दिया व ईश्वर से प्रार्थना की कि दोनों परिजन जल्द स्वस्थ हो। इस मौके पर मुख्य रूप से अरुण तिवारी, बब्बू मिश्रा, रामू शर्मा, दयाशंकर शर्मा, इकबाल सिंह प्रधान, आर के सिंह मामाजी, पंकज गुप्ता, बरन सिंह, चंदन, सौरभ, प्रखर, रामजी यादव, अशोक पासवान, आशू, सर्वेश आदि लोग मौजूद रहे।

81 ली. शराब के साथ 400 किलो लहन नष्ट किया

मौरावा (वीओएल)। जिला आबकारी अधिकारी अनुराग मिश्र के कुशल नेतृत्व मे प्रतिभा सिंह आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 5 बीघापुर द्वारा मय हमराह तहसील बीघापुर थाना पुरवा अंतर्गत ग्राम भाटमऊ में दबिश देकर 45 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए लहन महुआ लगभग 400 किलो मौके पर नष्ट किया गया एवं 02 अभियोग आबकारी अधिनिय

संक्षेप

तेंदुए ने बछड़े को बनाया निवाला इलाके में दहशत

तिकुनियां-खीरी। सूरतनगर पंचायत के मजरा गांव इन्दरनगर में तेंदुए ने एक बछड़े पर हमला कर मार दिया। इस घटना से इलाके में डर का माहौल बन गया है। ग्रामीणों ने सूचना वन विभाग को दी है। इंदरनगर निवासी उमेश निषाद के घर पर बछड़ा बांध हुआ था, रात में तेंदुए ने बछड़े को उठा लिया और दो सौ मीटर दूर गन्ने के खेत मे ले गया और मार दिया। सुबह जब उमेश ने बछड़े को खूंटे पर नही पाया तो उन्हें शंका हुई और खोजने पर अधखाया बछड़ा उन्हें गन्ने के खेत मे मिला। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी बेलरायां रेंज की दी है, महकमे ने पिंजड़ा लगाकर पकड़ने का भरोसा ग्रामीणों व किसानों को दिया है। इस घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है।

सड़क हादसे में अधेड़ की मौत


मोहम्मदी खीरी। नेशनल हाईवे पर गांव रामपुर में सड़क किनारे लगी बाजार में सब्जी खरीदते समय एक अधेड़ को कार चालक ने टक्कर मारकर रौंद दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया इलाज के लिए मोहम्मदी सी एच सी पर भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर ने नाजुक होने पर जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर कर दिया जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई है। गांव असौवा निवासी मृतक के इकलौते पुत्र रवि ने बताया उसके पिता राम प्रसाद 55 वर्षीय शुक्रवार को रामपुर बाजार में 5: बजे करीब सब्जी खरीद रहे थे तभी बरवर की ओर से आ रही कार चालक ने टक्कर मार दी जिससे वह कई फुट नीचे उछल कर दूर जा गिरे थे जिन्हें इलाज के लिए एंबुलेंस से मोहम्मदी सरकारी अस्पताल पर भर्ती कराया गया था हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल शाहजहांपुर इलाज के लिए लेकर गए जहां उन्होंने 7 बजे करीब दम तोड़ दिया है। शनिवार को मृतक के पुत्र की शिकायत पर पुलिस ने वाहन चालक अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मृतक की पत्नी की मौत पहले हो चुकी है घर में एक मात्र पुत्र हैं जिसके सर से पिता का साया उठ गया है।

नाबालिग मूक बधिर संदिग्ध हालात में लापता

सीतापुर। महोली नगर क्षेत्र से जन्म से मूक-बधिर 15 वर्षीय नाबालिग छात्र के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने से परिजनों में हड़कंप मचा है। घर के बाहर से गायब हुए किशोर का कई घंटे बाद भी पता नहीं चल सका। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। ठकुरन टोला (महसुनियागंज) निवासी दयाराम का 15 वर्षीय पुत्र शाश्वत कश्यप जन्म से ही मूक-बधिर है। उसकी मां पूनम देवी के अनुसार बुधवार शाम करीब पांच बजे शाश्वत घर के बाहर था। कुछ देर बाद वह अचानक लापता हो गया। देर शाम तक वापस नहीं लौटने पर परिवार ने आसपास और रिश्तेदारों के यहां तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों के अनुसार सबसे अहम जानकारी सीसीटीवी फुटेज से सामने आई है। शाश्वत को बुधवार को सब्जी मंडी, स्टेशन रोड पर एक अज्ञात नवयुवक के साथ रेलवे स्टेशन की ओर जाते देखा गया। इसके बाद दोनों कहां गए, इसकी जानकारी नहीं हो सकी। इससे किशोर के लापता होने को लेकर परिजनों की चिंता और बढ़ गई है। कस्बा चैकी प्रभारी अशोक सिंह ने बताया कि मामले में मुकदमा अपराध संख्या 301,26 के तहत धारा 137(2) बीएनएसएस में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

श्रावण में शिवमय हुई छोटी काशी, उमड़ा आस्था का सैलाब

मन्दीप कुमार वर्मा







गोला गोकर्णनाथ, खीरी। छोटी काशी के नाम से विख्यात गोला गोकर्णनाथ में सावन आते ही पूरा शहर शिवभक्ति में डूब जाता है। पौराणिक शिव मंदिर में भगवान गोकर्णनाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए दूर-दराज क्षेत्रों से श्रद्धालु और कांवड़िए पहुंचते हैं। हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से मंदिर परिसर से लेकर प्रमुख मार्गों तक वातावरण भक्तिमय बना रहता है। सावन में यहां उमड़ने वाला आस्था का सैलाब छोटी काशी की धार्मिक पहचान को और मजबूत करता है।

शहर के तीर्थ मोहल्ले में स्थित पौराणिक शिव मंदिर के गर्भगृह में गाय के कान के आकार का स्वयंभू शिवलिंग विराजमान है। मान्यता है कि इसी कारण नगर का नाम गोला गोकर्णनाथ पड़ा। मंदिर के समीप स्थित गोकर्ण तीर्थ भी श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां श्रद्धालु स्नान-ध्यान करने के बाद भगवान शिव का जलाभिषेक और पूजन करते हैं।

मंदिर परिसर में बूढ़े बाबा, काल भैरव, हनुमान जी, मां दुर्गा और संतोषी मां समेत कई देवी-देवताओं के मंदिर हैं। सुबह मंदिर के कपाट खुलने से लेकर रात तक शंख, घंटे और घड़ियाल की ध्वनि से परिसर गुंजायमान रहता है। गर्भगृह में स्थापित शिवलिंग के अर्घे को चांदी से सजाया गया है, जिससे मंदिर की भव्यता और बढ़ गई है।

कॉरिडोर से बढ़ेगी छोटी काशी की भव्यता

छोटी काशी के धार्मिक महत्व और बढ़ती श्रद्धालु संख्या को देखते हुए मंदिर क्षेत्र के विकास के लिए प्रस्तावित कॉरिडोर भी शहर के विकास की महत्वपूर्ण कड़ी माना जा रहा है। कॉरिडोर के विकसित होने से मंदिर क्षेत्र का स्वरूप और अधिक भव्य होने के साथ श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलने की उम्मीद है। इससे धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलने और छोटी काशी को एक व्यवस्थित धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में नई पहचान मिलने की संभावना है।

बाबा भूतनाथ मंदिर में भी उमड़ती है आस्था

छोटी काशी के प्रमुख धार्मिक स्थलों में बाबा भूतनाथ मंदिर की अपनी अलग पहचान है। सावन मास में यहां श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। नागपंचमी के बाद पड़ने वाले सोमवार को मंदिर पर विशाल मेला लगता है, जिसमें दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। श्रद्धालु बाबा भूतनाथ के दर्शन-पूजन कर मनोकामना पूर्ति की कामना करते हैं और मन्नत के लिए धागा या गांठ बांधते हैं। मेले के दौरान हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहता है।

क्लेशहरण मंदिर की अपनी अलग पहचान



पौराणिक शिव मंदिर के साथ-साथ अहमनगर स्थित क्लेशहरण मंदिर का भी छोटी काशी में अपना अलग धार्मिक महत्व है। श्रद्धालुओं के बीच इस मंदिर के प्रति विशेष आस्था है। मान्यता है कि यहां दर्शन-पूजन करने से कष्ट और क्लेश दूर होते हैं। सावन मास में भगवान शिव की आराधना के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालु क्लेशहरण मंदिर में भी पूजा-अर्चना करते हैं। शांत वातावरण में स्थित यह मंदिर छोटी काशी की धार्मिक विरासत और आस्था को और समृद्ध करता है।

यह हैं प्रमुख धार्मिक स्थल

गोला गोकर्णनाथ में पौराणिक शिव मंदिर के अलावा त्रिलोकगिरि मंदिर, बाबा भूतनाथ मंदिर, लक्ष्मी नारायण मंदिर, मां मंगला देवी मंदिर, रक्षा देवी मंदिर, फूल बाबा आश्रम, संकट मोचन हनुमान मंदिर, सब्जी मंडी एवं लखीमपुर रोड स्थित हनुमान मंदिर, रामजानकी मंदिर, मां दुर्गा मंदिर, शनिदेव मंदिर, रेलवे क्रॉसिंग स्थित दुर्गा मंदिर, श्रीराम मंदिर, ऊंचीभूड़ का दुर्गा मंदिर, कंजा देवस्थान हनुमान मंदिर आश्रम, द्वादश ज्योतिर्लिंग, अहमनगर स्थित क्लेशहरण मंदिर और साईं मंदिर समेत कई धार्मिक स्थल श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र हैं।

यह हैं आकर्षण के केंद्र

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नगर में नीलकंठ तीर्थ मैदान, पार्वती तीर्थ स्थल, जानकी सत्संग स्थल, बाबा चन्द्रभाल सत्संग स्थल और बाबा विश्वनाथ सत्संग स्थल प्रमुख स्थान हैं। दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालु और कांवड़िए इन स्थलों पर विश्राम करते हैं। नगर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सार्वजनिक शौचालय सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध हैं।

मेडिकल स्टोर संचालक पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप, बालक की मौत



सीतापुर। तंबौर थाना क्षेत्र के ढाखिन गांव निवासी एक व्यक्ति ने मेडिकल स्टोर संचालक पर गलत इंजेक्शन लगाने से छह वर्षीय बेटे की मौत होने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। ढाखिन निवासी मुनेजर यादव के छह वर्षीय पुत्र आदित्य यादव के शरीर में फोड़ा निकला था। एक अगस्त को मुनेजर पड़ोसी गांव नौवनपुरवा स्थित मेडिकल स्टोर संचालक मो. मलिक के पास बेटे को दवा दिलाने पहुंचे थे। आरोप है कि मलिक ने बच्चे को तीन इंजेक्शन लगाए। इसके एक दिन बाद बच्चे के शरीर में सड़न शुरू हो गई और हालत बिगड़ने लगी। परिजन बच्चे को उपचार के लिए लखनऊ के विवेकानंद अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पिता ने तहरीर में गलत इंजेक्शन को बेटे की मौत का कारण बताते हुए जांच और कार्रवाई की मांग की है। घटना की जानकारी पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। थाना प्रभारी ब्रजेश राय ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन दिया और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना दिवस में परिजनों ने जिलाधिकारी से भी शिकायत की। जिलाधिकारी ने पुलिस और स्वास्थ्य विभाग को मामले में कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

डीएम ने तटबंध का निरीक्षण कर जांची गुणवत्ता



सीतापुर। शारदा नदी के कटान से बचाव के लिए करीब 6.61 करोड़ रुपये की लागत से कराए गए तटबंध निर्माण में सामने आई खामी को जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर ने शनिवार को गंभीरता से लिया।

तटबंध के करीब 300 मीटर हिस्से के नदी में धंसने की शिकायत पर डीएम ने खुद मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य की बारीकी से जांच की। उन्होंने तटबंध की मौजूदा स्थिति, कराए गए कार्य और मौके पर दिखाई दे रही खामियों का निरीक्षण करते हुए सिंचाई विभाग के अधिकारियों से पूरी जानकारी ली। थाना समाधान दिवस के बाद डीएम सीधे लहरपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम बसंतापुर पहुंचे। यहां शारदा नदी के दाएं किनारे कराए गए कटान रोधी कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद तटबंध के बड़े हिस्से के धंसने को प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। निरीक्षण के दौरान डीएम ने सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता, जूनियर इंजीनियर और क्षेत्रीय लेखपाल को तटबंध की स्थिति पर लगातार कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि तटबंध की वास्तविक स्थिति और क्षति का गंभीरता से आकलन कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही बाढ़ और कटान से प्रभावित क्षेत्रों में किसी तरह की लापरवाही न बरतने की चेतावनी दी। डीएम ने बसंतापुर और लखनीपुर के बाद खाना मड़ोर गांव का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने अपस्ट्रीम क्षेत्र में तत्काल कटान रोधी कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए। ग्रामीणों से संवाद कर बाढ़, स्वास्थ्य, विद्यालय और अन्य मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। आपात स्थिति में ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की तैयारी रखने के निर्देश एसडीएम लहरपुर को दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम लहरपुर धामिनी दास, सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता विशाल पोरवाल समेत सहायक अभियंता, जूनियर इंजीनियर, लेखपाल और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

सीतापुर। सिंघानिया एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में शनिवार को विद्यालय प्रबंधन समिति की ओर से अलंकरण समारोह एवं अंतर सदन प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मेपल हॉल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसडीएम सीमा सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर समारोह में उत्साह का संचार किया। जुलाई में आयोजित विभिन्न अंतर सदन प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र एवं पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं बाल वाटिका से कक्षा पांच तक के विद्यार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्टार ऑफ द मंथ पुरस्कार प्रदान किए गए। कक्षा 11 के विद्यार्थियों के अलंकरण समारोह में नव-निर्वाचित कक्षा प्रतिनिधियों, उप मुख्य छात्र एवं उप मुख्य छात्रा को पदक व प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। चयनित विद्यार्थियों ने शपथ लेकर अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने और विद्यालय की गरिमा बनाए रखने का संकल्प लिया। मेगा छात्रवृत्ति प्रवेश परीक्षा ह्यशाइनह्व के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त समर्थ गंगवार को लैपटॉप व विद्यालय शुल्क में 50 प्रतिशत छूट, द्वितीय स्थान प्राप्त आयुष कुमार को टैबलेट व 25 प्रतिशत तथा तृतीय स्थान प्राप्त दिव्यंका वर्मा को 15 प्रतिशत शुल्क में छूट दी गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, अभिभावक एवं विद्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे। कक्षा चार एवं पांच के विद्यार्थियों ने छात्र नेतृत्व सम्मेलन में अपने प्रोजेक्ट, गतिविधियां एवं सीख अभिभावकों के समक्ष प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।



निरीक्षण के दौरान स्टॉक में 70 बोरी एनपीके का अंतर

लखीमपुर-खीरी। क्षेत्र में खाद की कमी और कालाबाजारी को लेकर किसान लगातार शिकायतें करते रहे।



हुए बी-पैक्स को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन में स्पष्टीकरण मांगा है। नोटिस में संतोषजनक जवाब न मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। यह मामला सामने आने के बाद अब सवाल केवल 70 बोरी एनपीके के अंतर तक सीमित नहीं है। किसानों की मांग है कि बी-पैक्स से अब तक वितरित यूरिया, डीएपी और एनपीके का पूरा रिकॉर्ड खंगाला जाए। रिकॉर्ड में जिस किसान के नाम जितनी खाद वितरित दिखाई गई है, उसका मौके पर सत्यापन कराया जाए कि वास्तव में उसे उतनी खाद मिली भी थी या नहीं। किसानों का कहना है कि वे खाद के लिए लगातार समितियों के चक्कर लगाते रहे और शिकायतें भी करते रहे, लेकिन उन्हें हर बार व्यवस्था ठीक होने का भरोसा दिया जाता रहा। अब भौतिक सत्यापन में अंतर सामने आने से सवाल उठ रहा है, ये खाद कहां है? वहीं, क्षेत्र में यह भी चर्चा है कि शिकायतों और जांच में कमियां सामने आने के बावजूद एक ही सचिव के पास कई समितियों का प्रभार होना व्यवस्था की पारदर्शिता पर सवाल खड़े करता है। किसानों का कहना है कि यदि एक समिति में खाद वितरण को लेकर शिकायतें सामने आ रही हैं तो संबंधित जिम्मेदार को कई समितियों की जिम्मेदारी सौंपे जाने के बजाय पूरे वितरण तंत्र की निष्पक्ष समीक्षा होनी चाहिए। स्थानीय लोगों की ओर से खाद के प्रभावशाली लोगों के माध्यम से क्षेत्र से बाहर और नेपाल तक पहुंचने के आरोप भी लगाए जाते रहे हैं, हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। ऐसे में अब यूरिया, डीएपी और एनपीके के आवंटन से लेकर वास्तविक वितरण तक की जांच और लाभार्थी किसानों से सत्यापन कराने की मांग जोर पकड़ रही है। सवाल साफ है—शिकायतों के बाद जांच में कमियां मिलती रहीं, फिर भी कार्रवाई के बजाय जिम्मेदारियों का विस्तार क्यों? और किसानों के नाम पर दर्ज खाद वास्तव में किसानों तक कितनी पहुंची? मामले की जानकारी के लिए जिला कृषि अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह के नंबर पर संपर्क किया गया उन्होंने फोन काट दिया। वॉट्सएप मैसेज का भी उत्तर नहीं मिला। एआर कॉपरेटिव प्रवीण कुमार से संपर्क किया गया पर फोन नहीं उठा। वॉट्सएप मैसेज क्या गया उसका भी कोई उत्तर नहीं मिला।

शिकायतों पर जांच भी हुई और कई जगह कमियां सामने आती रहीं, लेकिन इसके बावजूद सहकारिता विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। एक ही सचिव को कई समितियों का चार्ज दिए जाने से खाद वितरण व्यवस्था की निगरानी और पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

हसनापुर बी-पैक्स में 7 अगस्त को अधोहस्ताक्षरी, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता तथा संबंधित अधिकारियों की संयुक्त टीम ने हसनापुर बी-पैक्स के उर्वरक परिसर का निरीक्षण किया। भौतिक निरीक्षण में पीओएस मशीन में दर्ज स्टॉक और मौके पर उपलब्ध एनपीके में 70 बोरी का अंतर मिला। जिला कृषि अधिकारी/उर्वरक निरीक्षक ने इसे गंभीरता से लेते

छापे में पकड़ी गयी नकली सिगरेट

लखीमपुर खीरी। कोतवाली सदर लखीमपुर क्षेत्र की मछली मंडी में संचालित तीन दुकानों से लाखों रुपए की नकली सिगरेट दिल्ली से आई टीम ने शनिवार को पकड़ा है।



जानकारी के अनुसार कैप्टन सिगरेट का माल जिसकी कीमत लाखों रुपया बताई जा रही है। नकली सिगरेट बाजार में बड़ी तादाद में बेची जा रही थी। आरोप है कि मछली मंडी के पास संचालित दुकानदारों के द्वारा नकली सिगरेट बेची जा रही है। शिकायत कंपनी को मिली कंपनी की तरफ से आए अमन सोरावट ने पुलिस टीम के साथ पान माशाला विक्रेता बृजेश चौरसिया, पवन चौरसिया, सूरज गुप्ता की दुकान पर छापा मार दिया। छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में बृजेश चौरसिया, पवन चौरसिया सूरज गुप्ता की दुकान से नकली कैप्टन सिगरेट बरामद की गई। आरोप है कि नकली सिगरेट बेच रहे बृजेश चौरसिया ने विरोध करना शुरू कर दिया विरोध के चलते पुलिस टीम के साथ सोहरावट वहां से नकली सिगरेट के साथ कोतवाली लखीमपुर पहुंचे वहां उन्होंने तीनों के खिलाफ नकली सिगरेट बेचने के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। मंडी में स्थित दुकानों पर छापेमार कार्रवाई के दौरान नकली सिगरेट बरामद की गई है। बताया जा रहा है कि यह सिगरेट दिल्ली बरेली के रास्ते लग्जरी बसों से लाकर खीरी में खपाई जा रही है।

कृषि सखी सिलाई केंद्र के तृतीय बैच का शुभारंभ

हरगांव/सीतापुर। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अवध चीनी मिल हरगांव की पहल को शनिवार को नई गति मिली। भनवापुर फार्म पर आयोजित समारोह में कृषि सखी सिलाई केंद्र के तृतीय बैच का शुभारंभ किया गया। इस बैच में ग्रामीण क्षेत्र की 40 महिलाओं एवं किशोरियों का चयन किया गया है, जिन्हें सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चीनी मिल के अधिशासी अध्यक्ष ए.के. दीक्षित ने कहा कि महिला सशक्तीकरण के बिना देश का समुचित विकास संभव नहीं है। महिलाओं के आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होने से वे परिवार की आय बढ़ाने में पुरुषों का सहयोग कर सकेंगी। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता दिवस 2024 पर मिल प्रबंधन ने महिलाओं को स्वावलंबी बनाने का संकल्प लिया था। इसके तहत अब तक 80 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्रशिक्षण के दौरान कंप्यूटर शिक्षा भी दी गई और केंद्र को 10 सिलाई मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं। श्रीमती रंजना दीक्षित ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद महिलाओं की रुचि के अनुसार अचार, सर्फ, टोकरी, पापड़ और पर्स आदि घरेलू उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। सप्ताह में एक दिन किशोरियों से संवाद कर उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन अधिशासी उपाध्यक्ष विवेक तिवारी ने किया। इस दौरान केपी सिंह, प्रमोद मेंहदियान, अनिल शर्मा, आशुतोष त्रिपाठी सहित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।



सजावटी लाइटों से जगमगायेगा अलीगंज रोड, पालिकाध्यक्ष ने किया शुभारंभ



गोला गोकर्णनाथ, खीरी।वीओएल। पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के अंतर्गत नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ द्वारा अलीगंज रोड पर लगाई गई डेकोरेटिव लाइटों का पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने सभासदों एवं गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में ट्रायल के रूप में शुभारंभ किया। लाइटों से मार्ग की सुंदरता और आकर्षण बढ़ गया।

इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि पवित्र श्रावण मास में छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ में लाखों श्रद्धालु और कांवड़िए भगवान गोकर्णनाथ के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा और नगर की सुंदरता को ध्यान में रखते हुए प्रथम चरण में सदर चौराहे से शिव चैराहे तक डेकोरेटिव लाइटें लगाई गई हैं।

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में नगर के अन्य प्रमुख मार्गों पर भी डेकोरेटिव लाइटें लगाई जाएंगी। श्रावण मास में छोटी काशी आने वाले श्रद्धालुओं को नगर की भव्यता और सुंदरता का बेहतर अनुभव मिले, यही नगर पालिका का उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि शेष कार्य जल्द पूरा कर डेकोरेटिव लाइटों का भव्य शुभारंभ किया जाएगा।

कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा, भाजपा नगर अध्यक्ष विनोद स्वर्णकार, वरिष्ठ नेता अशोक सक्सेना, सभासद हरिओम वर्मा, रज्जन खान, धर्मेंद्र वाल्मीकि, रियाजुद्दीन, सुशील कश्यप, इजरान अहमद, नामित सभासद एसपी चैहान, रामचंद्र राठौर, राहुल भारती, गीता विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में सभासद, भाजपा पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक एवं पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

राजकीय रेशम फार्म जागरूकता अभियान संपन्न



मैगलगंज-खीरी। राजकीय रेशम फार्म जागरूकता कार्यक्रम कस्बा क्षेत्र के धर्मखेड़ा में शनिवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को रेशम कीट पालन की वैज्ञानिक पद्धतियों की जानकारी देकर उनकी आय बढ़ाने के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम में केंद्रीय रेशम बोर्ड के वैज्ञानिक विपिन कुमार, राज्य रेशम विभाग के एएसडीओ महेंद्र शंकर तथा तकनीकी विशेषज्ञ इंदर सिंह ने किसानों को रेशम कीट पालन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी। विशेषज्ञों ने रेशम कीटों में होने वाले रोगों, कीट प्रबंधन, देखभाल तथा बेहतर गुणवत्ता वाले कोकून उत्पादन के वैज्ञानिक तरीकों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान रेशम कीट पालन कर रहे किसानों की समस्याओं को भी सुना गया और उनके समाधान के लिए आवश्यक तकनीकी सुझाव दिए गए। विशेषज्ञों ने किसानों को रेशम उत्पादन में स्वच्छता, उचित तापमान एवं नमी बनाए रखने तथा वैज्ञानिक विधियों को अपनाने पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम में मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता को लेकर भी किसानों को जागरूक किया गया। किसानों को मिट्टी की जांच कराने, मृदा की आवश्यकता के अनुसार उर्वरकों का संतुलित प्रयोग करने तथा अत्यधिक रासायनिक उर्वरकों के इस्तेमाल से होने वाले नुकसान के प्रति सचेत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया और विशेषज्ञों से अपनी समस्याओं एवं जिज्ञासाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस जागरूकता कार्यक्रम से किसानों को रेशम उत्पादन, वैज्ञानिक कीट पालन तथा टिकाऊ कृषि के क्षेत्र में महत्वपूर्ण जानकारी मिली, जिससे उनकी आय बढ़ाने की दिशा में नई संभावनाएं विकसित होने की उम्मीद है।

ज्कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता, भूगर्भ जल विभाग, खण्ड - यॉंत्रिक अयोध्या, एम.एल.आई.जी.-22, फेज-1, कौशलपुरी, अयोध्या।

पत्रांकः- /भू0ज0वि0खं0याँ0/पीजोमीटर्स-2026-27/अयोध्या/ दिनांक ,2026

ई-निविदा सूचना (अल्पकालीन) 2026-27

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा मध्यम गहरें पीजोमीटर के निर्माण कार्य हेतु भूगर्भ जल विभाग, उ0प्र0 मे पंजीकृत निविदा दाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	ई-निविदा सूचना (अल्पकालीन) संख्या	जनपद का नाम	कार्य का विवरण में)	लागत (लाख रू (रू.) (जी.एस.टी. रहित)	धरोहर धनराशि मूल्य (रू.)	निविदा प्रपत्र का अवधि (जी.एस.टी. सहित	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	02/पीजोमीटर्स/ अयोध्या/ 2026-27	अयोध्या	Construction of 05 No. medium deep Piezometers at various blocks of Distt. Ayodhya.	14.81	150000.00	854.00	60 दिवस
2	03/पीजोमीटर्स/ अयोध्या/ 2026-27	अम्बेडकर नगर	Construction of 05 No. medium deep Piezometers at various blocks of Distt. Ambedkar Nagar.	14.82	150000.00	854.00	60 दिवस
3	04/पीजोमीटर्स/ अयोध्या/ 2026-27	अमेठी	Construction of 05 No. medium deep Piezometers at various blocks of Distt. Amethi.	14.81	150000.00	854.00	60 दिवस

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 13-08-2026 से 31-08-2026 तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 31-08-2026 को समय दोपहर 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 31-08-2026 को अपरान्ह 01:00 बजे ऑनलाईन खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(पुनीत मौर्या)
अधिशासी अभियन्ता

UPID-254586 Date: 07.08.26
Website : www.upgov.nic.in

संक्षेप

बारिश के मौसम में करंट फैलने का खतरा

महराजगंज, रायबरेली। नगर पंचायत महराजगंज के विभिन्न वार्डों में लाखों रुपये की लागत से लगाए गए टीडीएसपी (पानी की टंकी सहित बोरिंग) और वाटर कूलर के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लोहे के खंभों पर बंधे नजर आ रहे हैं। बारिश के मौसम में खुले में लोहे के खंभों पर लगे इन विद्युत उपकरणों को लेकर लोगों में सुरक्षा की चिंता बढ़ गई है। गौरतलब है कि चार दिन पूर्व श्री जसवंत्री मंदिर परिसर में विद्युत उपकरण से लोहे के खंभे में करंट उतरने से दो बकरियों की मौत हो गई थी, जबकि एक बच्ची बाल-बाल बच गई थी। इसके बावजूद नगर पंचायत के जिम्मेदारों द्वारा विभिन्न स्थानों पर खुले में लगे विद्युत उपकरणों को लेकर अब तक प्रभावी कदम नहीं उठाए जाने से लोगों में नाराजगी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के दौरान विद्युत उपकरणों और लोहे के खंभों में नमी के कारण करंट उतरने की आशंका बनी रहती है। ऐसे में राहगीरों, बच्चों और आसपास रहने वाले लोगों की जान पर खतरा मंडरा सकता है। मामले की पड़ताल के दौरान दानेश्वर मंदिर के बगल लगे फ्रीजर, पूरे सुखई तिराहे पर लगे फ्रीजर के विद्युत पोल तथा पूरे रानी में टीडीएसपी के लोहे के स्टैंड पर विद्युत उपकरण खुले आसमान के नीचे लगे दिखाई दिए। लोगों का आरोप है कि सुरक्षा मानकों की अनदेखी कर लगाए गए ये उपकरण किसी बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं। स्थानीय नागरिकों ने नगर पंचायत प्रशासन से मांग की है कि विभिन्न वार्डों में लगे टीडीएसपी और वाटर कूलर के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का तत्काल निरीक्षण कराया जाए तथा बारिश के दौरान करंट और जनहानि के संभावित खतरे को देखते हुए इन्हें सुरक्षित स्थान पर स्थापित कराया जाए। वहीं मामले में नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी रामाशीष ने कहा कि सुरक्षा को देखते हुए जल्द ही खुले स्थानों पर लगे इन उपकरणों को हटाकर सुरक्षित स्थान पर स्थापित कराया जाएगा।

नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विवि के महिला अध्ययन केंद्र द्वारा गोद लिए गए गाँव माधवपुर मसौधा में नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में स्वागत उद्बोधन देते हुए प्रो. तुहिना वर्मा ने कहा कि तंबाकू हो या मोबाइल, किसी भी प्रकार की लत हानिकारक होती है। उन्होंने कहा कि बच्चे बड़ों को देखकर ही सीखते हैं, इसलिए परिवार के सदस्यों को हर प्रकार के नशे से बचना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ी पर इसका कुप्रभाव न पड़े। मुख्य वक्ता विधि विभाग के संकायाध्यक्ष प्रो. अजय सिंह ने कहा कि नशा मुक्ति को लेकर सरकार बड़े स्तर पर मुहिम चला रही है। उन्होंने महिलाओं से इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील करते हुए कहा कि नशे की लत से ग्रसित व्यक्ति से दूरी बनाने के बजाय उसे प्यार से समझाएं व आवश्यकता पड़ने पर ग्राम प्रधान या रिश्तेदारों की मदद लें। प्रो. सिंह ने नशे के कारण होने वाली घरेलू हिंसा से बचाव के लिए श्घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 तथा बाल संरक्षण से जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने अवैध मादक पदार्थों की बिक्री या तस्करी की सूचना पुलिस व संबंधित अधिकारियों को देने के लिए प्रेरित किया और महिलाओं के सशक्त व स्वावलंबी होने पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. स्नेहा पटेल द्वारा किया गया।

अयोध्या में महिलाएं तैयार कर रहीं 2.50 लाख तिरंगे

772 ग्राम पंचायतों में तिरंगा पहुंचाने की तैयारी, 309 समूह सदस्य निभा रहे राष्ट्रभक्ति की जिम्मेदारी



अयोध्या। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चल रहे आत्मनिर्भर समूह अभियान को प्रदेश भर में जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। इसी क्रम में अयोध्या जनपद में भी महिला स्वयं सहायता समूहों ने राष्ट्रभक्ति का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करते हुए तिरंगा निर्माण का कार्य तेजी से आगे बढ़ाया है। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत अयोध्या में 2.50 लाख तिरंगे झंडे बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसे पूरा करने में महिला समूह पूरी तरह जुटे हुए हैं।

जनपद अयोध्या के 11 विकास खंडों में कुल 772 ग्राम पंचायतें हैं। इन पंचायतों में तिरंगा पहुंचाने की तैयारी जोरों पर है। इस कार्य में 86 स्वयं सहायता समूह सक्रिय रूप से लगे हुए हैं, जिनमें कुल 309 समूह सदस्य राष्ट्रभक्ति की इस जिम्मेदारी को निभा रहे हैं। महिलाओं की मेहनत और लगन से अयोध्या में अब तक 73,390 राष्ट्रीय ध्वज बनकर तैयार हो चुके हैं। शेष झंडों का निर्माण कार्य भी निरंतर जारी है। यह अभियान न केवल राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है, बल्कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का भी माध्यम बन रहा है। स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं घर बैठे ही राष्ट्रीय ध्वज का निर्माण कर आय अर्जित कर रही हैं और साथ ही हर घर में तिरंगा पहुंचाने का संकल्प भी पूरा कर रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आत्मनिर्भर भारत और हर घर तिरंगा के दोहरे लक्ष्य को अयोध्या की महिलाएं अपने परिश्रम से साकार करने में जुटी हुई हैं। तारुन विकास खंड में सबसे अधिक 97 ग्राम पंचायतें हैं और यहां 31,331 झंडे बनाने का लक्ष्य रखा गया है। रूदौली में 89 पंचायतें हैं और लक्ष्य 28,991 झंडों का है। मयाबाजार में 83 पंचायतों के लिए 26,809 झंडे निर्धारित हैं। मिल्कीपुर में 77 पंचायतें और 25,071 झंडे, बीकापुर में 75 पंचायतें तथा 24,325 झंडे का लक्ष्य है। अमानीगंज में 73 पंचायतों के लिए 23,579 झंडे बनाने हैं। इसी तरह हैरिटनगंज में 60 पंचायतें और 19,480 झंडे, मसौधा में 57 पंचायतें तथा 18,411 झंडे, सोहावल में 56 पंचायतें और 18,088 झंडे, पूराबाजार में 54 पंचायतें तथा 17,442 झंडे, जबकि मवई में 51 पंचायतों के लिए 16,473 झंडे बनाने का लक्ष्य रखा गया है। सबसे अधिक समूह सदस्यों की संख्या अमानीगंज (41) और मसौधा (42) में है, जो निर्माण कार्य में सक्रिय रूप से जुटे हैं। जिला मिशन प्रबंधक सरिता वर्मा ने कहा कि अयोध्या की स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं आज अपने हुनर और मेहनत से न केवल परिवार की आय बढ़ा रही हैं, बल्कि राष्ट्रभक्ति की भावना को भी नई ऊंचाई दे रही हैं। तिरंगा निर्माण से जुड़कर महिलाएं आत्मनिर्भरता के साथ देशसेवा का संदेश दे रही हैं। उनके हाथों से तैयार हो रहा प्रत्येक तिरंगा उनके परिश्रम, स्वाभिमान और राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रतीक है। यह अभियान महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ उनमें नेतृत्व और आत्मविश्वास की भावना को भी मजबूत कर रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय टीम द्वारा गांवों में पहुंचकर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के तिरंगा निर्माण कार्य का निरीक्षण भी किया गया। मिशन प्रबंधक राज बहादुर एवं मिशन एग्जिक्यूटिव अवनीश पाण्डेय ने निर्माण स्थल पर पहुंचकर महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे झंडों का अवलोकन किया तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप तिरंगा तैयार करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। टीम ने महिलाओं के कार्य की सराहना करते हुए उन्हें गुणवत्ता के साथ अधिक से अधिक तिरंगे तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया। उप आयुक्त स्वतः रोजगार सरिता गुप्ता ने बताया कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है और निर्धारित मानकों के अनुरूप ही झंडे तैयार किए जा रहे हैं। शेष लक्ष्य को शीघ्र पूरा करने के लिए समूहों को अतिरिक्त सहयोग भी उपलब्ध कराया जा रहा है। अयोध्या की धरती से लहराते ये तिरंगे न केवल देशभक्ति का संदेश देंगे, बल्कि महिलाओं की सामूहिक शक्ति का भी प्रमाण बनेंगे।

दस अगस्त से निकलेगी तिरंगा यात्रा

अयोध्या। भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अवधेश द्विवेदी ने कहा कि तिरंगा यात्रा और कलश वंदन अभियान को सफल बनाने में कार्यकर्ता जुटें। उन्होंने कहा कि दोनों अभियानों में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी हो। उन्होंने शनिवार को सर्किट हाउस में पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक की। 10 अगस्त से शुरू होने वाली तिरंगा यात्रा अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। संत रविदास के 650वें जयंती वर्ष में चल रहे कलश वंदन अभियान की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि दोनों अभियानों के माध्यम से संगठन के कार्यकर्ता जनसंपर्क को और व्यापक बनाएं तथा कार्यक्रमों में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करें। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि तिरंगा यात्रा की शुरूआत 10 अगस्त को करियप्पा मंडल से होगी। इसमें प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही शामिल होंगे। 13 अगस्त को जिला व महानगर ईकाई द्वारा संयुक्त रूप से तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। इसकी अगुवाई पूर्व डिप्टी सीएम व राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा करेंगे। इसके अलावा प्रत्येक मंडल तथा वार्डवार यात्राएं निकाली जाएंगी। बताया कि यात्रा को लेकर तैयारियां चल रही हैं। कार्यकताओं को जिम्मेदारियां सौंपी जा रही हैं।

48 लाख की जमीन के सौदे को लेकर बहनोई की हत्या, साले समेत 4 गिरफ्तार



सुलतानपुर (वीओएल)। कोतवाली नगर क्षेत्र के लोलेपुर चैहानी के पास जल जीवन मिशन के तालाब में दो अगस्त को मिले 25 वर्षीय मोहम्मद शाकिब के शव की गुत्थी पुलिस ने सुलझाने का दावा किया है। पुलिस के मुताबिक हाईवे किनारे स्थित पांच विश्वा जमीन के 48 लाख रुपये में हुए सौदे को लेकर शाकिब की हत्या की गई थी। मामले में मृतक के साले समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार गोसाईगंज थाना क्षेत्र के फरीदीपुर निवासी शाकिब अपने ननिहाल लोलेपुर चैहानी में रहता था। उसकी नानी ने उसे मकान और हाईवे किनारे पांच विश्वा जमीन दी थी। शाकिब ने जमीन बेचने का सौदा 48 लाख रुपये में किया था और दो लाख रुपये एडवांस मिलने के बाद बैंक खाता खुलवाया था। पुलिस का दावा है कि शाकिब के साले सलमानुल हक उर्फ सलमान को आशंका थी कि जमीन की रकम शराब में खर्च हो सकती है। इसी के चलते उसने दोस्त मोहम्मद जिशान, मोहम्मद हुसैन और शाकिब के दोस्त सलमान अहमद के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। आरोप है कि सलमान शाकिब को शराब पिलाने के बहाने बाहर ले गया। बाग में तीन अन्य आरोपी पहले से मौजूद थे। वहां दुपट्टे से गला घोंटकर शाकिब की हत्या कर दी गई और शव तालाब में फेंक दिया गया। पुलिस ने चारों आरोपियों को लोलेपुर चैहानी से बाईपास जाने वाली सड़क के पास गिरफ्तार किया। एसपी चारू निगम ने बताया कि आरोपियों को न्यायालय भेजा जा रहा है। घटना के सफल अनावरण पर पुलिस टीम को 25 हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया। पुलिस ने शाकिब की पत्नी शब्बो की हत्या में प्रत्यक्ष संलिप्तता से इनकार किया है।

न ओटीपी न हस्ताक्षर फिर भी खाते से उड़ गये 37,900

सुलतानपुर (वीओएल)। कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के नरायनपारा गांव निवासी पंकज मौर्य के बैंक खाते से बिना अनुमति 37,900 निकाले जाने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी तहरीर में अज्ञात साइबर ठगों पर यूपीआई हैक कर रकम निकालने का आरोप लगाया है। पंकज के अनुसार, उनका आईसीआईसीआई बैंक की नोएडा सेक्टर-48 शाखा में बचत खाता है। 30 जुलाई को शाम करीब 6:59 बजे उनके खाते से 37,900 का यूपीआई ट्रांजेक्शन हो गया। मोबाइल पर रकम निकाले जाने का मैसेज आने के बाद उन्हें घटना की जानकारी हुई। पीड़ित का कहना है कि उन्होंने न तो किसी रकम की निकासी की और न ही किसी व्यक्ति के साथ ओटीपी साझा किया था। उनके खाते से गूगल-पे यूपीआई जुड़ा हुआ है। जानकारी होते ही उन्होंने बैंक से संपर्क कर शिकायत दर्ज कराई और कार्ड ब्लॉक कराया। बैंक की ओर से शिकायत संख्या भी दी गई। पीड़ित ने तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर भी शिकायत दर्ज कराई। कादीपुर पुलिस से अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। कादीपुर कोतवाल ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

नींव के पास पौधा लगाने से रोका तो रॉड से हमला

सुलतानपुर (वीओएल)। कूरेभार थाना क्षेत्र के धर्मदासपुर गांव में नींव के पास पौधा लगाने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि विरोध करने पर चार लोगों ने महिला और बीच-बचाव करने आए ग्रामीण पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। गांव निवासी राकिया पत्नी खुशनसीम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि तीन अगस्त को दोपहर करीब दो बजे वह नींव के पास पौधा लगा रही थीं। इसी दौरान भुगुन, विपिल, कर्मवीर और तस्लीम ने गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर पहुंचे अरबी ने बीच-बचाव का प्रयास किया तो आरोपियों ने उसे भी पीट दिया। राकिया के सिर, कंधे, हाथ और पैर में चोटें आईं, जबकि अरबी के हाथ-पैर में चोट लगी। आरोप है कि आरोपियों ने परिवार को जान से मारने की धमकी देने के साथ बाहर रखा एलबेस्टर भी तोड़ दिया, जिससे करीब 25 हजार रुपये का नुकसान हुआ। कूरेभार थाना प्रभारी ने मुकदमा दर्ज किए जाने की पुष्टि की है।

पीएम ई-विद्या को जन-जन तक पहुंचायेंगे शिक्षक शैलेंद्र चतुर्वेदी



सुलतानपुर (वीओएल)। गुणवत्तापूर्ण डिजिटल शिक्षा को हर विद्यार्थी तक पहुंचाने के लिए संचालित पीएम ई-विद्या अभियान के प्रचार-प्रसार में सुलतानपुर भी अहम भूमिका निभाएगा। एससीईआरटी उत्तर प्रदेश के पांच दिवसीय प्रशिक्षण के बाद पीएम श्री केश कुमारी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के भौतिक विज्ञान प्रवक्ता एवं राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक शैलेंद्र चतुर्वेदी को जनपद में एडवोकेसी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। एससीईआरटी के संयुक्त निदेशक पवन सचान के निर्देशन में तीन से सात अगस्त तक आयोजित प्रशिक्षण में शिक्षकों को डिजिटल कंटेंट डिजाइन, शैक्षिक वीडियो निर्माण, स्टूडियो प्रस्तुतीकरण, गुणवत्ता मूल्यांकन और प्रभावी डिजिटल शिक्षण की तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। शैलेंद्र चतुर्वेदी ने जिला विद्यालय निरीक्षक सूर्य प्रकाश सिंह और सह जिला विद्यालय निरीक्षक जटा शंकर यादव के निर्देशन में प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया। अब विद्यालयों में शिक्षक अभिमुखीकरण, अभिभावक जागरूकता और सामुदायिक सहभागिता के जरिए पीएम ई-विद्या के ऐप, डीटीएच चैनलों, यूट्यूब समेत डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद संयुक्त निदेशक पवन सचान ने प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए।

माता प्रसाद पांडेय की हत्या में इस्तेमाल पिस्टल बरामद

सुलतानपुर (वीओएल)। कुड़वार पुलिस ने मार्च में हुए माता प्रसाद पांडेय हत्याकांड की विवेचना में अहम सफलता हासिल की है। पुलिस रिमांड पर लिए गए आरोपी केशरी उपाध्याय उर्फ मामा की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त 0.9 एमएम पिस्टल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। गौरतलब है कि 25 मार्च को कुड़वार कस्बे में गैस एजेंसी के सामने माता प्रसाद पांडेय की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद पुलिस ने कई आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। विवेचना के दौरान प्रयागराज निवासी केशरी उपाध्याय का नाम प्रकाश में आया। आरोपी ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया था, जिसके बाद कोर्ट की अनुमति से पुलिस ने उसे कस्टडी रिमांड पर लिया। शनिवार को पुलिस टीम आरोपी को ग्राम बांसी स्थित बरम बाबा मंदिर के पास आम के बाग में लेकर पहुंची। पुलिस के अनुसार आरोपी की निशानदेही पर पेड़ के नीचे मिट्टी में छिपाकर काले रंग की पॉलीथिन में रखी पिस्टल और कारतूस बरामद किए गए। बरामदगी के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत भी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि बरामद हथियार को विवेचना में महत्वपूर्ण साक्ष्य के रूप में शामिल किया जाएगा। मामले में अन्य पहलुओं की भी जांच जारी है।

रास्ते के विवाद में झगड़ रहे भड़के लोग तीन भाइयों को रॉड से पीटा, केस दर्ज

सुलतानपुर (वीओएल)। गोसाईगंज थाना क्षेत्र में टाटियानगर के पास रास्ते में विवाद कर रहे लोगों को साइड होने के लिए कहना एक युवक और उसके भाइयों को भारी पड़ गया। सुरौली गांव निवासी अफरोज ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार को करीब 11 बजे वह सुलतानपुर जा रहा था। टाटियानगर के पास आठ-दस लोग रास्ते में आपस में झगड़ रहे थे। अफरोज ने वाहन रोककर रास्ता देने के लिए कहा तो आरोप है कि सभी ने गाली-गलौज शुरू कर दी। इसके बाद लोहे की रॉड और केबल के तार से अफरोज तथा उसके भाई अरसद और फिरदौष की पिटाई कर दी। हमले में अफरोज के सिर, हाथ, पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं तथा नाक से खून निकलने लगा। दोनों भाइयों को भी चोटें लगीं। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। गोसाईगंज थानाध्यक्ष अखण्डदेव मिश्रा ने बताया कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

बीएमपीएस में अध्यापक-अभिभावक संगोष्ठी संपन्न

लालगंज,रायबरेली। कस्बे के बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज में सत्र-2026 की प्रथम अभिभावक-अध्यापक संगोष्ठी संपन्न हुई। उल्लेखनीय है कि बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल अपनी अद्वितीय शैक्षिक प्रणाली के लिए प्रसिद्ध है। सत्र-2026 की प्रथम मासिक परीक्षा के उपरांत नर्सरी से कक्षा-12 तक के छात्र-छात्राओं की प्रोग्रेस रिपोर्ट से संबंधित जानकारी विद्यालय परीक्षा विभाग की ओर से अभिभावकों से साझा की गई। अभिभावकों में अपने पाल्यों की परीक्षा कापियों का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर उपस्थित बीएमपीएस के प्रबंध निदेशक सुनील सिंह ने कहा बीएमपीएस ग्रुप का उद्देश्य छात्रों का सर्वांगीण विकास करना है इसके लिए उन्होंने अभिभावकों से भी सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि छात्रों के चतुर्दिक विकास के लिए अभिभावकों, अध्यापकों और प्रबंधन के मध्य सामंजस्य आवश्यक है इसलिए अभिभावक भी विद्यालय प्रबंधन और अध्यापकों के साथ तालमेल बनाते हुए अपने पाल्यों के प्रति सचेत रहें। अभिभावकों ने विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था और अनुशासन के प्रति संतोष जताया।

दीक्षोत्सव खेल प्रतियोगिता का समापन



अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के 31वें दीक्षांत समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित पांच दिवसीय दीक्षोत्सव खेल प्रतियोगिता-2026 का शुक्रवार को समापन हुआ। समापन समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल व पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। संरक्षक व कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन और प्रो. हिमांशु शेखर सिंह के संयोजन में आयोजित इस पांच दिवसीय महोत्सव में विश्वविद्यालय व संबद्ध महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेल स्पधाओं में अपनी प्रतिभा, अनुशासन और खेल भावना का परिचय दिया। अंतिम दिन व प्रमुख स्पधाओं के परिणाम में वन-लेग रेस- पुरुष वर्ग में आलोक (विजेता) व शिव (उपविजेता); महिला वर्ग में काजल (प्रथम) व अर्पना (द्वितीय)। डिस्कस थ्रो- पुरुष वर्ग में अभिजीत सिंह (विजेता) व गौरवनाथ (उपविजेता); महिला वर्ग में ज्योति (प्रथम) व अंकिता (द्वितीय)। गिल्ली-डंडा- रजनीश सिंह की टीम (विजेता) तथा ऐश्वर्य मिश्रा की टीम (उपविजेता)। स्लो साइकिल रेस- अरविन्द यादव (प्रथम) व चमन (द्वितीय)। वॉलीबॉल- महिला वर्ग - देव इंद्रावती कटेहरी पीजी कॉलेज (विजेता) व साकेत पीजी कॉलेज (उपविजेता)। पुरुष वर्ग- शारीरिक शिक्षा विभाग (विजेता) व बाबा विश्वनाथ पीजी कॉलेज (उपविजेता)। बैग रेस- पुरुष वर्ग में सुमित (प्रथम) व सचिन (द्वितीय); महिला वर्ग में शालिनी (प्रथम) व मोनिका (द्वितीय)। समारोह में कुलपति डॉ. विजेन्द्र सिंह ने खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास, अनुशासन और मेहनत के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया तथा विश्वविद्यालय की भावी खेल योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रो. हिमांशु शेखर सिंह ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया, संचालन डॉ. अर्जुन सिंह ने किया तथा प्रतियोगिता प्रभारी डॉ. कपिल सिंह राणा एवं डॉ मंगलम सिंह ने आयोजन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस दौरान विश्वविद्यालय के विभिन्न शिक्षक, अधिकारी, कोच व बड़ी संख्या में खेलप्रेमी मौजूद रहे।

पुस्तकालय का समुचित प्रयोग करें छात्र : डॉ. राजेश पांडेय



सुलतानपुर (वीओएल)। कमला नेहरू संस्थान के फरीदीपुर परिसर स्थित इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए चल रहे दीक्षारंभ-2026 कार्यक्रम के सातवें दिन पुस्तकालय के महत्व पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता संस्थान के वरिष्ठ लाइब्रेरियन डॉ. राजेश पांडेय ने विद्यार्थियों को नियमित रूप से पुस्तकालय का उपयोग करने और पुस्तकों के अध्ययन की आदत विकसित करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. पांडेय ने कहा कि वर्तमान समय में मोबाइल फोन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल्स के बढ़ते प्रयोग के कारण विद्यार्थियों में पुस्तकों के अध्ययन की आदत कम होती जा रही है। उन्होंने कहा कि तकनीकी संसाधन उपयोगी हैं, लेकिन पुस्तकों के अध्ययन से प्राप्त समग्र ज्ञान और गहन समझ का कोई विकल्प नहीं है। विद्यार्थियों को अपने ज्ञानवर्धन और व्यक्तित्व विकास के लिए नियमित रूप से पुस्तकालय जाना चाहिए। इंजीनियरिंग संकाय के डीन एकेडमिक रत्नेश सिंह ने डॉ. राजेश पांडेय का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन मनोज भार्गव ने किया तथा अंत में सभी अतिथियों एवं विद्वजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। संस्थान के प्रबंधक एवं नगर विधायक विनोद सिंह ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए आयोजन मंडल को बधाई दी। कार्यक्रम में बीटेक व पालीटेक्निक प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं सहित विभागाध्यक्ष एवं शिक्षक मौजूद रहे।

कोतवाली में समाधान दिवस आयोजित

सलोन, रायबरेली। सलोन कोतवाली में तहसीलदार दीपिका सिंह की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें चार फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। हालांकि, मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका। कोतवाली प्रभारी संदीप कुमार राय ने पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी शिकायतों की गंभीरता से जांच कर समयबद्ध और निष्पक्ष तरीके से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तहसीलदार दीपिका सिंह ने कहा कि समाधान दिवस में प्राप्त प्रत्येक शिकायत की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की जाए।

एनएसबीवीएम में मना भारत छोड़ो आंदोलन

जिला संवाददाता (vol)

रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर रायबरेली में 'भारत छोड़ो आंदोलन' पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर एसएसटी टीचर प्रदीप शर्मा ने छात्र-छात्राओं को बताया कि महात्मा गांधी द्वारा ब्रिटिश शासन को समाप्त करने के उद्देश्य से यह आंदोलन द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 8 अगस्त 1942 को आरंभ किया गया था। यह ऐसा आंदोलन था जिसका लक्ष्य भारत से ब्रिटिश साम्राज्य को समाप्त करना था। यह आंदोलन महात्मा गांधी द्वारा अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के मुंबई अधिवेशन में प्रारंभ किया गया था। इस आंदोलन में लाखों आम हिंदुस्तानी शामिल थे। आंदोलन में गांधी जी का नेतृत्व ऐतिहासिक था। उनका कहना था कि भारत देश हमारा है और हमें अपना देश चाहिए। इसके लिए उन्होंने 'करो या मरो' का नारा भी दिया था। इसी क्रम में विद्यालय की छात्रा लारैब ने भारत छोड़ो आन्दोलन के विषय में अपने सहपाठियों को बताया कि यह आन्दोलन सही मायने में एक जन आन्दोलन था, जिसमें लाखों आम हिन्दुस्तानी शामिल थे। विशेषकर इस आन्दोलन ने युवाओं को बड़ी संख्या में अपनी ओर आकर्षित किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य श्री तारकेश्वर सिंह जी ने बच्चों के प्रति अपने संबोधन में कहा कि भारत छोड़ो आंदोलन 'अगस्त क्रांति' के नाम से भी जाना जाता है। इस आंदोलन में स्वतंत्रता सेनानियों के अलावा विशाल जन समुदाय ने भी भाग लिया था। जिसमें ब्रिटिश पुलिस द्वारा लाठी चार्ज और हिंसा में कई लोग घायल व शहीद हो गए थे। आज हम उन सभी आजादी के मतवालों को शत-शत नमन करते हैं, जिनके कारण अपना देश आजाद हुआ।

जय हिंद, जय भारत।

इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

विधायक निधि की हाईमास्ट लाइट हुई 'फुस्स', नवोदय चौराहे पर छाया अंधेरा, शिकायत नंबर भी 'लापता'

महराजगंज, रायबरेली। विकास के दावों को मुंह चिढ़ाती एक बड़ी लापरवाही कोतवाली क्षेत्र के प्रमुख नवोदय चौराहे पर देखने को मिल रही है, जहाँ लाखों की लागत से लगी विधायक निधि की हाईमास्ट लाइट पिछले कई दिनों से पूरी तरह गुल है। लाइट के चार हईलोजन बंद होने के कारण सूरज ढलते ही पूरा चौराहा अंधेरे के आगोश में समा जाता है, जिससे स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि सिस्टम की लापरवाही यहीं खत्म नहीं होती; लाइट को ठीक कराने के लिए पोल पर जो शिकायत नंबर लिखा गया है, वह भी पूरी तरह बंद आ रहा है। नंबर पर संपर्क न होने से आक्रोशित ग्रामीणों में अब तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गई हैं। दुकानदारों और राहगीरों की बढ़ी मुसीबत, हादसों को दावत नवोदय चौराहा क्षेत्र का बेहद व्यस्ततम इलाका है, जहाँ देर रात तक राहगीरों और वाहनों का आना-जाना लगा रहता है। स्थानीय दुकानदार सुरेश यादव और मानस सोनकर ने गहरा रोष व्यक्त करते हुए बताया कि चौराहे पर अंधेरा होने की वजह से शाम होते ही उनका व्यापार प्रभावित होने लगता है। आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है, साथ ही अंधेरे का फायदा उठाकर असामाजिक तत्वों के जुटने का डर भी सताने लगा है। लाखों रुपये खर्च होने के बाद भी जनता को इसका कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। रोष जताते हुए कहा कि जब शिकायत के लिए दिया गया नंबर ही काम नहीं कर रहा, तो जनता अपनी गुहार लेकर कहाँ जाए? स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन और संबंधित कार्यदायी संस्था से मांग की है कि इस बंद पड़ी हाईमास्ट लाइट को अविलंब ठीक कराया जाए और शिकायत नंबर को चालू किया जाए, ताकि राहगीरों और दुकानदारों को इस मानसिक और आर्थिक परेशानी से निजात मिल सके।

सरयू हमारी सांस्कृतिक व आध्यात्मिक पहचान

- इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ रिवर के बीच सरयू नदी के संरक्षण, पुनर्जीवन एवं सतत प्रबंधन के लिए एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर



अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विवि व इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ रिवर के बीच सरयू नदी के संरक्षण, पुनर्जीवन एवं सतत प्रबंधन हेतु एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह सप्ताह के दौरान श्रीराम शोध पीठ में आयोजित कार्यक्रम में यह समझौता कुलसचिव विनय कुमार सिंह एवं वित्त अधिकारी पूर्णेन्दु शुक्ल, विभागाध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार चैधरी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। सरयू रिवर रिसर्च लेबोरेटरी एमओयू के तहत विवि में वैज्ञानिक अनुसंधान, जल गुणवत्ता, प्रदूषण और नदी पारिस्थितिकी के अध्ययन के लिए विशेष प्रयोगशाला स्थापित की जाएगी। दोनों संस्थान मिलकर शोध परियोजनाओं, तकनीकी ज्ञान के आदान-प्रदान, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और विद्यार्थियों के लिए अनुसंधान अवसरों को बढ़ावा देंगे। पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ. बिस्वजीत राय चैधरी ने वॉटर रिसोर्

संक्षेप

15 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण निःशुल्क

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड की माटीकला कौशल विकास योजना के अंतर्गत माटीकला के कारीगरों एवं शिल्पियों को अपना उद्यम सुचारु एवं आधुनिक ढंग से संचालित करने के उद्देश्य से 15 दिवसीय निःशुल्क आवासीय माटीकला शिल्पकारी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।यह जानकारी देते हुए जिला ग्रामोद्योग अधिकारी विनय कुमार ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा स्थापित मण्डलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र, खजनी, गोरखपुर में आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रत्येक प्रशिक्षार्थी को प्रशिक्षुवृत्ति (स्टाइपेंड) भी प्रदान की जाएगी।उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के लिए अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होना तथा साक्षर होना अनिवार्य है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के ऐसे इच्छुक माटीकला कारीगर एवं शिल्पी, जो निर्धारित पात्रता रखते हों।

सांसद ने किया ट्रामा सेंटर का निरीक्षण



देवरिया। देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज परिसर में निमार्णाधीन/संचालित ट्रामा सेंटर का शनिवार को सदर सांसद शशांक मणि ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ट्रामा सेंटर में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं, चिकित्सकीय व्यवस्थाओं, उपकरणों, साफ-सफाई तथा मरीजों के उपचार से संबंधित व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। सांसद ने चिकित्सकों एवं मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों से आवश्यक जानकारी लेते हुए मरीजों को बेहतर और त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

- मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने पर दिया जोर

निरीक्षण के दौरान सांसद ने ट्रामा सेंटर के विभिन्न कक्षों का भ्रमण किया तथा आपातकालीन स्थिति में आने वाले मरीजों को तत्काल उपचार उपलब्ध कराने की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता, उनकी कार्यशील स्थिति तथा गंभीर मरीजों के लिए आवश्यक सुविधाओं के संबंध में भी अधिकारियों से चर्चा की।सांसद शशांक मणि ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं एवं अन्य गंभीर आपातकालीन मामलों में समय पर उपचार मिलना बेहद महत्वपूर्ण है। ट्रामा सेंटर के माध्यम से गंभीर रूप से घायल मरीजों को स्थानीय स्तर पर बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि देवरिया और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है।

उन्होंने मेडिकल कॉलेज प्रशासन से कहा कि मरीजों और उनके तीमारदारों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। आपातकालीन सेवाओं को प्रभावी बनाए रखने के साथ ही चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी उन्होंने जोर दिया।सांसद ने परिसर में साफ-सफाई, पेयजल, बिजली, मरीजों के बैठने तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों के साथ संवेदनशीलता एवं मानवीय व्यवहार किया जाए और जरूरतमंद मरीजों को समय से उपचार उपलब्ध कराया जाए।

इस दौरान मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक, अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।निरीक्षण के दौरान सांसद ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने के लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार लगातार प्रयास कर रही है। मेडिकल कॉलेज और ट्रामा सेंटर के बेहतर संचालन से देवरिया सहित आसपास के जिलों के लोगों को भी इसका लाभ मिलेगा। इस दौरान मेडिकल कॉलेज की प्राचार्या, सी एम एस डा एच के मिश्रा, जिला मंत्री डा हेमंत मिश्रा, आनंद शाही, शैलेन्द्र सिंह आजाद, मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, राघवेंद्र विक्रम सिंह, सुधीर श्रीवास्तव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

पीटीएम की बैठक अब 13 को

देवरिया। ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाली ग्राम बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति तथा अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) की तिथि में परिवर्तन किया गया है। अब यह बैठक 12 अगस्त के स्थान पर 13 अगस्त को अपराह्न 1:30 बजे से 2:30 बजे तक ग्राम पंचायत स्तर पर स्थित सभी परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में आयोजित की जाएगी। बैठक की तिथि में यह परिवर्तन जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार किया गया है जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की पहल पर जनपद देवरिया में पहली बार ग्राम बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक तथा अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) एक साथ आयोजित की जा रही है। जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार मिशन वात्सल्य योजना के उद्देश्यों के अनुरूप बच्चों के संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं समग्र विकास के लिए ग्राम स्तर पर प्रभावी समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से जनपद की समस्त ग्राम पंचायतों में ग्राम बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक आयोजित की जाएगी।

देश की आजादी में क्रांति की अहम भूमिका

देवरिया। भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ पर भाजपा किसान मोर्चा कार्यकर्ताओ ने नगर पालिका देवरिया स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण-पुष्पांजलि कर अगस्त क्रांति के क्रन्तिकारियो को याद किया।इस अवसर पर उपस्थित किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि 8 अगस्त 1942 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में देश के आजादी के लिए भारत छोड़ो आन्दोलन की शुरूआत हुई, महात्मा गांधी ने ब्रिटिश शासन को हटाने और देश को पूर्ण स्वतंत्रता दिलाने के लिए आंदोलन के दौरान करो या मरो का ऐतिहासिक नारा भी दिया था। यह आंदोलन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में एक अहम क्षण था। जिसने अंग्रेजों को दिखाया था कि वह लंबे समय तक भारत पर शासन नहीं कर सकते हैं।उन्होंने कहा कि भारत छोड़ो आंदोलन ने देशवासियो में अटूट एकता और राष्ट्रप्रेम को जगाया। पूर्व मीडिया प्रभारी भाजपा अम्बिकेश पांडेय ने कहा भारत छोड़ो आंदोलन ने ब्रिटिश साम्राज्य की नींव हिला दिया और देश की आजादी में इस आंदोलन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।इस आंदोलन ने युवाओं में एक नयी ऊर्जा भरी।यह आंदोलन अंग्रेजी हुकूमत के शासन में अंतिम कील साबित हुआकार्यक्रम में मुख्य रूप से विजय कुशवाहा, वीरेंद्र पाठक, विजेंद्र चौहान, आदित्यनाथ मिश्र, राजू मिश्रा , सुमन्त, सूरज कुमार उपस्थित रहे।

एएनएम को परेशान करने के आरोप में युवक पर केस दर्ज

भटनी (देवरिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र के डुमरी स्थित एनपीएचसी में तैनात एएनएम की तहरीर पर पुलिस ने एक युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है। एएनएम ने आरोप लगाया है कि आरोपित मरीज बनकर स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचा और उपचार की बातचीत के दौरान कार्यालय की दीवार पर लिखा उसका मोबाइल नंबर नोट कर लिया। इसके बाद वह लगातार राजकीय कार्य के दौरान केंद्र पर पहुंचकर परेशान करने और कार्य में बाधा उत्पन्न करने लगा।तहरीर के मुताबिक, एएनएम प्रियंका राय 26 जून को अपने राजकीय कार्य में व्यस्त थीं। इसी दौरान एक मरीज बनकर केंद्र पर पहुंचा। आरोप है कि उपचार संबंधी बातचीत के बाद उसने कार्यालय की दीवार पर लिखा मोबाइल नंबर नोट कर लिया। इसके बाद वह आए दिन स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचकर इधर-उधर की बातें करते हुए मानसिक रूप से परेशान करने लगा।एएनएम ने आरोप लगाया कि आरोपित के लगातार हस्तक्षेप के कारण उन्हें राजकीय कार्य करने में परेशानी हो रही है। साथ ही राष्ट्रीय कार्यक्रमों के संचालन में भी व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। तहरीर में किसी अप्रिय घटना की आशंका जताते हुए आरोपित के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई थी।पुलिस ने तहरीर के आधार पर युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच में सामने आए तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सेंध काटकर घर में घुसे चोर, नकदी-आभूषण समेत लाखों का सामान चोरी

भटनी (देवरिया)।स्थानीय थाना क्षेत्र के सिंगहीडीह गांव में शुक्रवार की देर रात चोरों ने घर में सेंध काटकर भीषण चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर घर से पांच पेटियां उठाकर ले गए। इनमें रखे दो पुत्रियों के सोने-चांदी के आभूषण, करीब 40 हजार रुपये नकद, कपड़े समेत अन्य सामान शामिल हैं। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है।सिंगहीडीह निवासी आनंद यादव पुत्र स्व. जंगली यादव ने थाने में दी तहरीर में बताया कि आठ अगस्त की रात करीब 12 बजे के बाद अज्ञात चोर घर में सेंध काटकर दाखिल हुए। इसके बाद पांच पेटियां उठा ले गए। पेटियों में उनकी दो पुत्रियों के सोने-चांदी के आभूषण रखे थे। इनमें दो मंगलसूत्र, दो मंगटीका, एक हार, सोने की चेन और दो हथफूल समेत अन्य आभूषण शामिल थे।पीड़ित के अनुसार, दवा की दुकान से संबंधित कलेक्शन के करीब 40 हजार रुपये भी घर में रखे थे। चोर नकदी के साथ कपड़े भी उठा ले गए। घटना की जानकारी होने के बाद परिवार में मायूसी छा गई। पीड़ित ने अपने स्तर से काफी खोजबीन की, लेकिन चोरी गए सामान का पता नहीं चल सका।घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष पंकज गुप्ता पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण कर गृहस्वामी से घटना के संबंध में आवश्यक जानकारी ली। कुछ देर बाद क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी मनोज कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का नक्शा-नजरी तैयार कराया और पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इसके बाद फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल की फोटोग्राफी की और आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस डॉग स्क्वायड को भी मौके पर बुलाया गया। घटनास्थल से सुराग की तलाश में डॉग स्क्वायड गांव के दो घरों तक पहुंचा।

- सीओ ने किया घटना स्थल का निरीक्षण; डॉग स्क्वायड ने दो घरों तक पहुंचकर तलाशे सुराग

डीएम और एसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण



देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर ने जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने महिला बैरक के निरीक्षण के दौरान महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चों के लिए पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने तथा उनके नियमित टीकाकरण सहित बच्चों से संबंधित अन्य आवश्यक गतिविधियों एवं सुविधाओं का लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

जिलाधिकारी ने कारागार की पाकशाला का भी निरीक्षण किया तथा बंदियों को मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराते रहने के निर्देश दिए। विशेष सुरक्षा वाले बैरकों में विशेष सतर्कता बरतते हुए निगरानी बढ़ाने तथा वहां निरुद्ध बंदियों की गतिविधियों पर प्रभावी नजर रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जेल चिकित्सालय में भर्ती बीमार बंदियों का समुचित उपचार सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी बंदी को अनावश्यक रूप से जेल चिकित्सालय में भर्ती न रखा जाए। उन्होंने कम उम्र वाले युवक-युवतियों एवं महिला बंदियों, जो कारागार में निरुद्ध हैं, को कौशल विकास योजनाओं से जोड़ने तथा उनमें कौशल एवं दक्षता विकसित करने के निर्देश दिए जिलाधिकारी ने कारागार में ₹एक जेल एक उत्पाद₹ निर्मित उत्पादों को बढ़ावा देने तथा उनकी उत्पादकता एवं गुणवत्ता में वृद्धि के साथ-साथ उचित मार्केटिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि बंदियों द्वारा निर्मित उत्पादों के लिए बाजार उपलब्ध कराया जाए, जिससे उन्हें अपने उत्पादों का उचित लाभ मिल सके।

जिलाधिकारी ने सिद्धदोष 70 वर्ष से ऊपर के बुजुर्ग पुरुष बंदियों एवं 60 वर्ष से अधिक उम्र की सिद्धदोष महिला बंदियों की दया याचिका एवं समयपूर्व रिहाई के लिए नियमानुसार प्रस्ताव शासन को जेल स्तर से भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान यह भी निर्देश दिया कि जिन बंदियों को अधिवक्ता संबंधी विधिक सहायता नहीं मिल पा रही है, उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से शासकीय अधिवक्ता उपलब्ध कराया जाए, ताकि उनके मामलों की प्रभावी पैरवी के साथ साथ विधिक सहायता मिल सके। पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण के दौरान जेल की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा प्रत्येक गतिविधि पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जेल की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक न हो, यह हर हाल में सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक आशीष रंजन सहित अन्य जेल अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

घर में घुसकर दुष्कर्म करने की कोशिश : उलाहना देने पर किया मारपीट कर घायल

भटनी(देवरिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गाँव की एक महिला के घर में घुसकर दुष्कर्म करने की उलाहना देने जाते समय आधे दर्जन लोगो पर मारपीट का आरोप लगाते हुए महिला ने दिया थाने में तहरीर।थाने में महिला ने दिये गये तहरीर में लिखी है कि शुक्रवार के दिन में वर्षा हो रही थी ।गाँव के लोग विद्युत की समस्या पर आपस में विचार विमर्श कर रहे थे ।उसी समय मेरे ही गाँव का एक व्यक्ति घर में घुसकर दुष्कर्म का प्रयास करने लगता ।साथ कपडे फाड दिया अशलील हरकत करने लगा किसी तरस से भाग कर उसके घर उलाहना देने जा रही थी ।उसी समय उसके चार सहयोगी आकर गाली देते मारने पीटने लगे एक व्यक्ति के ईट से सिर पर गम्भीर चोट लग गयी ।जान बचाकर भागते समय जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये ।

रोटरी क्लब ने 51 पौध मां के नाम लगाये



देवरिया। रोटरी देवरिया सदर द्वारा सलेमपुर रोड स्थित राजकीय आईटीआई देवरिया के प्रांगण मे 51 पौधे लगा कर पौध रोपण के महाभियान का शरूवात्की ' संस्थान के प्रधानाचार्य के के राम , क्लब के अध्यक्ष रोट राकेश धर दिवेदी, असिस्टेंट गवर्नर रोट डॉ विपिन बिहारी शर्मा एवम सचिव रोट हिमांशु कुमार सिंह द्वारा सर्वप्रथम आंवला का पौधा लगकर अभियान की शरूवात की गई ' उसके बाद सभी रोटेरियन ने एक एक पौधा अपने अपने माँ के नाम पर लगाया जिसमें प्रमुख रूप से गुलमोहर, पकड, नीम, कटहल, बरगद बगं वेलिया, अमरुद् आदि पौधे थे ' अध्यक्ष राकेश धर द्विवेदी ने कहा की पर्यावरण हित मे आज के समय ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने की आवस्यकता है ' सचिव ने सभी अथितियों का स्वागत करते हुए कहा कि क्लब द्वारा 1051 पौधे विभिन्न शेत्रों मे लगाने का लक्ष्य निर्धारित है 'इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक रोट सिद्ध नाथ चतुवेर्दी, रोट प्रभाकर मिश्रा, रोट मिथिलेश कुशवाह, रोट अनिल कुशवाह, रोट विनोद यादव, रोट संदीप गुप्ता, रोट मनोज सेठ, रोट अमित त्रिपाठी आदि लोगों ने पौधे लगाए, साथ ही कॉलेज के अशोक यादव, राकेश त्रिपाठी, संतोष पटेल, जैनुल अहमद अंसारी, विजय शर्मा, रविंद्र यादव रंजु कुमारी , चंदन चौबे , अमित गौंड आदि लोगों ने भी सक्रिय भागीदारी की ' सचिव रोट हिमांशु कुमार सिंह धन्यवाद ज्ञापित किया

स्वतंत्रता दिवस के सभी कार्यक्रम संपन्न करायें जायेंगे: सीडीओ

जिला संवाददाता

बिजनौर। मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह की अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस समारोह-2026 15 अगस्त के सफल एवं गरिमामय आयोजन के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शासन द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों के अनुरूप जनपद स्तर पर आयोजित होने वाले विभिन्न आयोजनों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यक्रम में पहले राष्ट्रीय गीत फिर राष्ट्रगान होगा। मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह ने बीते दिन कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि प्रत्येक कार्यक्रम में व्यापक जनसहभागिता सुनिश्चित की जाए तथा स्वच्छता, सुरक्षा, पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य एवं यातायात व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के सभी कार्यक्रम राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करने वाले हों तथा शासन की मंशा के अनुरूप गरिमामय वातावरण में संपन्न कराए जाएं। उन्होंने बताया कि इस बार जनपद को हर घर तिरंगा अभियांन के अन्तर्गत 07 लाख तिरंगे लगाने का लक्ष्य दिया गया है।

कार्यक्रम जिला मुख्यालय, तहसील व ब्लॉक स्तर पर होगें। अपर जिलाधिकारी (वित्त एंव राजस्व) देवेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि 13 से 15 अगस्त तक समस्त सरकारी भवनों पर तिरंगा थीम आधारित प्रकाश व्यवस्था की जाए। 14 अगस्त को पर्यावरण जागरूकता रैली, वृक्षारोपण कार्यक्रम, किसानों को पौधों का वितरण गरिमापूर्ण ढंग से संपन्न कराया जाए। 14 अगस्त को ही सायं 4:30 बजे विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन विकास भवन परिसर में किया जाएगा जिसमें विस्थापित परिवारों को भी प्रदर्शनी स्थल पर आमंत्रित किया जाएगा जिससे वह अपने परिवारों पर बीते कष्टों को साझा कर सकें और उनके साथ हुई त्रासदी के दौरान प्रणोतसर्ग करने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी जाएगी साथ ही जनपद के स्वतंत्रता सेनानी, वरिष्ठ नागरिक एवं इच्छुक व्यक्ति कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि 14 अगस्त की रात्रि में सरकारी एवं प्रमुख सार्वजनिक भवनों पर विशेष प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा विद्युत आपूर्ति निर्बाध बनी रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि 15 अगस्त को प्रातः प्रभात फेरियां, विद्यालयों में राष्ट्रभक्ति आधारित कार्यक्रम, ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, स्वतंत्रता सेनानियों एवं वीर सैनिकों का सम्मान, सांस्कृतिक कार्यक्रम, विचार गोष्ठियां, वृक्षारोपण अभियान, खेलकूद प्रतियोगिताएं, युवा कार्यक्रम, जिला कारागार, चिकित्सालयों एवं आश्रमों में फल वितरण सहित सभी कार्यक्रम निर्धारित समयानुसार आयोजित किए जाएं। उन्होंने बताया कि झंडे का निर्माण ग्रामीण क्षेत्र के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की स्वयं सहायता समूह द्वारा तथा नगरीय क्षेत्र के लिए डूडा के माध्यम से कराया जा रहा है। अबकी बार तिरंगा रैली, तिरंगा कंसर्ट, तिरंगा प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा। हर घर तिरंगा पोर्टल लॉन्च किया गया है। जिस पर जनपदवासी आगामी 09 अगस्त से तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर पोर्टल पर अपलोड कर सकते है। उन्होंने बताया कि 9 अगस्त से 17 अगस्त तक वाणिज्य प्रतिष्ठानों, प्राइवेट कंपनियों व घरों पर ध्वज फहराया जा सकेगा। 15 अगस्त को सभी सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों, शैक्षणिक संस्थाओं, शहीद स्मारक व अमृत सरोवर में ध्वजा रोहण किया जायेगा। स्लोगन व निबंध लेखन प्रतियोगिता विद्यालयों में कराया जायेगा। इसके अतिरिक्त प्रदेश स्तर पर 03 विद्यालयों को सम्मानित भी किया जायेगा। सिनेमा हॉलों में 14 व 15 अगस्त को राष्ट्रीय गीत व राष्ट्रीय गान का आयोजन भी किया जायेगा।

थानों पर थाना समाधान दिवस का किया गया आयोजन

देवरिया *पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में बेहतर जनसुनवाई एवं पुलिस के उत्तरदायित्व निर्धारण करने, संवेदनशीलता बढ़ाने एवं बेहतर पारदर्शिता बढ़ाने के लिए थाना दिवस पर डेस्क सिस्टम के तहत सुनवाईकी गयी ।जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समस्त थानों पर राजस्व के अधिकारी एवं पुलिस के अधिकारी मौजूद रहकर उनके द्वारा जनता की समस्याओं को सुना गया एवं संयुक्त रूप से राजस्व व पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंच कर कई समस्याओं का निस्तारण भी कराया गया इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर द्वारा थाना रामपुर कारखाना पर जन समस्याएं सुनी गयीं जहां पर कुल 07 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 03 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा शेष प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस टीम का गठन कर शीघ्र निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए ।

इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आनन्द कुमार पाण्डेय द्वारा थाना बघौचघाट में जनसमस्याओं को सुना गया जिसके क्रम में थाना बघौचघाट पर कुल 04 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 02 प्रार्थना पत्र का निस्तारण कराया गया शेष प्रार्थना पत्रों में राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर उनके निस्तारण हेतु संबन्धित को उचित दिशा निर्देश दिये गयेइसी क्रम में जनपद में बेहतर जनसुनवाई एवं पुलिस के उत्तरदायित्व निर्धारण करने, संवेदनशीलता बढ़ाने, एवं बेहतर पारदर्शिता बढ़ाने के लिए थाना दिवस पर डेस्क सिस्टम के तहत समस्त थानों पर हल्का प्रभारी व बीट पुलिस अधिकारी द्वारा अपने-अपने हल्का/ग्राम/बीट की डेस्क लगाकर जनसमस्याओं को सुना गया ।

रोटरी क्लब ने वितरित की शैक्षणिक सामग्री



कुशीनगर। अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संगठन रोटरी क्लब द्वारा शनिवार को शिक्षा को प्रोत्साहित करने एवं विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शैक्षणिक सामग्री वितरण अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान के तहत उच्च प्राथमिक विद्यालय मुंडेरा रतन पट्टी कंपोजिट एवं प्राथमिक विद्यालय प्रेमवलिया में उपस्थित समस्त छात्र-छात्राओं को कॉपी, पेन, पेंसिल एवं इरेजर सहित आवश्यक शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई इस अवसर पर अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जो बच्चों के सपनों को नई दिशा और उनके भविष्य को मजबूत आधार प्रदान करती है। आर्थिक परिस्थितियां किसी भी बच्चे की पढ़ाई में बाधा न बनें, इसके लिए रोटरी क्लब निरंतर प्रयास करता रहेगा। सचिव दुर्गेश चतुवेर्दी इस शैक्षणिक सामग्री वितरण अभियान की शुरूआत आज उच्च प्राथमिक विद्यालय मुंडेरा रतन पट्टी कंपोजिट एवं प्राथमिक विद्यालय प्रेमवालिया से की गई है। इसके बाद क्षेत्र के अन्य विद्यालयों में भी वितरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थियों को इसका लाभ मिल सके।रोटरी क्लब द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में लगातार विभिन्न पहल की जाती रही हैं। विगत वर्ष भी क्लब द्वारा क्षेत्र के अनेक विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग उपलब्ध कराए गए थे। क्लब का प्रयास है कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनमें शिक्षा के प्रति रुचि और आत्मविश्वास को बढ़ावा दिया जाए। क्लब द्वारा समय-समय पर शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण एवं सामाजिक सेवा से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन वाहिद अली ने किया। इस दौरान अखिलेश शर्मा, सदरे आलम, दिनेश यादव, अमरेंद्र नारायण सिंह, सार्जेंट एट आर्म्स सत्येंद्र राय, रंजीत श्रीवास्तव, विजय गुप्ता, वैभव राव, दीपक कुमार जायसवाल, निर्मला सिंह, प्रभात चतुवेर्दी, राजन चौरसिया, संध्या सिंह बघेल, सुनीता सिंह, दीपमाला सिंह, राम अवतार, शशिप्रभा एवं आदिल खान सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

...आखिरकार कूड़ा वाहन को नगर प्रशासन ने परिसर से हटाया

दैनिक समाचार पत्र वॉयस ऑफ लखनऊ की खबर का बड़ा असर

कुशीनगर। दैनिक समाचार पत्र ₹वॉयस ऑफ लखनऊ₹ में प्रमुखता से प्रकाशित खबर का आखिरकार बड़ा असर देखने को मिला है। कसया बस स्टैंड परिसर में पिछले चार वर्षों से खुले आसमान के नीचे धूल फांक रहे नगर पालिका परिषद कुशीनगर के अत्याधुनिक सफाई वाहन को प्रशासन ने आखिरकार हटा लिया है। जनता के पैसों की बबार्दी और प्रशासनिक लापरवाही को बेनकाब करती इस खबर के सामने आने के बाद जिम्मेदार अधिकारियों की नींद टूटी और उन्होंने आनन-फानन में सुस्ती छोड़ते हुए कदम उठाया।

क्या था पूरा मामला

विदित हो कि नगर पालिका कुशीनगर द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से 30 लाख रुपये की भारी-भरकम राशि खर्च कर यह आधुनिक कूड़ा वाहन खरीदा गया था। लेकिन, देखरेख के अभाव में यह वाहन पिछले 48 महीनों से अधिक समय से कसया बस स्टैंड परिसर में लावारिस हालत में खड़ा था। धूप, बारिश और आंधी के थपेड़ों ने इस कीमती वाहन को पूरी तरह कबाड़ में तब्दील कर दिया था। स्थिति यह थी कि परिवहन विभाग के नियमों के अनुसार बस स्टैंड परिसर में खड़े इस वाहन का पार्किंग शुल्क ही बढ़कर लगभग 2 लाख 92 हजार रुपये तक पहुंच चुका था। दैनिक ₹वॉयस ऑफ लखनऊ₹ ने ₹सरकारी धन की खुली बबार्दी: कबाड़ में तब्दील हुआ लाखों का कूड़ा वाहन₹ शीर्षक से इस गंभीर प्रशासनिक लापरवाही और वित्तीय अनुशासनहीनता को पुरजोर तरीके से उठाया था।



सरकारी धन की खुली बबार्दी, कबाड़ में तब्दील हुआ लाखों का कूड़ा वाहन

परिवहन विभाग के नियमों के मुताबिक, परिसर में वाहन खड़ा करने का शुल्क दो सौ रुपये प्रति दिन, अबतक 2 लाख 92 हजार रुपये हुआ किराया

- कसया बस स्टैंड परिसर में पिछले चार वर्षों से एक जगह खड़ा है सवारी वाहन, डिम्पोहार मीन
- नया कुशीनगर का 30 लाख का अत्याधुनिक सफाई वाहन खड़ा खड़ा ही गया जर्जर

किराया जोड़ें तो कहावार का एक और अध्याय

परिवहन निगम का

लाखों की संपत्ति कबाड़ में तब्दील, जवाबदेह कौन

खबर छपते ही हरकत में आया नगर प्रशासन

?समाचार पत्र में खबर प्रकाशित होने और सोशल मीडिया पर मामला तूल पकड़ने के बाद नगर पालिका प्रशासन में हड़कंप मच गया। मामले की गंभीरता को भांपते हुए जिम्मेदारों ने तुरंत संज्ञान लिया और बस स्टैंड परिसर में वर्षों से खड़े उस जर्जर वाहन को वहां से हटवा दिया।इस संबंध में जब एक जिम्मेदार सूत्र से बातचीत की गई, तो उसने बताया कि वाहन को परिसर से हटाकर अब उसकी मरम्मत के लिए भेज दिया गया है। प्रशासन का दावा है कि वाहन को ठीक करवाकर एक बार फिर इसका उपयोग स्वच्छता कार्यों में लिया जाएगा। सूत्र के इस दावे की पुष्टि न तो संवाददाता ही कर रहा है और न ही समाचार पत्र, हाँ इस बात की पुष्टि है कि बस स्टैंड परिसर से जर्जर कूड़े वाहन को नगर प्रशासन द्वारा हटा लिया गया है।

जनता में चर्चा और आगे की उम्मीद

वॉयस ऑफ लखनऊ₹ के इस प्रयास से जहां एक तरफ बरसों से फाइलों में दबी और अनदेखी की जा रही लापरवाही उजागर हुई, वहीं दूसरी तरफ यह साबित हो गया कि यदि मीडिया अपनी पैनी नजर रखे तो व्यवस्था को पटरी पर लाया जा सकता है। हालांकि, स्थानीय नागरिकों और प्रबुद्धजनों का यह भी कहना है कि केवल वाहन हटा लेने भर से लीपापोती नहीं होनी चाहिए। जनता के गाढ़े पसीने की कमाई को चार साल तक इस तरह कबाड़ में तब्दील करने के लिए जो भी अधिकारी और कर्मचारी दोषी ह ै, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि भविष्य में कोई भी सरकारी धन के साथ इस तरह की लपरवाही करने की हिम्मत न जुटा सके।

तिरंगा अभियान में आयी तेजी

बांदा। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय परिषद् सदस्य संतोष कुमार गुप्त ने हर घर तिरंगा-घर-घर तिरंगा अभियान को गति देने के लिए अभियान छेड़ दिया है।

संत मुरारी बापू के साथ अमरीका में कथा कहेंगे मानस किंकर



बांदा। 15 से 23 अगस्त तक अमेरिका में संत मुरारी बापू की कथा में बांदा के कथावाचक रामप्रताप शुक्ल मानस किंकर भाग लेंगे। अमरीका के श्रोताओं को बुंदे

संक्षेप

राजीव त्रिपाठी बने भदोही जनपद के पीसीसी पर्यवेक्षक

सोनभद्र। कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व ने सोनभद्र के पूर्व शहर अध्यक्ष जनपद चंदौली शहर कांग्रेस के को-ऑर्डिनेटर राजीव त्रिपाठी को संगठन की मजबूती के लिए जनपद भदोही का पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। राजीव त्रिपाठी के अलावा जनपद सोनभद्र से राबर्ट्सगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी कमलेश ओझा एवं कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव इंजीनियर जितेंद्र पासवान को मिजार्पुर का पर्यवेक्षक नियुक्त किया है राजीव त्रिपाठी में राष्ट्रीय नेतृत्व आदरणीय सोनिया गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय सीमालिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष आदरणीय राहुल गांधी वायनाड की सांसद प्रियंका गांधी, उत्तर प्रदेश के प्रभारी आदरणीय राजेंद्र पाल गौतम, उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय, का धन्यवाद और आभार जताया है। श्री त्रिपाठी ने कहा कि संगठन को चुस्त और दुरुस्त करने के लिए प्रदेश कांग्रेस ने जो जिम्मेदारी दी है उसको पूरी मेहनत और लगन के साथ निभाने का भरपूर प्रयास करूंगा।

मृत किसान के परिवार को चार लाख की सहायता

सीतापुर। गोंदलामऊ विकासखंड के रघुनाथपुर तेंदुआ गांव में सियार के हमले में घायल किसान रघुवीर सिंह की मौत के बाद शनिवार को तहसील प्रशासन ने उनके परिवार को चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। मिश्रिख एसडीएम और क्षेत्रीय विधायक रामकृष्ण भार्गव ने गांव पहुंचकर मृतक के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। विधायक व एसडीएम ने मृतक की पत्नी को चार लाख रुपये का सहायता राशि का चेक सौंपा। अधिकारियों ने पीड़ित परिवार को शासन की ओर से निर्धारित व्यवस्था के तहत हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। घटना 20 जुलाई की सुबह हुई थी। रघुनाथपुर तेंदुआ निवासी 36 वर्षीय रघुवीर सिंह अपने पिता 65 वर्षीय राजपाल सिंह और भाई हरिहर सिंह के साथ खेत की ओर जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में झाड़ियों से अचानक निकले सियार ने तीनों पर हमला कर दिया। हमले में राजपाल सिंह और रघुवीर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। ग्रामीणों ने शोर मचाकर सियार को भगाया। उपचार के बावजूद रघुवीर सिंह की हालत में सुधार नहीं हुआ और 3 अगस्त को उनकी मौत हो गई। किसान की मौत के बाद ग्रामीणों में जंगली जानवरों के हमले को लेकर दहशत है। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने और हमलावर सियार की तलाश कर सुरक्षा के ठोस इंतजाम किए जाने की मांग की है। वन विभाग की टीमें संभावित क्षेत्रों में गश्त कर रही हैं और ग्रामीणों को सतर्क रहने तथा अकेले खेतों की ओर न जाने की सलाह दी जा रही है।

युवक का झाड़ियों में मिला शव

सीतापुर। रामकोट थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम एनएच-30 की सर्विस रोड किनारे झाड़ियों में मिले युवक के शव की करीब 12 घंटे बाद पहचान हो सकी। मृतक की पहचान कैमहरा गांव निवासी 35 वर्षीय निखिलेश अवस्थी उर्फ छोटू पुत्र राम प्रवेश अवस्थी के रूप में हुई। शव की हालत देखकर परिजनों ने युवक की मौत को सामान्य मानने से इनकार करते हुए अनहोनी की आशंका जताई है। शुक्रवार शाम करीब सात बजे सर्विस रोड किनारे झाड़ियों में युवक का शव पड़ा मिलने से हड़कंप मच गया। उसकी नाक से खून निकल रहा था। सूचना पर पहुंची रामकोट पुलिस ने करीब एक घंटे तक घटनास्थल की जांच की, लेकिन तत्काल शव की पहचान नहीं हो सकी। युवक ने काले रंग की शर्ट और नीली जींस पहन रखी थी। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ करने के साथ शव की पहचान कराने के लिए सामाजिक माध्यमों का सहारा लिया। स्थानीय मजदूरों ने बताया कि युवक शुक्रवार सुबह से आसपास के क्षेत्र में शराब के नशे में घूमता दिखाई दे रहा था। पुलिस ने आसपास के गांवों और थानों से भी जानकारी जुटाई। करीब 12 घंटे बाद मृतक के पिता राम प्रवेश अवस्थी मौके पर पहुंचे और कपड़ों व चेहरे के आधार पर शव की पहचान बेटे निखिलेश के रूप में की। पहचान होते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने मौत की परिस्थितियों की गहन जांच की मांग की है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों की आशंका को देखते हुए चिकित्सकों के पैनल से पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

स्कूली बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ पर होगी कार्रवाई

जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। सरकार के निदेर्शों के क्रम में जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देशन में जनपद में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रभावी अनुपालन तथा स्कूली बच्चों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए परिवहन विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर सघन प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत स्कूली वाहनों के साथ-साथ यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले अन्य वाहनों के विरुद्ध भी नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। प्रवर्तन अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध कुल 56 चालान तथा 14 वाहनों को बंद करने की कार्रवाई की गई। प्रवर्तन कार्रवाई के दौरान 05 ओवरलोड वाहनों के चालान तथा 03 ओवरलोड वाहनों को बंद, 09 बिना फिटनेस संचालित वाहनों के चालान, 10 परमिट की शर्तों के विरुद्ध संचालित वाहनों के चालान, 16 बिना हेलमेट वाहन चलाने के चालान तथा 06 वाहन चालकों द्वारा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने पर चालान की कार्रवाई की गई।

इसी क्रम में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को विशेष प्राथमिकता देते हुए ऑटो, टोटो एवं ई-रिक्शा सहित स्कूली बच्चों के आवागमन में प्रयुक्त वाहनों की सघन जांच की जा रही है। जांच के दौरान निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर ले जाने, आवश्यक दस्तावेज एवं फिटनेस का अभाव तथा निर्धारित सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले वाहन संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

स्कूली वाहनों के संचालकों व चालकों को दिए निर्देश

एआरटीओ प्रवर्तन द्वारा स्कूली वाहनों के संचालकों, ड्राइवरों एवं ई-रिक्शा चालकों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि वाहनों की निर्धारित क्षमता एवं शासन द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुसार ही स्कूली बच्चों का परिवहन किया जाए। किसी भी दशा में क्षमता से अधिक बच्चों को वाहन में न बैठाया जाए। वाहन के आवश्यक दस्तावेज, फिटनेस एवं अन्य निर्धारित सुरक्षा मानकों को पूर्ण रखना अनिवार्य होगा।



वाहन संचालकों एवं चालकों को स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित वाहन चालक एवं संचालक के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। स्कूली बच्चों की सुरक्षा के मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।

बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता: डीएम

जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि स्कूली वाहनों की जांच का अभियान निरंतर जारी रखा जाए तथा बच्चों की सुरक्षा से जुड़े निर्धारित मानकों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें। ओवरलोडिंग से बचें, वाहनों को निर्धारित फिटनेस के साथ संचालित करें, परमिट की शर्तों का पालन करें, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग कदापि न करें। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से स्कूली वाहनों के संचालकों एवं चालकों से अपील की है कि बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्धारित क्षमता के अनुसार ही बच्चों का परिवहन करें। वाहनों में आवश्यक दस्तावेज, फिटनेस एवं निर्धारित सुरक्षा मानकों का अनिवार्य रूप से पालन सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने अभिभावकों से भी अपील की है कि वे अपने बच्चों को स्कूल भेजने के लिए केवल अधिकृत, फिट एवं निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन करने वाले वाहनों का ही प्रयोग करें। क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर अथवा सुरक्षा मानकों की अनदेखी कर संचालित होने वाले वाहनों से बच्चों को स्कूल भेजने से बचें। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध प्रवर्तन कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी तथा नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों एवं संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

टाटा मोटर्स वर्कशॉप में लगी आग, 2 बसे जल कर राख



पलियाकलां खीरी। पलिया भीरा मार्ग पर स्थित टाटा मोटर्स वर्कशॉप के नाम से जाना जाने वाला वर्क शॉप, जिसे खान बॉडी मोटर्स के नाम से इम्तियाज खान और गुरजिंदर सिंह ने रेंट पर ले रखा है। शनिवार को समय करीब 17.10 बजे इसमें खड़ी दो बसो में अचानक आग लग गई, जिससे दोनों बसे जलने लगी फायर सर्विस के द्वारा पलिया पुलिस की मौजूदगी में आग को बुझा दिया गया है। अन्य किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है, दो बसे जली हैं।

नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष को रालोद कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

सोनभद्र। राष्ट्रीय लोक दल के नव नियुक्त उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष ऐश्वर्य राज सिंह को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर सोनभद्र के रालोद कार्यकताओं में खुशी की लहर है। जिलाध्यक्ष श्रीकांत त्रिपाठी के निर्देश पर जिला उपाध्यक्ष चंद्रशेखर विश्वकर्मा के नेतृत्व में पार्टी कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिला संगठन महासचिव धीरज चैबे, जिला प्रवक्ता मनदीप सिंह, सूर्यकांत चैबे (बबलू



चैबे), संतोष सिंह, पंकज चैबे, शिव मूरत विश्वकर्मा एवं शारदा सिंह पटेल सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर तमाम कार्यकत्ता ने सदस्यता ग्रहण किया। कार्यक्रम में रामचन्द्र विश्वकर्मा, गणेश विश्वकर्मा, रामचन्द्र हरिजन, यशोदा विश्वकर्मा, गायत्री देवी, विवेक विश्वकर्मा, सरिता विश्वकर्मा, मन्ना देवी, सुनीता विश्वकर्मा, रेखा देवी, कुसुम लता देवी, पुष्पा देवी, कमलेश विश्वकर्मा, राकेश, एबियाक नायक, विमला, महेश विश्वकर्मा, सीताराम विश्वकर्मा एवं निर्मला विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने कहा कि ऐश्वर्य राज सिंह के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय लोक दल संगठन को नई मजबूती मिलेगी और पार्टी की विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाने का कार्य और तेज होगा। कार्यकताओं ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष के सफल कार्यकाल की कामना करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

जनरेटर में अर्थिंग न मिलने पर मुख्य अभियंता ने लगायी फटकार

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। सावन मेला को लेकर शनिवार को बिजली विभाग के मुख्य अभियंता रमेश कुमार सिंह ने नगर में विभागीय तैयारियों का निरीक्षण किया। नीलकंठ मैदान में नगरपालिका की ओर से लगाए गए डीजल जनरेटर में अर्थिंग नहीं मिलने पर उन्होंने कर्मचारियों को फटकार लगाई और तत्काल सभी जनरेटरों में मानक के अनुसार अर्थिंग कराने के निर्देश दिए। मुख्य अभियंता ने कहा कि सावन मेले में बड़ी संख्या में कांवड़िए और श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे में जनरेटर में अर्थिंग न होना गंभीर लापरवाही है। इससे करंट लगने जैसी दुर्घटना हो सकती है। उन्होंने बिजली सुरक्षा के सभी मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए इसके बाद उन्होंने मंदिर परिसर में स्थापित आरएमयू का निरीक्षण कर विद्युत आपूर्ति की स्थिति का जायजा लिया। भूतनाथ रोड से अलीगंज जाने वाली 33 केवी लाइन का निरीक्षण करते समय लाइन के नीचे से राहगीरों और वाहनों का आवागमन पाया गया। सुरक्षा के मद्देनजर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को लाइन के नीचे गार्डिंग और सुरक्षा जाली लगाने के निर्देश दिए। मुख्य अभियंता ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सावन मेले के दौरान बिजली सुरक्षा में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सभी व्यवस्थाएं मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाएं। निरीक्षण के दौरान एक्सईएन अरविंद कुमार और एसडीओ अजय यादव मौजूद रहे।

बुजुर्ग महिला की बाइक की टक्कर से मौत

सीतापुर। हरगांव थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर हरगांव-पिपरझला मार्ग पर बाइक की चपेट में आने से बुजुर्ग महिला की मौत हो गई, जबकि बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हरगांव के जहांगीराबाद निवासी रामदेवी (60) शनिवार दोपहर हरगांव से पैदल अपने घर जा रही थीं। विकास खंड कार्यालय के सामने पहुंचने पर तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में रामदेवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। वहीं बाइक सवार नयागांव निवासी सुमित (20) भी सड़क पर गिरकर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरगांव भेजा। यहां चिकित्सकों ने रामदेवी को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल सुमित का उपचार किया गया। थाना प्रभारी आनंद नारायण त्रिपाठी ने बताया कि महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों की ओर से तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजा सीतापुर हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौटेंगे शिवभक्त

सीतापुर। पवित्र श्रावण मास के अवसर पर द्वितीय डाक कांवड़ यात्रा 2026 का शनिवार को शाहजहांपुर रोड स्थित श्याम गेस्ट हाउस से भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता सागर गुप्ता ने की। इस दौरान हर-हर महादेव और बोल



बम के जयघोष से पूरा परिसर गूंज उठा। यात्रा में शामिल शिवभक्त हरिद्वार स्थित हरि की पौड़ी से पवित्र गंगाजल लेकर सीतापुर लौटेंगे। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने शिवभक्तों को यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए भगवान भोलेनाथ से सभी की सुखद, सुरक्षित और सफल यात्रा की कामना की। समिति की ओर से यात्रा में शामिल होने वाले शिवभक्तों को यात्रा किट भी वितरित की गई। भाजपा जिला उपाध्यक्ष रितेश सिंह गौड़ की भी मौजूदगी रही। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि एवं उपस्थित पदाधिकारियों ने शिवभक्तों के साथ डाक कांवड़ यात्रा को रवाना किया। इसके बाद कांवड़ यात्रा श्याम गेस्ट हाउस से बाबा श्यामनाथ मंदिर पहुंची, जहां शिवभक्तों ने भगवान भोलेनाथ के दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद कांवड़ियों का जत्था हरिद्वार के लिए रवाना हुआ। समिति के अनुसार शिवभक्त हरिद्वार की हरि की पौड़ी से गंगाजल लेकर 11 अगस्त को सीतापुर वापस पहुंचेंगे। इसके बाद बाबा श्यामनाथ मंदिर में गंगाजल से जलाभिषेक किया जाएगा। यात्रा के शुभारंभ के दौरान शिवभक्तों में उत्साह और श्रद्धा का माहौल रहा। पूरा परिसर हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से गूंजता रहा।

पीएम राजकीय बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज में गूंजा वन्दे मातरम



- बालिकाओं ने सामूहिक रूप से किया राष्ट्रीय गीत का गायन, राष्ट्रप्रेम एवं देशभक्ति की भावना का दिया संदेश

सोनभद्र। भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम की 150वीं जयंती के अवसर पर देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में वन्दे मातरम के तृतीय चरण के साथ हर घर तिरंगा अभियान-2026 को उत्सव के रूप में मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। यह अभियान 09 से 15 अगस्त, 2026 तक सम्पूर्ण देश में भौतिक एवं डिजिटल दोनों माध्यमों से आयोजित किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज पीएम राजकीय बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज में राष्ट्रप्रेम एवं देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की बालिकाओं द्वारा राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् का सामूहिक गायन किया गया। सामूहिक गायन के दौरान विद्यालय परिसर देशभक्ति के भाव से सराबोर हो गया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक जयराम सिंह, विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित रहीं। उपस्थित सभी लोगों ने हर घर तिरंगा अभियान-2026 के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने तथा राष्ट्रीय ध्वज एवं राष्ट्रीय गीत के प्रति सम्मान की भावना को और मजबूत करने का संदेश दिया। हर घर तिरंगा अभियान-2026 के माध्यम से नागरिकों में राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान, राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करने का संदेश दिया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत नागरिकों को अपने घरों पर तिरंगा फहराने तथा डिजिटल माध्यमों से भी अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए वन्दे मातरम के प्रति सम्मान और राष्ट्र के प्रति अपने समर्पण की भावना व्यक्त की।

चीतल के शिकार का प्रयास करने के दौरान दो गिरफ्तार



पलियाकलां खीरी। दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग पलिया खीरी के किशनपुर वन्य जीव विहार की किशनपुर रेंज में कर्मचारियों द्वारा गस्त के दौरान चार व्यक्तियों को आंतरिक क्षेत्र में संदिग्ध अवस्था में देखा गया जिन्हें कर्मचारियों द्वारा चारों तरफ से घेर कर पकड़ने का प्रयत्न किया गया जिनमें से दो अभियुक्त उद्धव सिंह धामी पुत्र रमी सिंह धामी जिला धारचूला नेपाल राष्ट्र एवं राजनाथ सिंह पुत्र जमुना सिंह निवासी भीरा जिला लखीमपुर खीरी को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं जंगल की भौगोलिक स्थितियों का फायदा उठाकर दो अभियुक्त इंद्रासन पुत्र अज्ञात निवासी भीरा खीरी व गजेंद्र सिंह मोहरा पुत्र अज्ञात नेपाल राष्ट्र मौके से भागने में सफल हुए। गिरफ्तार किए गए दोनों अभियुक्तों के पास से शिकार किए जाने संबंधी बांका रस्सी आदि वस्तुएं बरामद हुई। उनसे पूछताछ के दौरान अभियुक्तो द्वारा किशनपुर रेंज में चीतल का शिकार किए जाने का प्रयास किए जाने संबंधी अपने अपराध को स्वीकार किया गया है। जगदीश आर0 उपनिदेशक दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग पलिया-खीरी के निर्देशन में दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जिला कारागार लखीमपुर खीरी में निरुद्ध कराये जाने की कार्यवाही की गई है। इस कार्यवाही में मो0 अयूब क्षेत्रीय वन अधिकारी किशनपुर एवं उनके स्टाफ कन्हैया लाल मिश्रा वन रक्षक एवं आनंद लाल वन दरोगा के साथ महावीर सिंह वन्य जीव प्रतिपालक दुधवा द्वारा भी महत्वपूर्ण भूमिका का योगदान किया गया।

25 शादियां करने वाले समधी के खिलाफ विधायक ने दर्ज करायी प्राथमिकी

सीतापुर। जिले की सेवता विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के विधायक ज्ञान तिवारी ने अपने समधी अनुज त्रिवेदी के खिलाफ धोखाधड़ी और तथ्य छिपाने के आरोप में रेउसा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, विधायक की बेटी प्रज्ञा तिवारी की शादी वर्ष 2024 में मिश्रिख क्षेत्र के चंद्रावल निवासी अनुज त्रिवेदी के बेटे प्रखर त्रिवेदी से हुई थी। विधायक द्वारा दर्ज कराई गयी प्राथमिकी के मुताबिक, शादी के समय आरोपी पक्ष ने खुद को मुंबई में बड़ा रियल एस्टेट कारोबारी बताया था और स्थानीय स्तर पर जांच व प्रतिष्ठित लोगों से मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया के बाद यह रिश्ता तय किया गया था। पुलिस के अनुसार, शादी के करीब दो साल बाद सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से अनुज त्रिवेदी के खिलाफ लगाए गए कथित धोखाधड़ी के आरोप सामने आए। पुलिस ने बताया कि जांच में उसके खिलाफ महाराष्ट्र समेत देश के कई राज्यों में महिलाओं को कथित रूप से प्रेम जाल में फंसाकर उनसे धोखाधड़ी करने के आरोप सामने आए। पुलिस के मुताबिक, अनुज त्रिवेदी पर फर्जी पहचान के आधार पर करीब 25 शादियां करने और धोखाधड़ी करने के आरोप हैं। पुलिस ने बताया कि इन आरोपों और पीड़ित महिलाओं की शिकायतों के आधार पर अनुज त्रिवेदी और उसके बेटे प्रखर त्रिवेदी को गिरफ्तार किया गया। विधायक ज्ञान तिवारी ने अनुज त्रिवेदी और उसके परिवार से सभी संबंध खत्म करने की घोषणा की है।

सह सशक्तीकरण बैठक का आयोजन

सोनभद्र। हर्ष एजुकेशनल ट्रस्ट के तत्वावधान में शनिवार को महिलाओं के लिए एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का संचालन ट्रस्ट के फील्ड ऑफिसर राम अवध सिंह द्वारा किया गया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं स्थानीय महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना तथा सरकार एवं ट्रस्ट द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराना था। कार्यक्रम के दौरान फील्ड ऑफिसर राम अवध सिंह ने महिला सशक्तिकरण, स्व-सहायता समूह , शिक्षा, स्वास्थ्य, और स्वरोजगार से जुड़ी प्रमुख योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जब समाज की महिलाएँ सशक्त और जागरूक होंगी, तभी परिवार और समाज का वास्तविक विकास संभव है। बैठक में उपस्थित महिलाओं ने योजनाओं से जुड़ी अपनी शंकाओं को रखा, जिसका संतोषजनक समाधान किया गया। ट्रस्ट द्वारा महिलाओं को इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए हर संभव मार्गदर्शन और सहायता देने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर क्षेत्र की कई महिलाएँ एवं ट्रस्ट के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। संक्षिप्त बैठक रिपोर्ट (डपदनजमे वि डममजपदह) आयोजकरू हर्ष एजुकेशनल ट्रस्ट संयोजकः राम अवध सिंह (फील्ड ऑफिसर) विषय-महिला सशक्तीकरण एवं शासकीय/ट्रस्ट की योजनाओं पर परिचर्चा मुख्य बिंदुः महिला सशक्तिकरण महिलाओं को शिक्षा, वित्तीय साक्षरता और डिजिटल साधनों के प्रति जागरूक करना। योजनाओं की जानकारीरू सरकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं (जैसे स्व-सहायता समूह, आजीविका मिशन, स्वास्थ्य सुरक्षा) के लाभों पर चर्चा। मार्गदर्शन योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु आवश्यक कागजात और आवेदन प्रक्रिया की जानकारी देना। प्रश्नोत्तरी एवं संवादः महिलाओं की समस्याओं को सुनना और समाधान की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करना।



बालिका सशक्तीकरण कार्यक्रम में चयन को लेकर एबीएसए सख्त



जिला संवाददाता

बीजपुर,सोनभद्र। कंपोजिट विद्यालय डोड़हर में बालिका सशक्तीकरण कार्यक्रम-2026 के तहत तीन छात्राओं के कथित प्रवेश को लेकर समृद्धि जन कल्याण संस्था द्वारा की गई शिकायत के संबंध में शनिवार सुबह करीब 10 बजे अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने विद्यालय पहुंचकर जांच की। जांच के दौरान संबंधित अभिभावकों की मौजूदगी में तीन छात्राओं के प्रवेश एवं चयन से जुड़े मामले की जानकारी ली गई। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि तीनों छात्राओं का कक्षा 5 में प्रवेश कराकर उन्हें बालिका सशक्तिकरण कार्यक्रम में शामिल किया गया, जबकि कार्यक्रम की पात्रता को लेकर सवाल उठाए गए हैं।

परिजनों ने आरोप लगाया था कि एनटीपीसी रिहंद के ब्लैक विभाग में कार्यरत एक संविदाकर्मी ने अपने पद का कथित रूप से दुरुपयोग करते हुए तीन बच्चों के प्रवेश एवं चयन में भूमिका निभाई। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि अभी नहीं हुई है। सुनील कुमार सिंह ने कहा कि मामले की जांच कर रिपोर्ट ठै। को सौंपी जाएगी। उन्होंने बताया कि मामले की जांच के लिए कहा गया है और शीघ्र आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अध्यापक हो या कोई भी व्यक्ति, यदि जांच में किसी की गलती सामने आती है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। वहीं, मौके पर मौजूद लोगों ने मांग की कि यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो ब्लै विभाग में कार्यरत आरोपी संविदाकर्मी के विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई की जाए और उन्हें संबंधित कार्य से हटाया जाए। लोगों ने यह भी मांग की कि यदि किसी पात्र बच्चे का हक गलत तरीके से प्रभावित हुआ है तो उसे उसका अधिकार दिलाया जाए तथा दोषी पाए जाने वाले लोगों पर कार्रवाई हो। जांच के दौरान युवा जन कल्याण के अध्यक्ष राजेश वैश्य, ग्राम प्रधान केपी पाल, रामबरन, जावेद अहमद, जय सिंह सहित संबंधित अभिभावक मौजूद रहे। अब जांच रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट होगा कि चयन प्रक्रिया में वास्तव में कोई अनियमितता हुई थी या नहीं।

राहुल गांधी की प्रयागराज यात्रा से पूर्व पोस्टर से गरमायी सियासत

प्रयागराज। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की प्रयागराज यात्रा से पहले शनिवार को शहर में पोस्टर के जरिए राजनीतिक संदेश देने का सिलसिला तेज हो गया। एक ओर जहां राहुल गांधी के समर्थन और सरकार के खिलाफ पोस्टर लगाए गए हैं, वहीं दूसरी ओर स्वरूपरानी नेहरू (एसआरएन) अस्पताल का नाम बदलकर काकोरी के शहीद ठाकुर रोशन सिंह के नाम पर करने की मांग वाले पोस्टर भी कई स्थानों पर लगाए गए हैं।

संयोगवश, स्वरूपरानी नेहरू के परनाती और कांग्रेस नेता राहुल गांधी शनिवार को एसआरएन अस्पताल से कुछ ही दूरी पर स्थित केपी मैदान में छात्रों के साथ संवाद करेंगे। वहीं, शहीद ठाकुर रोशन सिंह के प्रपौत्र शरद सिंह एसआरएन अस्पताल (पूर्व में मलाका जेल) परिसर पहुंचकर अपने पूर्वज को श्रद्धांजलि देंगे और इसके बाद धरने को संबोधित करेंगे। काकोरी ट्रेन कार्रवाई मामले में दोषी ठहराए गए ठाकुर रोशन सिंह को इसी मलाका जेल में फांसी दी गई थी। स्वतंत्रता के बाद मलाका जेल को अस्पताल में तब्दील कर दिया गया और इसका नाम बदलकर स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल कर दिया गया। महुआ डाबर संग्रहालय के संस्थापक डॉ. शाह आलम के नेतृत्व में एसआरएन अस्पताल में पांच अगस्त से नाम परिवर्तन की मांग को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। वहीं, शहर के विभिन्न स्थानों और प्रमुख मार्गों पर कांग्रेस की ओर से पोस्टर और बैनर लगाए गए हैं, जिन पर जॉब दो या इस्तीफा दो और जॉब नहीं मिलेगी तो सिंहासन हिलेगा जैसे नारे लिखे हैं। दूसरी ओर, ठाकुर रोशन सिंह को समर्पित पोस्टरों पर लिखा है कि काकोरी के नायक ठाकुर रोशन सिंह का सम्मान करो। जहां शहीद हुए आजादी के क्रांतिकारी, उस पर भी परिवार की ही कब्जेदारी। स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय का नाम अमर शहीद ठाकुर रोशन सिंह चिकित्सालय करो। वहीं दूसरी ओर पोस्टरों में राहुल गांधी को निशाना बनाते हुए झारखंड के छात्रों से जुड़े मुद्दों को लेकर सवाल उठाए गए हैं। शहर में लगाए गए एक पोस्टर पर लिखा है कि जो भाग कर प्रयागराज आए, वह झारखंड जाने से क्यों घबराए, जबकि दूसरे पोस्टर में सवाल किया गया है कि जब झारखंड के छात्र मांग रहे न्याय तो राहुल प्रयागराज ड्रामा करने क्यों आए। एक अन्य पोस्टर पर लिखा है कि कब आओगे मेरे राहुल, तुम्हें झारखंड बुलाता है। पोस्टरों पर राहुल गांधी की तस्वीर भी लगाई गई है।

संक्षेप

मुर्गी फार्म पर युवक की मौत, फंदे से लटका मिला शव

बांदा। बीती रात परिवार के साथ खाना खाने के बाद 25 वर्षीय युवक ने कहा, मुर्गी फार्म जा रहा हूं लेकिन इसके बाद वह दोबारा घर नहीं लौट सका। देर रात मुर्गी फार्म पहुंचे बड़े भाई ने युवक को छप्पर में फंदे से लटका देखा तो हतप्रभ रह गए। मर्का थाना क्षेत्र के कुमेंढा गांव निवासी पुष्पेंद्र कुशवाहा गांव से करीब 500 मीटर दूर मुर्गी फार्म चलाता था। परिजनों के मुताबिक, बीती रात उसने परिवार के साथ खाना खाया। इसी दौरान उसने मुर्गी के कारोबार में काफी नुकसान होने की बात कही थी। पिता ने उसे समझाते हुए कहा था कि धीरे-धीरे सब ठीक हो जाएगा। रात करीब एक बजे पुष्पेंद्र का बड़ा भाई धर्मेंद्र बांदा से वापस आया। देर रात होने के कारण वह घर जाने के बजाय सीधे मुर्गी फार्म पहुंचा।

वहां का दृश्य देखकर उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। पुष्पेंद्र छप्पर में लगी धन्नी से रस्सी के फंदे के सहारे लटका मिला। घटना की सूचना पुलिस को दी गई।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की और फॉरेंसिक टीम को बुलाया। टीम ने घटनास्थल से जरूरी साक्ष्य जुटाए। मृतक तीन भाइयों और चार बहनों में तीसरे नंबर का था।

विधान सभा चुनाव में संगठन की मजबूती होगी जीत का आधार: निषाद



बहराइच। अगस्त।राष्ट्रीय अध्यक्षकृनिषाद पार्टी एवं उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद जी की अध्यक्षता में कपूरथला ऑडिटोरियम, देवीपाटन मंडल के पार्टी पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. संजय कुमार निषाद जी ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव संगठन की एकजुटता, कार्यकताओं की सक्रियता और जनता के विश्वास का चुनाव होगा। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। आगामी चुनाव को देखते हुए प्रत्येक पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में नियमित जनसंपर्क अभियान चलाए, नए कार्यकताओं को संगठन से जोड़े तथा बूथ और सेक्टर स्तर पर संगठनात्मक संरचना को पूर्ण रूप से सुदृढ़ करें। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से पूर्ण समर्पण, अनुशासन और टीम भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में संगठन की आगामी रणनीति, सदस्यता अभियान, बूथ सशक्तिकरण, जनसंपर्क कार्यक्रमों तथा विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने

● विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू जनजाति आयोग के गठन पर मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ का निषाद समाज की ओर से आभार: डॉ. संजय कुमार निषाद

सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा पार्टी की नीतियों को मछुआ समाज के घर-घर तक पहुँचाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि निषाद पार्टी सामाजिक न्याय, समान भागीदारी और वंचित, शोषित एवं पिछड़े समाज के अधिकारों की लड़ाई निरंतर लड़ती रही है। प्रदेश सरकार द्वारा समाज के सर्वांगीण विकास एवं अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने के लिए किए जा रहे कार्यों को जनता के बीच प्रभावी ढंग से रखने की आवश्यकता है।डॉ. निषाद जी ने कहा कि संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा आगामी विधानसभा चुनाव में उत्कृष्ट प्रदर्शन का संकल्प लिया।विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू जनजाति आयोग पर मा० राष्ट्रीय अध्यक्ष निषाद पार्टी एवं उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री ह्लडॉ. संजय कुमार निषादह्व ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ह्लविमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू जनजाति आयोगह्व के गठन के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे ऐतिहासिक एवं सामाजिक न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। डॉ. संजय कुमार निषाद ने कहा कि विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू जनजातियों को उनका सम्मान और अधिकार दिलाने का संघर्ष आज का नहीं, बल्कि दशकों पुराना है। उन्होंने स्वयं भी लंबे समय से इन समाजों को उनका संवैधानिक एवं सामाजिक अधिकार दिलाने के लिए निरंतर आवाज उठाई है। चाहे सामाजिक आंदोलन हो, जनजागरण अभियान हो या शासन स्तर पर निरंतर प्रयासकृउन्होंने हमेशा विमुक्त एवं मछुआ समाज सहित सभी वंचित समुदायों के सम्मान, पहचान और अधिकारों की लड़ाई को प्राथमिकता दी है।डॉ. निषाद ने कहा कि उत्तर प्रदेश में विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू समुदायों की लगभग ह्ल193 जातियाँह्व निवास करती हैं। स्वतंत्रता से पूर्व अंग्रेजी शासन ने इन समुदायों पर ह्लक्रिमिनल ट्राइब्स एक्टह्व जैसा अमानवीय और काला कानून थोप दिया था। इन समुदायों ने अंग्रेजों की दासता स्वीकार करने के बजाय उनके विरुद्ध संघर्ष का मार्ग चुना, जिसके कारण उन्हें वर्षों तक सामाजिक उपेक्षा, विस्थापन और अन्याय का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के मछुआ समाज की ह्लनिषाद, केवट, मल्लाह, बिंद, कहार, कश्यप, धीवर, धीमर, रैकवारह्व सहित अन्य उपजातियाँ भी इस ऐतिहासिक अन्याय की पीड़ा झेलने वाले समुदायों में शामिल रही हैं। इन समाजों ने देश की स्वतंत्रता और राष्ट्र निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया, लेकिन उन्हें लंबे समय तक उनके अधिकारों और सम्मान से वंचित रखा गया।डॉ. संजय कुमार निषाद जी ने कहा कि ह्लमा० मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जीह्व के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू जनजाति आयोग के गठन का निर्णय इन समुदायों के सम्मान, अधिकारों और समग्र विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। यह निर्णय उन समाजों को न्याय दिलाने का मार्ग प्रशस्त करेगा, जिनके साथ वर्षों तक अन्याय हुआ। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने जिन समुदायों की उपेक्षा की, आज उन्हें सम्मान और अधिकार दिलाने का कार्य वर्तमान सरकार कर रही है। इसके लिए निषाद समाज सहित सभी विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू समुदाय उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के प्रति हृदय से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करते हैं। डॉ. निषाद ने विश्वास व्यक्त किया कि यह आयोग विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू समाज के सामाजिक, शैक्षिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए प्रभावी कार्य करेगा तथा इन समुदायों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

नेशनल हाइवे-35 पर लगाया जाम, दो घंटे थमा रहा यातायात



बांदा। भरखरी गांव के भवानीपुरवा मजरे में 15 दिन से ट्रांसफार्मर खराब पड़ा है, बिजली के लिए ग्रामीण लगातार शिकायत कर रहे थे, लेकिन जब समस्या का समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीणों का सब्र टूट गया। करीब एक सैकड़ा ग्रामीण सड़क पर उतर आए। नेशनल हाइवे-35 पर भरखरी गेट के पास जाम लगा दिया। जाम लगते ही हाईवे के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। हालात ऐसे बने कि एक एंबुलेंस भी जाम में फंस गई। राहगीरों को काफी देर तक परेशानियों का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों के मुताबिक, बड़ोखरखुर्द ब्लॉक के भरखरी गांव के भवानीपुरवा मजरे में करीब 15 दिनों से ट्रांसफार्मर खराब पड़ा है। बिजली न आने से पेयजल संकट है। खेती-किसानी भी प्रभावित है और ग्रामीणों का कहना है कि धान की बेड सूखने की कगार पर है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली विभाग से कई बार शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। आखिरकार ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर अपना विरोध दर्ज कराया और हाईवे जाम कर दिया। हाईवे जाम की सूचना मिलते ही कोतवाली नगर पुलिस और बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों से बातचीत कर जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। इसके बाद करीब दो घंटे बाद जाम खोला गया और यातायात बहाल हो सका। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया और बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हुई, तो आंदोलन और बड़ा किया जा सकता है।

डीएम एसपी ने दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश



फतेहपुर,। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने आज थाना मलवा में आयोजित थाना समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए ताकि किसी भी फरियादी को अनावश्यक भटकना न पड़े। उन्होंने राजस्व और पुलिस दोनों विभागों की आवश्यकता वाले मामलों में संयुक्त टीम बनाकर समयबद्ध जांच कराने का भी निर्देश दिया।जिलाधिकारी ने चेतावनी दी कि छोटे-मोटे विवादों को समय पर न सुलझाने पर वे बड़े विवाद का रूप ले सकते हैं अतः अधिकारियों से प्रत्येक शिकायत को संवेदनशीलता के साथ निस्तारित करने को कहा गया। पुलिस अधीक्षक ने आग्रह किया कि पुलिस से जुड़े प्रकरणों में निष्पक्षता, पारदर्शिता और तथ्यपरक निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि शिकायतकर्ता संतुष्ट हों।कार्यक्रम में राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारी, थाना प्रभारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

अफसरों ने सुनीं फरियाद, भूमि विवादों के निस्तारण पर जोर



जिला संवाददाता

बांदा। थाना समाधान दिवस में आयुक्त अजीत कुमार और पुलिस उपमहानिरीक्षक राजेश एस ने जसपुरा थाने पहुंचकर फरियादियों की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने शिकायतों के निस्तारण में औपचारिकता न बरतने और मौके पर पहुंचकर गुणवत्तापूर्ण समाधान कराने के निर्देश दिए। खासकर भूमि पैमाइश, सीमांकन, पथरगड्डी, चकमार्ग और सार्वजनिक भूमि से अतिक्रमण हटाने के मामलों में राजस्व और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। समाधान दिवस में पहुंचे फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। आयुक्त और डीआइजी ने शिकायतों को गंभीरता और संवेदनशीलता से सुना। संबंधित अधिकारियों से प्रकरण की जानकारी ली। कहा कि जिन मामलों में पक्षकारों के बीच विवाद अथवा विरोध की स्थिति बन सकती है और उससे कानून-व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है, ऐसे प्रकरणों को गंभीरता से चिह्नित किया जाए। आयुक्त ने निर्देश दिए कि भूमि विवाद और पैमाइश से जुड़े मामलों में केवल कागजी निस्तारण न किया जाए। राजस्व अधिकारी अभिलेखों की जांच करने के साथ मौके पर पहुंचकर स्थलीय सत्यापन करें। जरूरत पड़ने पर पुलिस के साथ संयुक्त टीम बनाकर कार्रवाई की जाए, ताकि किसी प्रकार के विवाद की स्थिति न बने। निर्धारित प्रक्रिया के तहत जांच पूरी कर शिकायत का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाए। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सार्वजनिक भूमि और चकमार्गों पर अवैध कब्जे के मामलों में किसी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। अवैध कब्जों को किसी भी दशा में संरक्षण न मिलने पाए। फरियादियों को एक ही समस्या के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। इस दौरान एसडीएम भूपेंद्र यादव, सीओ सदर सौरभ सिंह सहित राजस्व और पुलिस विभाग के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

जिलेभर में 87 मामले आए सामने



बांदा। थाना समाधान दिवस पर जिलाधिकारी अमित आसेरी व पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने कोतवाली नगर में जनता की शिकायतों को सुन उनके निस्तारण को टीमों को निर्देशित किया। अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना कोतवाली नगर व थाना गिरवां में राजस्व टीम के साथ जनता की शिकायतों को सुना। जनपद में कुल 87 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 18 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के त्वरित निस्तारण को टीम का गठन किया गया है।

कांवड़ यात्रा को लेकर आईजी ने परखी सुरक्षा व्यवस्था



फतेहपुर। पुलिस महानिरीक्षक, प्रयागराज परिक्षेत्र, अजय कुमार मिश्रा ने आज श्रावण मास एवं आगामी कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत फतेहपुर में सुरक्षा व्यवस्थाओं का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वे पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अभिमन्यु मांगलिक के साथ थाना हुसैनगंज क्षेत्र के ओम घाट तथा थाना सुल्तानपुर घोष क्षेत्र के नौबस्ता घाट पर पहुंचे और श्रद्धालुओं व कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन, आवागमन व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान मिश्रा ने घाटों पर उपलब्ध संसाधनों, कंट्रोल रूम, मोबाइल पेट्रोलिंग व्यवस्था तथा आपातकालीन चिकित्सा-सहायता के इंतजामों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रा के दौरान भीड़-प्रबंधन के लिए समुचित बैरियर, प्रवेश-निकास मार्गों का स्पष्ट चिह्नांकन तथा जोखिम वाले स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रखा जाए। प्रकाश व्यवस्था और सीसीटीवी कवरेज सुनिश्चित कर के रात के घंटों में श्रद्धालुओं की सुरक्षा बढ़ाने पर भी जोर दिया गया।पुलिस महानिरीक्षक ने अधिकारियों से कहा कि सड़क किनारे ठेले, अतिक्रमण और अस्थायी संरचनाओं के संचालन पर नियंत्रण रखा जाए ताकि आवागमन सुचारू बना रहे।

एलईडी प्रकाश व्यवस्था से वार्ड की बदली तस्वीर, क्षेत्रवासियों में खुशी



बहराइच। नगर पालिका क्षेत्र के कानूनगोपुरा दक्षिणी वार्ड में कराए गए सौंदर्यीकरण एवं आकर्षक एलईडी प्रकाश व्यवस्था के कार्य से वार्ड की तस्वीर बदलती नजर आ रही है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि श्यामकरन टेकरीवाल की ओर से कराए गए विकास कार्य से जहां वार्ड की सुंदरता में चार चांद लगे हैं, वहीं रात के समय आकर्षक प्रकाश व्यवस्था से क्षेत्र रोशनी से जगमगा उठा है। विकास कार्य को लेकर क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है।वार्ड सभासद मो. जावेद ने कहा कि क्षेत्र में सौंदर्यीकरण और एलईडी प्रकाश व्यवस्था की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। विकास कार्य पूरा होने के बाद वार्ड का वातावरण अधिक सुंदर और व्यवस्थित दिखाई देने लगा है। विशेष रूप से शाम के बाद प्रकाश व्यवस्था से गलियों और सार्वजनिक स्थानों की रौनक बढ़ गई है।उन्होंने कहा कि बेहतर प्रकाश व्यवस्था से क्षेत्र की सुंदरता बढ़ने के साथ ही लोगों को रात में आवागमन में भी सुविधा मिलेगी। वार्ड में विकास कार्य कराए जाने से स्थानीय लोगों में उत्साह है और लोगों को उम्मीद है कि आने वाले समय में भी क्षेत्र में अन्य आवश्यक विकास कार्यों को गति मिलेगी।सभासद मो. जावेद ने नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि श्यामकरन टेकरीवाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास और जनसुविधाओं को प्राथमिकता देकर कार्य कराया जाना सराहनीय है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों का सीधा लाभ वार्ड के लोगों को मिल रहा है और इससे क्षेत्र की पहचान भी बेहतर हो रही है।

एसपी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं



बहराइच। बहराइच के सभी थानों पर स्थाना समाधान दिवसस्र का आयोजन किया गया। इस क्रम में पुलिस अधीक्षक बहराइच श्री विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा राजस्व विभाग की टीम के साथ थाना कैसरगंज में उपस्थित रहकर थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता की गयी। इस दौरान महोदय द्वारा फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा प्राप्त जनशिकायतों की निष्पक्ष एवं विधिसम्मत जांच कर समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही निर्देशित किया कि जिन प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है, उन्हें आवश्यक आख्या संलग्न कर संबंधित अधिकारी को तत्काल प्रेषित किया जाए। साथ ही महोदय द्वारा भूमि विवाद संबंधी मामलों में राजस्व विभाग के साथ प्रभावी समन्वय स्थापित करते हुए शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री आयुष विक्रम सिंह, क्षेत्राधिकारी कैसरगंज श्री धीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

परिवार परामर्श केंद्र ने तीन परिवारों को टूटने से बचाया

बहराइच। आपसी पारिवारिक विवाद के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक महोदय के समक्ष सुलह हेतु प्रार्थना पत्र किए गए, जिनके निस्तारण हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया गया। परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर-समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया, जिसके परिणामस्वरूप दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई-झगड़ा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करते हुए खुशी-खुशी साथ रहने की बात कही गयी। आपसी सुलह होने पर दोनों पक्षों को एक दूसरे के साथ आपस में सामंजस्य स्थापित कर परिवारिक दायित्वों को सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी।

साइबर अपराधों से निपटने का दिया प्रशिक्षण



महोबा। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम अनुरुद्ध कुमार की अध्यक्षता में तथा प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना अर्जुन सिंह की उपस्थिति में पुलिस लाइन स्थित सभागार में रिक्रूट आरक्षियों को साइबर अपराधों के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। रिक्रूट आरक्षियों को वर्तमान समय में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों जैसे ऑनलाइन फ्रॉड, फिशिंग, ओटीपी ठगी, सोशल मीडिया हैकिंग, फर्जी वेबसाइट या ऐप के माध्यम से ठगी आदि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही साइबर अपराधों की रोकथाम, डिजिटल साक्ष्य के सुरक्षित संकलन एवं तकनीकी जांच की प्रक्रिया के विषय में भी प्रशिक्षित किया गया। क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम अनुरुद्ध कुमार द्वारा बताया गया कि आधुनिक तकनीक के इस दौर में पुलिस कर्मियों को साइबर अपराधों के प्रति पूर्ण रूप से प्रशिक्षित एवं सजग रहना आवश्यक है, जिससे आमजन को समय पर सहायता उपलब्ध कराई जा सके तथा अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। उक्त प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य नवनियुक्त रिक्रूट आरक्षियों को साइबर अपराधों की प्रकृति, कार्यप्रणाली एवं उनसे निपटने के उपायों के प्रति सक्षम बनाना है, ताकि वे भविष्य में अपनी ड्यूटी के दौरान इन अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित कर सकें।

अपराधियों के हौसले पस्त, बिजली तार चोर गिरोह से मुठभेड़

एस पी मिश्रा



नानपारा (बहराइच)। भारत-नेपाल सीमा से सटे नानपारा कोतवाली क्षेत्र की पहचान कभी अपराध और अपराधियों की सक्रियता वाले इलाके के रूप में होती थी, लेकिन अब तस्वीर बदलती नजर आ रही है। जनश्रुति के अनुसार प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह

एक बदमाश के पैर में लगी गोली, पांच गिरफ्तार; एक साथी फरार

के कड़े तेवर और लगातार सक्रियता से अपराधियों के हौसले पस्त हैं। नशे के कारोबार से लेकर तस्करी, चोरी और अन्य आपराधिक गतिविधियों में लिप्त लोगों पर लगातार शिकंजा कसे जाने से अपराधियों में भय का माहौल है। क्षेत्र में चर्चा है कि कई अपराधी नानपारा छोड़कर पलायन कर चुके हैं तो कई कानून के शिकंजे में पहुंच चुके हैं। इसी क्रम में शनिवार को नानपारा क्षेत्र में बिजली के तार चोरी करने वाले गिरोह के साथ पुलिस की मुठभेड़ हुई, जिसमें एक बदमाश के बाएं पैर में गोली लगी, जबकि उसके चार साथियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। एक अन्य साथी मौके से फरार हो गया।बताया जाता है कि नानपारा क्षेत्र में बीती रात चोरों ने बिजली के तार काटकर चोरी कर लिए थे। घटना के बाद मामले के अनावरण के लिए पुलिस और स्वाट टीम लगातार सक्रिय थी। शनिवार, 8 अगस्त 2026 को प्रभारी निरीक्षक नानपारा राजनाथ सिंह और एसओजी की संयुक्त टीम को जनश्रुति के अनुसार मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली कि बिजली तार चोरी करने वाला गिरोह चोरी के माल को ठिकाने लगाने और किसी अन्य वारदात को अंजाम देने के प्रयास में हाड़ा बसेड़ी के पास सरयू नहर की पटरी पर इकट्ठा है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। जनश्रुति के अनुसार खुद को घिरता देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में बाराबंकी के माती थाना क्षेत्र के सिद्दबहि निवासी कदीर पुत्र शफीक के बाएं पैर में गोली लग गई। घायल कदीर को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। वहीं उसके चार अन्य साथियों कृष्णा कुमार, कुलदीप गुप्ता, हरेन्द्र गुप्ता और उदयराज चौहान, सभी निवासी खारोह थाना रेउसा जनपद सीतापुर, को पकड़ लिया गया, जबकि गिरोह का एक सदस्य मौके से भाग निकला। पकड़े गए आरोपितों के पास से एक देशी तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, मारुति ईको कार, चोरी कर काटे गए बिजली के तारों के कई बंडल तथा तार काटने के औजार बरामद होने की बात कही जा रही है। जनश्रुति में यह भी चर्चा है कि घायल कदीर के विरुद्ध हत्या समेत कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव समेत अन्य अधिकारी फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम ने मौके से आवश्यक साक्ष्य जुटाए। फरार आरोपित की तलाश के साथ ही गिरोह से जुड़े अन्य लोगों और बिजली तार चोरी की पूर्व की घटनाओं के संबंध में भी जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह के कार्यभार संभालने के बाद नानपारा में पुलिस की सक्रियता बढ़ी है और अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार महसूस किया जा रहा है। कभी अतिसंवेदनशील थानों में शुमार नानपारा कोतवाली में लगातार हो रही पुलिस कार्रवाई से जहां अपराधियों में खौफ है, वहीं आम लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है।

9 से 12 अगस्त तक भारी वर्षा की संभावना

महोबा। मौसम विज्ञान विभाग के द्वारा अलर्ट जारी किया गया है कि दिनांक 9 अगस्त से 12 अगस्त तक भारी वर्षा होने की संभावना है। जनसाधारण को बचाव हेतु जिलाधिकारी द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है कि पशु हानि से बचाव हेतु खराब मौसम के दौरान पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर बांधे, पेड़ के नीचे, टीन शेड के नीचे न बांधे। पशुओं को चरही के लिए न छोड़ें, क्योंकि पशु भी स्वयं को सुरक्षित रखने के लिए पेड़ों के नीचे छिपते हैं जो सुरक्षित नहीं है। खराब मौसम में कोई भी व्यक्ति घर से बाहर न निकलें, यदि घर से बाहर हैं तो छिपने के लिए सुरक्षित स्थान के रूप में पक्के मकान का ही प्रयोग करें, पेड़ के नीचे न छिपे, जंगली क्षेत्र में छोटे पेड़ के नीचे छिपे, पैर के नीचे सुखी लकड़ी, पत्ते रखें। बारिश के समय नहायें नहीं, बर्तन, कपड़े आदि न धुलें।

विधानसभा में आवाज उठाने पर ग्राम रोजगार सेवकों ने विधायक सुभाष त्रिपाठी का किया सम्मान

बहराइच। ग्राम रोजगार सेवकों की समस्याओं और मांगों को उत्तर प्रदेश विधानसभा में प्रमुखता से उठाने के लिए शनिवार को ग्राम रोजगार सेवकों ने पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी का सम्मान कर आभार जताया। जिलाध्यक्ष पंकज मिश्र के नेतृत्व में आयोजित सम्मान समारोह में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ग्राम रोजगार सेवक पहुंचे।

कार्यक्रम में रोजगार सेवकों ने विधायक सुभाष त्रिपाठी का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ग्राम रोजगार सेवकों की समस्याओं को विधानसभा में मजबूती से उठाकर विधायक ने उनकी आवाज को सदन तक पहुंचाने का कार्य किया है। इसके लिए सभी रोजगार सेवक उनके आभारी हैं।सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए विधायक सुभाष त्रिपाठी ने कहा कि ग्राम रोजगार सेवकों की समस्याओं और मांगों को उन्होंने विधानसभा में पूरी मजबूती के साथ उठाया है। उन्होंने कहा कि रोजगार सेवकों के हितों से जुड़े मुद्दों को सदन में उठाना महज औपचारिकता नहीं है, बल्कि उनकी समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए आगे भी लगातार प्रयास किए जाएंगे।



विधायक ने रोजगार सेवकों को भरोसा दिलाया कि उनकी मांगों को उचित स्तर तक पहुंचाने और समाधान कराने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनकी लड़ाई को केवल विधानसभा में आवाज उठाने तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि उसे उसके अंजाम तक पहुंचाने का प्रयास होगा।विधायक के आश्वासन से रोजगार सेवकों में उत्साह नजर आया। उन्होंने उम्मीद जताई कि उनकी लंबित मांगों और समस्याओं के समाधान के लिए आने वाले समय में प्रभावी पहल होगी। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष पंकज मिश्र सहित बड़ी संख्या में ग्राम रोजगार सेवक मौजूद रहे।

वन विभाग के पिंजरे में कैद हुआ गुलदार, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस



बिजनौर। आतंक का प्रयाय बना गुलदार आखिरकार वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में कैद हो गया। गुलदार के पिंजरे में कैद होने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।जानकारी के अनुसार थाना शेरकोट क्षेत्र में पिछले कई दिनों से गांव के आसपास गुलदार की मौजूदगी से लोगों में दहशत का माहौल था। गुलदार को पकडने के लिए वन विभाग ने गांव के निकट पिंजरा लगाया था। ग्राम हरेवली में संत रविदास हाईस्कूल के पास वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरा शुक्रवार रात एक गुलदार फंस गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड जुट गई। ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग की टीम को सूचना दी, जिसके बाद टीम मौके के लिए रवाना हो गई। ग्रामीणों के अनुसार गांव के आसपास गुलदार का एक जोडा देखा गया था। इनमें से एक गुलदार पिंजरे में कैद हो गया है, जबकि दूसरा अभी भी खुले में होने की आशंका है। इसे देखते हुए ग्रामीणों से सतर्क रहने और रात के समय अनावश्यक रूप से बाहर न निकलने की अपील की गई है। वन विभाग की टीम गुलदार को सुरक्षित रेस्क्यू कर नियमानुसार जंगल में छोडे जाने की प्रक्रिया में जुटी है। वन विभाग का कहना है कि दूसरे गुलदार की भी जल्द पकड लिया जाएगा।

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद के समस्त न्यायालयों में 12 सितम्बर को होगा

बिजनौर। प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिजनौर ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार दिनांक 12 सितम्बर, 2026 को प्रातः 10: बजे से जनपद न्यायालय बिजनौर सहित जनपद एवं बाह्य स्थित न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर के मार्गदर्शन में यह आयोजन संपन्न होगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन एवं न्यायालयों में लंबित समझौतायोग्य वादों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निःशुल्क एवं त्वरित निस्तारण किया जाएगा। इसमें धारा-138 एन.आई. एक्ट, बैंक रिकवरी, मोटर दुर्घटना दावा, श्रम (लेबर) विवाद, बिजली एवं पानी के बिल, वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद, राजस्व वाद, भूमि अधिग्रहण, सेवा संबंधी प्रकरण, वेतन-भत्ते तथा अन्य दीवानी एवं आपराधिक शमनीय वादों का निस्तारण किया जाएगा।

उन्होंने सभी वादकारियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित होकर अपने मामलों का सौहार्दपूर्ण समाधान कराएं तथा समय, धन एवं अनावश्यक न्यायिक प्रक्रिया से बचते हुए इस जनहितकारी व्यवस्था का लाभ उठाएं।

संक्षेप

चार पुलिसकर्मियों समेत सात गिरफ्तार

मुंगेर (बिहार)। बिहार के मुंगेर जिले में कथित तौर पर मवेशी तस्करी में शामिल होने के आरोप में चार पुलिसकर्मियों समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये गिरफ्तारियां 35 भैंसों से लदे एक ट्रक को जब्त किए जाने के बाद की गईं। इनमें से पांच भैंसों की वाहन में ठूंसकर ले जाए जाने के कारण मौत हो गई थी। गिरफ्तार किए गए पुलिसकर्मियों की पहचान यातायात पुलिस में तैनात सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) अयोध्या कुमार और चालक विमलेश सिंह के रूप में हुई है। इसके अलावा होमगार्ड के जवान अरविंद यादव और अभिषेक कुमार को भी गिरफ्तार किया गया है। एक बयान में कहा गया कि पुलिसकर्मियों के साथ स्थानीय निवासी राकेश कुमार और पड़ोसी खगड़िया जिले के अमित कुमार तथा मोहम्मद जियाउल हक के खिलाफ मुफस्सिल थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

अमरनाथ गुफा जाने वाली यात्रा निलंबित

श्रीनगर। अमरनाथ गुफा जाने वाले दोनों मार्गों की मरम्मत के लिए अमरनाथ यात्रा को निलंबित कर दिया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह घोषणा की। कश्मीर के संभाग आयुक्त अंशुल गर्ग ने कहा, यात्रा नौ अगस्त, 2026 से दोनों मार्गों पर निलंबित रहेगी। छड़ी मुबारक पारंपरिक पहलगाम मार्ग से जाएगी और 28 अगस्त को अमरनाथ यात्रा-2026 का समापन होगा। उन्होंने कहा कि 57 दिन चलने वाली श्री अमरनाथ जी यात्रा इस वर्ष तीन जुलाई को शुरू हुई थी और 28 अगस्त को छड़ी मुबारक के साथ संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि यह यात्रा अनंतनाग जिले के चंदनवाड़ी मार्ग और गांदरबल जिले के बालटाल मार्गों से एक साथ शुरू हुई थी। गर्ग ने कहा अब तक चार लाख 80 हजार से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। हालांकि, हाल में हुई बारिश के कारण यात्रा मार्ग के संवेदनशील हिस्सों में मरम्मत और रखरखाव की जरूरत महसूस हुई है। सीमा सड़क संगठन इन मार्गों की मरम्मत का काम कर रहा है। इसके अलावा, भारत मौसम विभाग ने कुछ दिनों में खराब मौसम की आशंका जताई है।

चार उच्च न्यायालयों में 30 न्यायाधीश नियुक्त किए गए

नयी दिल्ली। चार उच्च न्यायालयों में शनिवार को 30 न्यायाधीशों की नियुक्ति की गई, जिनमें से 20 न्यायाधीश अधिवक्ता हैं जबकि बाकी 10 न्यायिक अधिकारी हैं। कानून मंत्रालय के एक बयान के अनुसार मद्रास उच्च न्यायालय में 15 न्यायाधीशों की नियुक्ति की गई है, जबकि कलकत्ता उच्च न्यायालय में आठ न्यायाधीश नियुक्त किए गए हैं। बयान में कहा गया है कि कर्नाटक उच्च न्यायालय में छह न्यायाधीशों और मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में एक न्यायाधीश की नियुक्ति की गई है। उच्च न्यायालयों में वकीलों और न्यायिक अधिकारियों (निचली अदालतों के न्यायाधीशों) को न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया जाता है। अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किए गए लोगों को आमतौर पर दो साल बाद न्यायाधीश या स्थायी न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया जाता है।

दुष्कर्म के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

हैदराबाद। तेलंगाना के जगतियाल जिले में एक महिला के साथ कथित तौर पर दो लोगों ने दुष्कर्म किया। दोनों आरोपी कुख्यात अपराधी हैं। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। महिला तीन अगस्त को एक गांव के घर में अपने परिचित व्यक्ति के साथ मौजूद थी, तभी चार लोग वहां पहुंचे और उन्होंने मोबाइल फोन से दोनों का वीडियो बना लिया। आरोपियों ने कथित तौर पर महिला के परिचित को भगा दिया, उसे धमकी दी और उसके साथ मारपीट की, जिसके बाद उनमें से दो ने महिला के साथ बलात्कार किया।

सहकारी बैंकों के लिए प्रौद्योगिकी जरूरी

एनयूसीएफडीसी में एक साल के भीतर शामिल हों शहरी सहकारी बैंक : शाह

एजेंसी



मुंबई। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने शनिवार को शहरी सहकारी बैंकों से प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए प्रौद्योगिकी अपनाने, पारदर्शिता सुनिश्चित करने और ग्राहक सेवाओं को आधुनिक बनाने का आग्रह किया। उन्होंने मुंबई में नेशनल अर्बन कोऑपरेटिव फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनयूसीएफडीसी) के नए कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि ग्राहकों की समृद्धि सुनिश्चित करने से बैंकों को वृद्धि हासिल करने में मदद मिलेगी।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने सभी शहरी सहकारी बैंकों से इस क्षेत्र के शीर्ष संगठन एनयूसीएफडीसी में एक साल के भीतर शामिल होने का भी आग्रह किया। एनयूसीएफडीसी भारत में शहरी सहकारी बैंकों (यूसीबी) के लिए प्रमुख संगठन और स्व-नियामक निकाय के रूप में कार्य करता है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा स्वीकृत और मुंबई में मुख्यालय वाला यह निकाय सहकारी बैंकिंग क्षेत्र को मजबूत करने के लिए पूंजी, आईटी बुनियादी ढांचा और तरलता सहायता प्रदान करता है। उन्होंने कहा, हमारी जिम्मेदारी यह सुनिश्चित करना है कि सभी बैंक इस संगठन (एनयूसीएफडीसी) के सदस्य बनें, तकनीक लाएं, पारदर्शिता लाएं, कर्मचारियों को प्रशिक्षित करें, ग्राहकों को आधुनिक सेवाएं प्रदान करें और प्रतिस्पर्धा में बने रहें। शाह ने कहा कि देश के लगभग 1,400 शहरी सहकारी बैंकों में लगभग 690 पहले ही इस संगठन के सदस्य बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि बाकी यूसीबी को भी एक साल के भीतर इसका हिस्सा बन जाना चाहिए। मंत्री ने कहा कि भारत को समृद्ध बनाने के लिए इसके लोगों के बीच समृद्धि को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि केवल पूंजी बाजार ही इस उद्देश्य को पूरा नहीं कर सकता। उन्होंने कहा, हमें साथ-साथ स्वरोजगार की एक नई प्रणाली बनाने की जरूरत है। शहरी सहकारी बैंक ऐसा कर सकते हैं और यह हमारी जिम्मेदारी है। शाह ने कहा कि सहकार से समृद्धि के विचार का अर्थ केवल बैंकों को वित्तीय रूप से मजबूत बनाना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि ग्राहक भी समृद्ध बनें, जिससे बदले में बैंकों को बढ़ने में मदद मिलेगी। आरबीआई की भूमिका के बारे में शाह ने कहा कि केंद्रीय बैंक और शहरी सहकारी बैंकों के बीच धारणा के अंतर को पाटने की जरूरत है। उन्होंने कहा, शहरी सहकारी बैंकों के प्रति रिजर्व बैंक का नजरिया अलग है, और हमारे शहरी बैंक भी आरबीआई को अलग तरह से देखते हैं। हमें इससे बाहर निकलना होगा। सहकारिता मंत्री के रूप में अपने पांच साल के अनुभव का हवाला देते हुए शाह ने कहा कि जब भी सहकारिता क्षेत्र आत्मविश्वास के साथ संपर्क करता है, तो आरबीआई ने हमेशा सक्रिय सहायता प्रदान की है।

दिल्ली : बारिश व कांवड़ यात्रा का डबल अटैक



नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली और उससे सटे एनसीआर के शहरों में सफर करने वाले लोगों के लिए आज का दिन भारी परेशानियों भरा रहा। झमाझम बारिश और कांवड़ यात्रा के चलते किए गए रूट डायवर्जन ने दिल्ली-एनसीआर के बॉर्डर इलाकों में यातायात व्यवस्था की कमर तोड़ दी है। आलम यह है कि कई प्रमुख मार्गों और बॉर्डर क्रॉसिंग पॉइंट्स पर एक से दो किलोमीटर लंबा भीषण जाम लग गया है, जिससे वाहन रेंगते हुए नजर आ रहे हैं। सावन के महीने में कांवड़ यात्रा अब अपने चरम पर है। भारी संख्या में कांवड़िए दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजर रहे हैं। इनकी सुरक्षा और सुविधा को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने कई अहम रास्तों पर बैरिकेडिंग और रूट डायवर्जन लागू किया है।

आजादी के जश्न से पहले तिरंगे से सजे बाजार

एजेंसी



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी का सदर बाजार इन दिनों पूरी तरह तिरंगे के रंग में रंगा हुआ है। झंडे बनाने के लिए कपड़ों के रोल दीवारों से लगे हुए हैं, सिलाई मशीनें लगातार चल रही हैं, तैयार तिरंगे देशभर में भेजे जाने के लिए पैक किए जा रहे हैं और इन सब के बीच यहां स्थित है, भारत हैंडलूम क्लॉथ हाउस , जो झंडे बनाने वाली सबसे पुरानी दुकानों में से एक है। इस दुकान में ऐसा परिवार काम कर रहा है, जो पीढ़ियों से राष्ट्रीय ध्वज तैयार करता आ रहा है और इस बार 80वें स्वतंत्रता दिवस से पहले मांग के दबाव को पूरा करने में जुटा है। जब भारत-चीन के बीच 1962 में युद्ध हुआ था उसी साल स्थापित की गई यह छोटी सी दुकान युद्ध समेत देश के कई अहम मौकों पर सरकारी अधिकारियों, घरों और संस्थानों को झंडे मुहैया कराती रही। हालांकि, झंडे बनाने के काम से इस परिवार का नाता और भी पुराना है। यह परिवार गफ्फार के दादा और पिता के समय से झंडे बनाता आ रहा है। उनके दादा और पिता ने आज़ादी की लड़ाई के दौरान झंडे बनाए थे।

खाड़ी क्षेत्र से 4,048 भारतीयों को वापस लाये : सोनोवाल

मुंबई। केंद्रीय बंदरगाह, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने शनिवार को कहा कि सरकार हर भारतीय नाविक की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और पश्चिम एशिया संकट के बाद खाड़ी क्षेत्र से 4,048 नाविकों को सुरक्षित स्वदेश वापस लाया गया है। नाविक सुरक्षा, संरक्षा और कल्याण विषय पर आयोजित चर्चा में उन्होंने कहा कि सरकार ने अब तक हजारों नाविकों की सुरक्षित वापसी कराई है और उनके परिवारों को भी आवश्यक सहायता दी गई है। यह चर्चा समुद्री प्रशासन महानिदेशालय (डीजीएमए) द्वारा आयोजित कार्यक्रम में की गई।

डीपफेक के खिलाफ कार्रवाई करेगी मेटा

सरकार ने जारी किये निर्देश, समीक्षा के बाद लेगी कानूनी राय

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी मेटा से डीपफेक पर कार्रवाई करने को कहा है और कंपनी के साथ हुई बैठकों के नतीजों की समीक्षा के बाद आगे उठाए जाने वाले कदमों को लेकर कानूनी राय ली जाएगी। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों ने कहा कि मूल सवाल यह है कि मेटा भारतीय कानून के तहत मध्यस्थों के लिए निर्धारित प्रावधानों का पालन कर रहा है या उनका उल्लंघन कर रहा है और सरकार इस पहलू की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार अन्य ऑनलाइन मंचों को भी बुलाएगी और यह जांच करेगी कि क्या वे भारतीय कानून के तहत मध्यस्थ की परिभाषा के दायरे में आते हैं। सूत्रों ने आगे कहा कि यह मुद्दा इस बात पर केंद्रित है कि क्या



कोई ऐसा मंच जो सक्रिय रूप से यह तय करता है कि उपयोगकर्ता क्या देखें, वह सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम के तहत मध्यस्थ के दर्जे का दावा जारी रख सकता है। यह मुद्दा इसलिए महत्व रखता है क्योंकि आईटी अधिनियम की धारा 79 कानून के प्रावधानों के पालन व उचित सावधानी की आवश्यकताओं के अधीन, मध्यस्थों को तीसरे पक्ष की सामग्री के दायित्व से सुरक्षा प्रदान करती है। सूत्रों के अनुसार, यदि मेटा और अन्य ऑनलाइन मंच यह तय करते हैं कि उपयोगकर्ताओं को कौन-सी सामग्री दिखाई जाएगी तो यह एक तरह से प्रकाशन के समान है और ऐसे में उन्हें अपने कदमों की जिम्मेदारी भी लेनी होगी। उन्होंने कहा कि जब किसी मंच की अनुशंसा प्रणाली यह तय करती है कि किस व्यक्ति को कौन-सी सामग्री दिखाई जाए और जब वह भुगतान वाली सामग्री को बढ़ावा देती है।

स्टार्टअप को बढ़ावा देने को पांच कंपनियों से समझौते

एजेंसी

नयी दिल्ली। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने स्टार्टअप को मजबूत करने के लिए कैशफ्री पेमेंट्स, डार्विन डायनामिक्स, वल्टर इंडिया, कोर्स24 और काउंसिल फॉर स्टार्टअप इंडिया के साथ समझौते किए हैं।

कैशफ्री पेमेंट्स इंडिया के साथ किए गए समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत पात्र स्टार्टअप को सुरक्षित और लचीली भुगतान प्रणाली एवं भुगतान निपटान, पहचान सत्यापन तथा जोखिम प्रबंधन सेवाएं मिलेंगी। डार्विन डायनामिक्स के साथ समझौते का मकसद स्वच्छ ऊर्जा, कृत्रिम मेधा, जलवायु तकनीक और उन्नत विनिर्माण जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में क्षमता निर्माण और नवाचार को बढ़ावा देना है। डीपीआईआईटी ने कहा कि वल्टर इंडिया के साथ सहयोग के तहत स्टार्टअप को क्लाउड कंप्यूटिंग संसाधनों, तकनीकी प्रशिक्षण और डिजिटल अवसंरचना तक बेहतर पहुंच मिलेगी, जिससे वे अपने कारोबार को अधिक प्रभावी ढंग से विकसित कर सकेंगे। वहीं कार्स24 के साथ हुए समझौते का मकसद स्टार्टअप संस्थापकों को संरचित मार्गदर्शन देना, परिवहन और वाहन प्रौद्योगिकी कौशल विकास बढ़ावा देना और एआई आधारित प्रौद्योगिकी को अपनाने में सहयोग करना है।

हथकरघा कारीगरों के लिए खुले कमाई के नये रास्ते

एजेंसी



शिमला। एक ओर जहां हिमाचल प्रदेश के कई जिलों में कारीगरों की कमी से हथकरघा का काम कम हो रहा है, वहीं कुल्लू जिले में शरण गांव केंद्रीय कपड़ा मंत्रालय से हथकरघा गांव का टैग मिलने के बाद एक प्रमुख केंद्र के तौर पर उभरा है। इससे पारंपरिक कारीगरों, खासकर महिलाओं के लिए अतिरिक्त कमाई का मौका बना है।

शरण को वर्ष 2020 में देश भर के 11 गांवों में एक स्पेशलाइज्ड क्राफ्ट हैंडलूम विलेज के तौर पर पहचाना गया था। इसकी वजह यहां की पारंपरिक लकड़ी वाली कथ-कुनी वास्तुकला और स्थानीय बुनकरों का सक्रिय समुदाय है। इस गांव को हथकरघा गांव की पहचान इसलिए मिली क्योंकि इसने कई पैमानों को पूरा किया, जैसे कि पर्यटन सर्किट पर होना (जिससे ग्रामीण पर्यटन के साथ शिल्प उत्पादन को सफलतापूर्वक जोड़ा जा सके), राज्य सरकार की सिफारिश, बुनियादी ढांचे की व्यवहार्यता और सांस्कृतिक तथा विरासत का महत्व। यह गांव बुनाई की अनोखी और पारंपरिक क्षेत्रीय परंपराओं को भी दर्शाता है। यह गांव पारंपरिक खेती और निजी इस्तेमाल के लिए पट्टू, शॉल, टोपी और मफलर बुनने से आगे बढ़कर अब अपने हथकरघा उत्पादों को बाजार में बेचने लगा है।

जमागदानी स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की सपना ठाकुर ने कहा कि हैंडलूम विलेज या हथकरघा गांव का टैग मिलने के बाद हथकरघा उत्पादों की बिक्री काफी बढ़ी है और महिलाएं अब अपने उत्पादों को बाजार में बेच रही हैं।

परिसीमन प्रस्ताव पर सीएम विजय ने सांसदों से की चर्चा

एजेंसी

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने शनिवार को केंद्र के प्रस्तावित परिसीमन पर चर्चा के लिए तमिलनाडु के सांसदों की एक बैठक की अध्यक्षता की।

द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) और अन्नाद्रमुक ने इस बैठक का बहिष्कार किया तथा बातचीत को ढोंग एवं नाटक करार दिया। विजय ने केंद्र के परिसीमन के प्रस्ताव और राज्य पर इसके संभावित असर पर चर्चा की अगुवाई की। बैठक में सत्तारूढ़ तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) के सहयोगी दलों कांग्रेस, वीसीके, एमडीएमके और आईयूएमएल तथा मित्र दलों भाकपा और माकपा के सांसदों ने हिस्सा लिया। कुल मिलाकर 19 सांसद बैठक में शामिल हुए। इसमें कांग्रेस के 11 सांसदअ भाकपा, माकपा और वीसीके के दो-दो सांसद, तथा एमडीएमके व आईयूएमएल के एक-एक सांसद शामिल हुए। द्रमुक के सहयोगी दलों एमएनएम और डीएमडीके (जिनके राज्यसभा में एक-एक सदस्य हैं) ने भी बैठक में हिस्सा नहीं लिया। अन्नाद्रमुक (जिसके राज्यसभा में चार सांसद हैं) और उसकी सहयोगी पार्टी पीएमके (जिसके राज्यसभा में एक सदस्य हैं) ने इसमें हिस्सा नहीं लिया। द्रमुक के 22 लोकसभा सदस्य और आठ राज्यसभा सदस्य हैं।

पेज एक का शेष

यूपीआई

के लिए उठाया गया है। बयान में कहा गया कि लेनदेन की अत्यधिक मात्रा के साथ प्रणाली को साइबर सुरक्षा, धोखाधड़ी की रोकथाम और बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण व निरंतर सुधार की आवश्यकता है। बयान में आगे कहा गया कि बाजार के विस्तार और स्थिरता के लिए ऐसा करना जरूरी था। बयान में कहा गया कि यदि बाहरी दबाव एक कारक होता, तो सरकार 2016 में यूपीआई पेश नहीं करती या जनवरी 2020 से व्यापारियों और नागरिकों दोनों के लिए इसे मुफ्त नहीं बनाती और यह सुनिश्चित नहीं करती कि यह दुनिया की सबसे बड़ी वास्तविक समय की अंतर-संचालनीय भुगतान प्रणाली बने। इसलिए, इस संशोधन को सरकार के उस व्यापक उद्देश्य के संदर्भ में देखा जाना चाहिए जो यह सुनिश्चित करता है कि भारत का डिजिटल भुगतान बुनियादी ढांचा टिकाऊ, प्रतिस्पर्धी, अभिनव और देश की तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था की सेवा करने में सक्षम बना रहे। बयान में कहा गया कि यूपीआई भारत का अपना नवाचार है, और सरकार आने वाले दशकों तक इसकी स्थिरता सुनिश्चित करते हुए इसे नागरिकों के लिए मुफ्त रखने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे केवल वित्त मंत्रालय, भारतीय रिजर्व बैंक और एनपीसीआई की आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करें और असत्यापित संदेशों को आगे न भेजें।

युवाओं के

दिया कि यह योजना सिर्फ अच्छे सीजीपीए (क्युमुलेटिव ग्रेड पॉइंट एवरेज) या मोटी सैलरी वाले नियुक्ति प्रस्तावों से कहीं बढ़कर है अ बल्कि यह मुश्किल समस्याओं को सुलझाने की बेहतरीन काबिलियत का एक पक्का वैश्विक प्रमाण-पत्र है।

उन्होंने कहा आपकी डिग्री दुनिया को ये बताती है कि आप कठिन समस्याओं का समाधान करना जानते हैं। शैक्षणिक मेहनत और जीवन की चुनौतियों के बीच समानता बताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवाओं से कहा कि बड़ी समस्याओं को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटकर उनका समाधान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस तरह जटिल प्रयोगशाला अभ्यासों को चरणों में हल किया जाता है, उसी तरह जीवन की बड़ी चुनौतियों का भी सामना किया जा सकता है। उन्होंने कहा, अगर जिंदगी में मुश्किलें आती ही हैं, तो बिल्कुल नए मौके भी सामने आएंगेअ बस आपको पूरी तरह सतर्क रहना होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि परिसर का जीवन और परिसर के बाहर का जीवन, इन दोनों में बहुत बड़ा अंतर होता है। आईआईटी की परीक्षा में पाठ्यक्रम होता है, लेकिन जिंदगी की परीक्षा में सबकुछ पाठ्यक्रम से बाहर होता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि असली सफलता सिर्फ पहले से तय सवालों के जवाब देने में नहीं, बल्कि उन समस्याओं की पहचान करने और उन्हें हल करने में है, जिन्हें समाज ने बिना किसी सवाल-जवाब के स्वीकार कर लिया है। उन्होंने कहा कई पूर्व छात्रों की सफलता का मूल कारण यह था कि उन्होंने निडर होकर उन अहम सवालों की पहचान की, जिन्हें दुनिया ने सवाल मानना ही छोड़ दिया था। पिछली पीढ़ियों पर रहे ऐतिहासिक बोझ पर बात करते हुए, मोदी ने याद किया कि कैसे आज़ादी पाने के एकमात्र लक्ष्य ने एक पूरे दौर को परिभाषित किया, जो भारी त्याग और तपस्या से भरा था। उन्होंने मौजूदा पीढ़ी से कहा कि वे अगले तीन दशकों में अपने करियर के रास्ते को सीधे देश के विकास के लक्ष्यों से जोड़कर अपनी एक अलग पहचान बनाएं। उन्होंने कहा आपके हर फैसले का आधार यही होना चाहिए कि उससे देश को क्या फायदा होगा और देश की कौन-सी जरूरत पूरी होगी। आर्थिक, तकनीकी और औद्योगिक क्षेत्रों में पूरी तरह से आत्मनिर्भर बनने की सरकार की जबरदस्त कोशिशों का जिक्र करते हुए, मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि युवाओं का सशक्तीकरण ही विकसित भारत की नींव है।

उन्होंने प्रशासन के उन रणनीतिक नीतिगत फैसलों की सराहना की, जिनके जरिए पारंपरिक रूप से सीमित क्षेत्रों को लोकतांत्रिक बनाया गया और युवा नवोन्मेषकों के लिए खोला गया। प्रधानमंत्री ने भारत में अंतरिक्ष क्षेत्र की तेज रफ्तार और सेमीकंडक्टर निर्माण में घरेलू स्तर पर तेजी से हो रही तरक्की का जिक्र करते हुए कहा कि आज कोई युवा पूरे आत्मविश्वास के साथ गर्व से कह रहा है- 'मैं अपने परिवार की पहली पीढ़ी हूं, जिसने भारत में चिप बनाई है'। भारत में स्टार्टअप क्रांति को आगे बढ़ाने का श्रेय मौजूदा पीढ़ी को देते हुए, उन्होंने यूनिकॉर्न, डिजिटल पेमेंट और फिनटेक के तेजी से बढ़ते दौर से पैदा हुई जबरदस्त आर्थिक रफ्तार की तारीफ करते हुए कहा कि इसने लाखों लोगों को कारोबार शुरू करने के लिए अभूतपूर्व मंच उपलब्ध कराए हैं। उन्होंने कहा इन सभी क्रांतियों ने देश के लाखों युवाओं को पहली बार कुछ बिल्कुल नया करने का एक अद्भुत अवसर दिया है। भविष्य में तकनीकी दबदबे की सीमाओं को रेखांकित करते हुए, मोदी ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डेटा सेंटर, महत्वपूर्ण खनिज, गहरे समुद्र की खोज, क्वांटम कंप्यूटिंग और ऊर्जा सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण उभरते क्षेत्रों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा ऐसे कई अत्याधुनिक क्षेत्र आपके जबरदस्त हुनर, आपके साहसी नवोन्मेष और आपके मजबूत नेतृत्व का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। शैक्षणिक संसाधनों को सभी के लिए सुलभ बनाने की पहलों का जिक्र करते हुए, उन्होंने वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन कार्यक्रम पर प्रकाश डाला। यह कार्यक्रम यह सुनिश्चित करता है कि प्रतिष्ठित वैश्विक शोध पत्रिका बिना किसी अतिरिक्त लागत के सबसे छोटे शहरों में भी उपलब्ध हों।

शिवभक्तों पर

रहे हैं। इस अभियान से लाखों शिवभक्त जुड़े हैं। आशा है कि गाजियाबाद से हरिद्वार के बीच चार-साढ़े चार करोड़ शिवभक्त सावन की शिवरात्रि तक इस कांवड़ यात्रा के संग गंगाजल लेकर पवित्र शिवालयों में जलाभिषेक करेंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि मुजफ्फरनगर के शिवचौक में भी भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी है। मेरठ में मुझे जनप्रतिनिधियों संग कांवड़यात्रियों पर पुष्पवर्षा करने का अवसर प्राप्त हुआ है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ में बाबा औघड़नाथ मंदिर, गाजियाबाद में बाबा दूधेश्वर नाथ मंदिर, बागपत में पुरा महादेव मंदिर के साथ ही दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, हिमाचल प्रदेश के भी लाखों शिवभक्त श्रद्धा व उत्साह वर्धन के साथ कांवड़ यात्रा का हिस्सा बने हैं। सीएम योगी ने कहा कि हम सभी पूरी तत्परता से कांवड़ यात्रियों के स्वागत व सुरक्षा के लिए तैयार हैं। देवाधिदेव महादेव के प्रति श्रद्धा के साथ सैकड़ों किलोमीटर पैदल यात्रा कर रहे शिवभक्त भक्ति, समर्पण, सामाजिक व राष्ट्रीय एकता और समरसता का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। जात-पात, क्षेत्र व प्रांत की सीमाओं से ऊपर उठकर उनकी हर श्वांस शिव के नाम है। सीएम ने कहा कि यहां उत्साह, उमंग का माहौल है। प्रशासन ने मुस्तैदी के साथ सुरक्षा की व्यवस्था की है। जिला प्रशासन, सेक्टर मजिस्ट्रेट, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, पुलिसकर्मी, जोन, रेंज, जनपद, थाना स्तर के साथ ही तमाम पुलिस अधिकारी भी श्रद्धाभाव के साथ अभियान का हिस्सा बनकर सुरक्षा सुनिश्चित कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी

जय-जयकार तथा शहीद सैनिकों को कृतज्ञ नमन करते हुए तिरंगा यात्रा लोक भवन के सामने पहुंचेगी। तिरंगा झंडा भारत के गौरव, स्वाभिमान और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। हर घर तिरंगा-तिरंगा यात्रा अभियान के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्रप्रेम की भावना को जन-जन तक पहुंचाएंगे और स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देश की एकता एवं अखंडता के संकल्प को मजबूत करेंगे। 15 अगस्त तक चलने वाला हर घर तिरंगा-तिरंगा यात्रा अभियान 9 अगस्त को राजधानी लखनऊ में तिरंगा यात्रा के साथ प्रारम्भ होगा। प्रदेश के सभी मंडलों में 10, 11 एवं 12 अगस्त को तिरंगा यात्रा निकलेगी। 13 अगस्त को जिला मुख्यालयों के साथ ही प्रदेश में विभिन्न स्थानों से तिरंगा यात्राएं निकालकर भाजपा राष्ट्र प्रेम का संचार करेगी। 14 अगस्त को विभाजन-विभीषिका स्मृति दिवस, मौन जुलूस एवं संगोष्ठियां आयोजित की जाएंगी। 13 से 15 अगस्त तक प्रत्येक घर, प्रतिष्ठान, व्यापारिक संस्थान एवं कार्यालयों पर राष्ट्रध्वज फहराने के लिए व्यापक जनसम्पर्क एवं जनजागरण किया जाएगा।

वंचित वर्ग

रहने के बजाय मिलकर काम करना चाहिए। भागवत ने कहा कि भारतीय समाज कभी पूरी तरह संगठित था, लेकिन विदेशी आक्रमणकारियों की गुलामी के कारण उसमें बिखराव आ गया। आरएसएस प्रमुख ने कहा, इसके परिणामस्वरूप समाज में वंचित समूहों की संख्या बढ़ गई। इसके बावजूद इन समुदायों ने कभी अधीनता स्वीकार नहीं की और वे लगातार स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करते रहे। उन्होंने कहा कि संघ कई वर्षों से पारधी समुदाय के विकास के लिए काम कर रहा है। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता अंबादास दानवे भी इस कार्यक्रम में मौजूद थे।

उत्तराखंड : भाजपा

पर कितना दिखाई दे रहा है और किन इलाकों में अतिरिक्त प्रयास जरूरी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी योजनाओं की सफलता का वास्तविक पैमाना यह है कि उनका लाभ सही व्यक्ति तक पहुंच रहा है या नहीं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से ऐसे पात्र लोगों की पहचान करने में सहयोग करने को कहा, जो जानकारी के अभाव, कागजी प्रक्रिया अथवा अन्य कारणों से योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी योजना के क्रियान्वयन में स्थानीय स्तर पर अड़चन आती है तो उसे संबंधित अधिकारियों और उचित संगठनात्मक मंच तक पहुंचाया जाना चाहिए। इससे समस्या के समाधान की प्रक्रिया तेज करने में मदद मिलेगी। धामी ने कहा कि जमीनी स्तर से प्राप्त जानकारी सरकार के लिए एक महत्वपूर्ण फीडबैक मैकेनिज्म है। इसके जरिए जनता की जरूरतों को समझने के साथ-साथ योजनाओं के क्रियान्वयन में जरूरी बदलाव और सुधार भी किए जा सकते हैं। बैठक में गढ़वाल मंडल के विभिन्न जिलों से पहुंचे जिला एवं मंडल पदाधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की स्थिति से प्रदेश नेतृत्व को अवगत कराया। पर्वतीय क्षेत्रों में सड़क और स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ रोजगार, शिक्षा, पर्यटन और पलायन से जुड़े विषय चर्चा के प्रमुख बिंदुओं में रहे। पार्टी नेतृत्व के स्तर पर इन क्षेत्रीय फीडबैक को आगामी कार्यक्रमों और जनसंपर्क गतिविधियों की योजना के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। संगठन स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए अपनी गतिविधियों को अधिक परिणामकारी बनाने पर काम करेगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने जिला और मंडल अध्यक्षों से उनके क्षेत्रों में संगठन की गतिविधियों, कार्यकताओं की सक्रियता और पार्टी कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने स्थानीय स्तर पर सामने आने वाली चुनौतियों और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन से संबंधित विषयों पर भी चर्चा की।

बार्डर के एक

सभी हितधारकों से परामर्श और सहमति के बाद जारी किए गए हैं। मंत्रालय ने कहा, यह स्पष्ट किया जाता है कि जिन परियोजनाओं को इन दिशानिर्देशों के जारी होने से पहले ही गृह मंत्रालय से सुरक्षा मंजूरी मिल चुकी है, उन्हें दोबारा आवेदन करने की जरूरत नहीं होगी। उसने कहा इसी तरह जिन आवेदकों को अपनी परियोजनाओं के लिए रक्षा मंत्रालय से पहले ही अनापत्ति प्रमाणपत्र मिल चुका है, उन्हें भी इन दिशानिर्देशों के तहत दोबारा आवेदन नहीं करना होगा। ऐसी सभी परियोजनाओं के लिए आवेदन केवल नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय को दिया जाएगा। मंत्रालय परियोजना के लिए भूमि आवंटन की राज्य सरकार की सैद्धांतिक मंजूरी के साथ प्रस्ताव को गृह मंत्रालय के पास सुरक्षा मंजूरी और रक्षा मंत्रालय के पास अनापत्ति प्रमाणपत्र के लिए भेजेगा।



जेमिमा चोट के कारण द हंड्रेड से बाहर

नयी दिल्ली। भारतीय महिला टीम की प्रमुख बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स सदर्न ब्रेव तरफ से खेलते हुए मांसपेशियों में खिंचाव (हैमस्ट्रिंग) के कारण मौजूदा द हंड्रेड क्रिकेट टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं और उनका आगामी महिला टी20 एशिया कप में खेलना भी संदिग्ध है। सदर्न ब्रेव ने शनिवार को पुष्टि की कि टूर्नामेंट के शेष मैचों के लिए जेमिमा की जगह ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर चार्ली नॉट को टीम में शामिल किया गया है।

सदर्न ब्रेव ने एक्स पर पोस्ट किया हम पुष्टि करते हैं कि जेमिमा रोड्रिग्स के चोट के कारण द हंड्रेड से बाहर हो जाने के बाद बाकी बचे मैचों के लिए उनकी जगह चार्ली नॉट को टीम में शामिल किया गया है। जेमी हम आपके जल्द से जल्द फिट होने की कामना



करते हैं। 25 वर्षीय जेमिमा ने ब्रेव की तरफ से छह पारियों में 35.75 के औसत और 131.19 के स्ट्राइक रेट से 143 रन बनाए। उनका उच्चतम स्कोर नाबाद 42 रन रहा।

महिला टी20 एशिया कप 28 अगस्त से शुरू होगा, जिसमें भारत 30 अगस्त को थाईलैंड के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगा। जेमिमा के पास इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट तक फिट होने के लिए लगभग तीन सप्ताह का समय है। वहीं दूसरी ओर पूर्व हरफनमौला एंड्रयू फ्लिंटाफ ने इंग्लैंड लायंस के मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दे दिया है। फ्लिंटाफ ने सितंबर 2024 में यह पद


एशिया कप में खेलना संदिग्ध

संभाला था। उन्होंने इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड द्वारा जारी बयान में कहा, मैने लायंस के साथ अपने पद से इस्तीफा देने का फैसला किया है। उन्होंने कहा मैने देश के सर्वश्रेष्ठ युवा क्रिकेटरों के साथ काम करने का पूरा मजा लिया और उन्हें आगे बढते देखने में गर्व महसूस किया। फ्लिंटाफ अब बिग बैश लीग में सिडनी थंडर्स टीम के मुख्य कोच होंगे।

ऑस्ट्रेलियाई प्लेयर्स का आईपीएल 2027 खेलना मुश्किल



नयी दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट खिलाड़ियों के आईपीएल2027 में खेलने पर सवाल खड़े हो गए हैं। टीम के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा कि अगले 12 महीनों में ऑस्ट्रेलिया को 20 टेस्ट समेत 34 इंटरनेशनल मैच खेलने हैं। ऐसे में खिलाड़ियों के वर्कलोड को देखते हुए आईपीएल को लेकर मुश्किल फैसले लेने पड़ सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया अगले एक साल में बांग्लादेश, दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड और भारत के खिलाफ कुल 20 टेस्ट खेलेगा। इसके अलावा जिम्बाब्वे, दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के खिलाफ व्हाइट बॉल सीरीज भी होगी। अगर टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचती है तो एक टेस्ट और जुड़ जाएगा। इसके बाद जून-जुलाई 2027 में इंग्लैंड में एशेज और फिर अक्टूबर-नवंबर में वनडे वर्ल्ड कप खेला जाएगा। मैकडोनाल्ड ने कहा कि आईपीएल ऑस्ट्रेलिया के कई खिलाड़ियों के विकास और तैयारी का अहम हिस्सा है। दुनिया की बेस्ट टी-20 लीग में खेलने से खिलाड़ियों को फायदा मिलता है। शुरूआत यही होगी कि



खिलाड़ी आईपीएल खेल सकते हैं। बाद में परिस्थितियों के हिसाब से फैसला लिया जाएगा। ऑस्ट्रेलियाई टीम मैनेजमेंट की सबसे बड़ी चिंता तेज गेंदबाज पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड का वर्कलोड है। तीनों लगातार टेस्ट क्रिकेट खेलेंगे और एशेज भी सामने होगी। मैकडोनाल्ड ने कहा कि खिलाड़ियों के शरीर को आराम देना भी उतना ही जरूरी है, ताकि वे पूरे सीजन में अपना बेस्ट प्रदर्शन कर सकें। कोच ने कहा कि आईपीएल को लेकर कोई फैसला अभी नहीं लिया जाएगा। खिलाड़ियों

20 टेस्ट समेत 34 इंटरनेशनल मैच का शेड्यूल

की फिटनेस, गेंदबाजी का वर्कलोड और मानसिक थकान हर टेस्ट के बाद आंकी जाएगी। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि अभी यह नहीं कहा जा सकता कि न्यूजीलैंड सीरीज के चौथे टेस्ट या भारत दौरे के बाद पैट कमिंस या मिचेल स्टार्क की स्थिति क्या होगी। इसलिए फैसला समय आने पर ही लिया जाएगा। मैकडोनाल्ड ने याद दिलाया कि 2023 में पैट कमिंस,



मिचेल स्टार्क और ट्रेविस हेड ने आईपीएल नहीं खेला था। उन्होंने आराम किया और उसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप, एशेज और वनडे वर्ल्ड कप जीता। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि किसी खिलाड़ी के खराब प्रदर्शन का कारण सीधे कढछ को नहीं माना जा सकता।

संक्षेप

स्कॉटलैंड ने जीता 5000वां वनडे

नयी दिल्ली। स्कॉटलैंड ने वनडे क्रिकेट के 5000वें मैच में कनाडा को 9 रन से हरा दिया। डंडी (स्कॉटलैंड) में खेले गए कउउ मेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप लीग-2 के इस ऐतिहासिक मुकाबले में फिनले मैकक्रीथ ने शतक लगाया और प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। टॉस हारकर बैटिंग कर रही स्कॉटिश टीम ने 50 ओवर में 7 विकेट पर 281 रन बनाए। जवाब में कनाडा 49.2 ओवर में 272 रन पर ऑलआउट हो गया। ब्रैंडन मैकमुलेन ने 3 और ओलिवर डेविडसन ने 2 विकेट लिए। स्कॉटलैंड की शुरूआत खराब रही और जॉर्ज मुन्से खाता खोले बिना आउट हो गए। इसके बाद मैकक्रीथ और ब्रैंडन मैकमुलेन ने पारी संभाली। मैकक्रीथ ने 140 गेंदों पर 112 रन बनाए, जिसमें 9 चौके और 2 छक्के शामिल रहे। रिची बेरिंगटन ने 29 और माइकल जोंस ने 36 रन बनाए। अंत में सफयान शरीफ ने 8 गेंदों पर नाबाद 22 और ऑलिवर डेविडसन ने 4 गेंदों पर नाबाद 11 रन बनाकर स्कॉटलैंड का स्कोर 281 रन तक पहुंचाया। कनाडा के लिए जाहिद शिरजाद ने 3 और कलीम सना ने 2 विकेट लिए। 282 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए युवराज समरा ने 65 गेंदों पर 78 रन बनाए, जिसमें 8 चौके और 4 छक्के शामिल थे।

विश्व चैंपियनशिप में दबाव आयुष पर नहीं, विश्व के नंबर एक खिलाड़ी शी यु ची पर होगा : चोपड़ा

नयी दिल्ली। आयुष शेट्टी के कोच सागर चोपड़ा का मानना है कि विश्व चैंपियनशिप के पहले दौर में जब यह युवा शटलर चीन के शी यु ची का सामना करेगा तो दबाव विश्व में नंबर एक खिलाड़ी पर होगा और इसलिए यह मैच भारतीय खिलाड़ी के पक्ष में जा सकता है। चोपड़ा का मानना है कि शी यु ची इस समय अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं है और आयुष को इसका फायदा मिल सकता है। शेट्टी ने इस साल की शुरुआत में बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में उपविजेता बनकर बड़े मंच पर अपनी पहचान बनाई और वह इस समय अच्छी लय में हैं। चोपड़ा ने कहा, अगर आप देखें तो यह शायद सबसे मुश्किल ड्रॉ में से एक है जो किसी को भी मिल सकता है। लेकिन शी यु ची के खिलाफ खेलने से आयुष के पास खोने के लिए कुछ नहीं है। उन्होंने कहा, दरअसल, वह भारत में और हमारे घरेलू मैदान पर खेल रहा है, इसलिए दबाव शी यु ची पर ही रहेगा। शी यु ची कुछ महीने पहले की तरह अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं दिख रहे हैं।

लियोनल मेस्सी के पिता का निधन

मोंटेवीडियो (उरुग्वे)। फुटबॉल स्टार और अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेस्सी के पिता जॉर्ज मेस्सी का शनिवार को मध्य अर्जेंटीना के शहर रोसारियो के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 68 वर्ष के थे। रोसारियो स्थित क्लब एटलेटिको न्यूवेल्स ओल्ड बॉयज ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए उनके निधन की जानकारी दी। पोस्ट में बताया गया कि पिछले कुछ महीनों से उनका एक अज्ञात बीमारी के लिए उपचार चल रहा था। क्लब ने उन्हें वह स्तंभ और वह व्यक्ति बताया जिन्होंने अपनी पत्नी सेलिया कुकितिनी के साथ मिलकर दूरदर्शिता, लगन और स्नेह के साथ सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के करियर को संवारा और समर्थन दिया।

भारत का दूसरे दिन का स्कोर 357 रन

पडिक्कल ने शतक लगाकर तीसरे नंबर पर अपनी जगह पक्की की, जायसवाल और पंत नहीं चले

एजेंसी

कोलंबो। देवदत्त पडिक्कल ने अपने कलात्मक खेल का शानदार नमूना पेश करके श्रीलंका क्रिकेट एकादश के खिलाफ अभ्यास मैच के दूसरे दिन शतक लगाया और इस तरह से पहले टेस्ट मैच के लिए भारत की अंतिम एकादश में अपनी जगह पक्की कर दी लेकिन अनुभवी ऋषभ पंत और उनके साथी विकेटकीपर ध्रुव जुरेल बल्लेबाजी के लिए अनुकूल परिस्थितियों का फायदा नहीं उठा पाए। भारत ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी पहली पारी में 90 ओवर में आठ विकेट पर 357 रन बनाए। पडिक्कल के नाबाद 142 रन और अनुभवी रविंद्र जडेजा की 63 रन (रिटायर्ड आउट) की जुझारू पारी भारतीय पारी का आकर्षण रहे। इनके अलावा मानव सुथार (41) ने भी अपनी बल्लेबाजी से प्रभावित किया। खेल आगे बढ़ने के साथ पिच बल्लेबाजी के लिए काफी आसान हो गई थी और पडिक्कल ने इसका पूरा फायदा उठाते हुए 18 चौके लगाए। उन्होंने यह साबित कर दिया कि वह तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। पडिक्कल का श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करना तय है क्योंकि इस नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए पहली पसंद के बल्लेबाज साई सुदर्शन पैर के अंगूठे की चोट से समय पर उबर न पाने के कारण श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। यशस्वी जायसवाल (00) दिन की दूसरी गेंद पर बाएं हाथ के तेज गेंदबाज विश्व फर्नांडो (42 रन देकर एक विकेट) पर शॉट लगाने की कोशिश में आउट हो गए, जिसके बाद केएल राहुल (40) और पडिक्कल ने दूसरे विकेट के लिए 96 रन जोड़े। राहुल ने क्रीज पर अपने पांव अच्छी तरह से जमा लिए थे तो दूसरी तरफ पडिक्कल को खेलते देखना भी बेहद



मनोरंजक था। उन्होंने फुल लेंथ गेंदों पर कुछ कवर ड्राइव लगाकर शुरुआत की और फिर प्वाइंट के आगे और पीछे दोनों तरफ कुछ शानदार कट शॉट खेले। पडिक्कल ने विशेष रूप से दाएं हाथ के तेज गेंदबाज इशिता विजेसुंदरा को निशाने पर रखा और उन पर कई चौके लगाए। तेज गेंदबाजों के खिलाफ उनका मशहूर नटराज शॉट (विशेष मुद्रा में लगाए गए हुक और पुल शॉट) भी देखने को मिला। पडिक्कल की बल्लेबाजी की खासियत यह थी कि उन्हें अपने शॉट को सही ढंग से खेलने का फैसला करने में लगभग एक सेकंड का अतिरिक्त समय मिल जाता था। उनका डिफेंस भी मजबूत हो गया है और स्पिनरों के खिलाफ उनका फुटवर्क लाजवाब है। उन्होंने ऑफ स्पिनर रमेश मेंडिस की गेंद पर पुल शॉट खेलकर केवल 121 गेंदों में अपना शतक पूरा किया और फिर रिटायर्ड हर्ट हो गए। तब तक उन्होंने जडेजा के साथ तीसरे विकेट के लिए 72 रन जोड़ लिए थे, जिन्होंने एक बार फिर साबित कर दिया कि विदेशों में मध्य क्रम के बल्लेबाज के रूप में वह महत्वपूर्ण खिलाड़ी क्यों हैं। भारत के लिए दूसरे दिन की सबसे बड़ी निराशा ऋषभ पंत (02) रहे, जिन्होंने एक बार फिर ऑफ स्पिनर मेंडिस (77 रन देकर दो विकेट) के खिलाफ लॉन्ग-ऑन के ऊपर से शॉट खेलने का प्रयास किया लेकिन गेंद बल्ले का किनारा लेकर लॉन्ग-ऑफ की ओर चली गई। अगर पंत आक्रामक शॉट खेलकर आउट हुए तो दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के बाद ऑफ-स्पिनर के सामने ध्रुव जुरेल (01) की तकनीकी कमजोरी एक बार फिर उजागर हो गई। उन्होंने आगे बढ़कर रक्षात्मक शॉट खेलने के प्रयास में शॉर्ट स्क्वायर लेग पर कैच दिया। लेकिन मानव सुथार ने जडेजा का अच्छा साथ दिया। इन दोनों ने 76 रन जोड़कर पारी को संभाला। पडिक्कल दिन के आखिर में फिर बल्लेबाजी करने आए और चार चौके और लगाए। सारांश जैन ने रिटायर्ड हर्ट होने से पहले 22 रन बनाए जबकि गुरनूर बराड़ ने 18 गेंद पर नाबाद 36 रन की पारी खेली जिसमें चार छक्के शामिल हैं।

शिलांग लाजोंग एफसी ने मुंबे एफसी को हराकर ग्रुप ई मे शीर्ष पर बनायी जगह

शिलांग। एवरब्राइटसन साना के दो गोल की मदद से शिलांग लाजोंग एफसी ने डूरंड कप के ग्रुप ई मैच में मुंबे एफसी को 5-0 से करारी शिकस्त दी। साना के अलावा विजेता टीम के लिए अभय गुरुंग, ट्रेमिकी लामुरोंग और फिगो सिंडाई ने भी गोल किए। इस जीत के साथ शिलांग लाजोंग ने टूर्नामेंट में अपनी शानदार शुरुआत को बरकरार रखा है और ग्रुप चरण के बाकी मैचों से पहले वह ग्रुप ई में सबसे ऊपर हैं। लैंग्सनिंग एफसी चार अंक के साथ दूसरे और नोंगक्सेह एसएस एंड सीसी एक अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। मुंबे एफसी तालिका में सबसे नीचे है।



लद्दाख मैराथन की पुरस्कार राशि एक करोड़ रुपये

लेह। लद्दाख मैराथन की पुरस्कार राशि एक करोड़ रुपये कर दी गई है। आयोजकों ने शनिवार को यह घोषणा की। लद्दाख मैराथन 10 से 13 सितंबर तक आयोजित की जाएगी और इसमें लगभग 10000 धावकों के भाग लेने की संभावना है। आयोजकों ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा इस वर्ष इस प्रतियोगिता में भारत के 28 राज्यों और छह केंद्र शासित प्रदेशों के धावक भाग लेंगे। इसके अलावा दुनिया भर के धावक भी इसमें अपने-अपने देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के प्रशासनिक सचिव संजीत रोड्रिग्स ने कहा, केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के उपराज्यपाल ने पुरस्कार राशि को बढ़ाकर एक करोड़ रुपये करने का फैसला किया है जो इस प्रतियोगिता की वैश्विक प्रतिष्ठा को मजबूत करने, खेल पर्यटन को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों के लिए अधिक अवसर पैदा करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस प्रतियोगिता में फुल मैराथन, हाफ मैराथन, 11.2 किमी दौड़ और पांच किमी की दौड़ रन फॉर फन के साथ-साथ दुनिया की दो सबसे चुनौतीपूर्ण लंबी दूरी की दौड़ 72 किमी खारदुंग ला चैलेंज और 122 किमी सिल्क रूट अल्ट्रा भी शामिल हैं।

पूर्व जिम्नास्ट खिलाड़ियों ने मंत्रालय को लिखा पत्र

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय चैंपियन राकेश पात्रा सहित कई पूर्व अंतरराष्ट्रीय जिम्नास्ट खिलाड़ियों ने खेल मंत्रालय से भारतीय जिम्नास्टिक महासंघ (जीएफआई) द्वारा उत्कृष्ट योग्यता वाले खिलाड़ियों (एसओएम) की

एसओएम सूची में कथित अनियमितताओं की जांच की मांग

सूची तैयार करने की प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं की स्वतंत्र जांच कराने की मांग की है। राकेश पात्रा और एक अन्य पूर्व अंतरराष्ट्रीय जिम्नास्ट ने 30 जुलाई को खेल सचिव हरि रंजन राव को भेजे गए अलग-अलग पत्रों में आरोप लगाया कि महासंघ की कार्वाई ने राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम 2025 और उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन किया है। पांच विश्व चैंपियनशिप के अलावा राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके कई बार के राष्ट्रीय चैंपियन पात्रा ने पत्र में अपील की, मैं मंत्रालय से अनुरोध करता हूं कि वह जीएफआई द्वारा एसओएम की सूची तैयार करने के लिए अपनाई गई प्रक्रिया की स्वतंत्र जांच का आदेश दे। उन्होंने कहा, सभी रिकॉर्ड मंगाए जाएं, जिनमें अधिसूचनाएं, प्राप्त आवेदन, जांच रिपोर्ट, बैठकों के कार्यवृत्त, मूल्यांकन के मानदंड और सूची तैयार करने से संबंधित सभी दस्तावेज शामिल हों।

35 टीमों के साथ मॉनसून बास्केटबॉल लीग का आगाज

खेल संवाददाता

लखनऊ। युवा बास्केटबॉल खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धी मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राजधानी में शनिवार को ह्य3७3 मॉनसून बास्केटबॉल लीग-सीजन 1 का शुभारंभ हुआ। सुपर गोल्डन लीग की ओर से स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन एसएनआई सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस, मॉडर्न एकेडमी स्कूल, विनय खंड-2, गोमती नगर में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 बालक एवं बालिका वर्ग में 35 से अधिक टीमें हिस्सा ले रही हैं। उद्घाटन समारोह में उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अरविंद शर्मा, आईआरएस मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया के निदेशक डॉ. आनंद किशोर पाण्डेय ने की, जबकि स्पोर्ट्स प्रमोटर देवेंद्र विक्रम सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और उन्हें अनुशासन, टीम भावना एवं खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। उद्घाटन अवसर पर खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, अभिभावकों और खेल प्रेमियों की मौजूदगी से प्रतियोगिता स्थल पर



उत्साह का माहौल रहा। डॉ. आनंद किशोर पाण्डेय ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा साबित करने के साथ उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार होने का अवसर देती हैं। उन्होंने कहा कि स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया का उद्देश्य जमीनी स्तर पर खेलों को मजबूत करना और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को लगातार बेहतर प्रतिस्पर्धी मंच उपलब्ध कराना है।

देश के लिए खेलने के भाव से उतरना है : हॉकी टीम

नयी दिल्ली। आपको यह भूल जाना है कि आप अपने या टीम के लिये खेल रहे हैं, बस यही भाव रखना है कि देश के लिये हर हालत में जीतना है तो आपको पदक जीतने से कोई नहीं रोक सकता, भारतीय हॉकी टीम के नाम यह संदेश है 1975 विश्व कप विजेताओं का। भारत ने अब तक एकमात्र विश्व कप 1975 में कुआलालम्पुर में जीता था और उस जीत के सूत्रधार थे असलम शेर खान और अशोक ध्यानचंद। 1975 विश्व कप के फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ 51वें मिनट में विजयी गोल करके भारत को 2 .। से जीत दिलाने वाले अशोक कुमार ने भाषा से कहा मैं भारतीय टीम से इतना ही कहूंगा कि यह ध्यान में रखें कि जीत या हार आपकी नहीं, आपके देश की होगी। इससे आपको खुद ब खुद प्रेरणा मिलेगी। यह 51 साल का इंतजार बहुत लंबा हो गया है और अब पदक जीतना ही है। वहीं 1975 में सेमीफाइनल में आखिरी मिनटों में स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर उतरकर मलेशिया के खिलाफ बराबरी का गोल दागने वाले असलम शेर खान ने कहा, हम विश्व कप खेलने उतरे तो हमारे लिये देश मां की तरह था और हम उसी जज्बे से खेलते थे। आपको भी यह सोचकर मैदान पर उतरना होगा कि हम मां के लिये खेल रहे हैं और जुनून ऐसा होना चाहिये कि हर कीमत पर जीतकर उतरेंगे। मांट्रियल ओलंपिक 1976 खेल चुके असलम ने कहा, अच्छे प्रदर्शन के साथ देश के सम्मान के लिये खेलने की भावना जरूरी है।

आशीष यादव ने वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जीता पदक

एजेंसी

नयी दिल्ली। आशीष यादव ने यूजीन में चल रही अंडर-20 वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के तीसरे दिन मेंस जेवलिन थ्रो इवेंट में सिल्वर मेडल जीता। भारत के युवा एथलीट आशीष ने तीसरे राउंड में 74.09 मीटर का थ्रो किया, जिससे उन्हें सिल्वर मिला। इसी फाइनल में शामिल दूसरे भारतीय टी. धरनिधरन 72.35 मीटर

नीरज चोपड़ा के बाद पदक जीतने वाले दूसरे भारतीय, 74.09 मीटर थ्रो किया

के थ्रो के साथ छठे स्थान पर रहे। 19 साल के आशीष इस इवेंट में मेडल जीतने वाले नीरज चोपड़ा के बाद दूसरे भारतीय बन गए हैं। दो बार के ओलिंपिक मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने 2016 में पोलैंड में हुई चैंपियनशिप में गोल्ड जीता था। नीरज ने उसी स्पर्धा में 86.48 मीटर का थ्रो किया था, जो अब भी वर्ल्ड जूनियर रिकॉर्ड है। नीरज की यह फोटो 2016 अंडर-20 वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप की है, जब उन्होंने गोल्ड जीता था। गोल्ड मेडल साउथ अफ्रीका के जान-हेन्ड्रिक हेमन्स ने जीता। उन्होंने



अपने छठे और आखिरी अटेम्प्ट में 80.50 मीटर भाला फेंका। हेमन्स का यह थ्रो इस सीजन का व20 वर्ल्ड लीड प्रदर्शन रहा। भारत की पूजा ने चैंपियनशिप में विमेंस हाई जंप के फाइनल में जगह बना ली है। उन्होंने क्वालिफिकेशन में 1.79 मीटर की ऊंचाई पहले ही प्रयास में पार की। अब पूजा 10 अगस्त को भारतीय समानुसार रात 1 बजे होने वाले फाइनल में मेडल के लिए चुनौती पेश करेंगी।

यूपी टी-20 लीग के आयोजन के लिए विभिन्न कमेटियों का गठन

खेल संवाददाता

लखनऊ। यूपी टी-20 लीग के चौथे सीजन के आयोजन को सुचारु और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया है। आयोजन से जुड़े अलग-अलग पक्षों की जिम्मेदारियों के लिए आयोजन कमेटी, रिसेप्शन कमेटी, मेडिकल कमेटी, हॉस्पिटैलिटी कमेटी, ग्राउंड एवं पिच कमेटी, मीडिया कमेटी, एंटी-करप्शन कमेटी, सीनियर एडवाइजरी कमेटी तथा

आयोजन, रिसेप्शन, मेडिकल, हॉस्पिटैलिटी, मीडिया व टैलेंट सर्च समेत नौ कमेटियों में सौंपी गई जिम्मेदारियां

टैलेंट सर्च कमेटी का गठन किया गया है। यूपी टी-20 लीग गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन डॉ. संजय कपूर ने बताया कि इन कमेटियों के गठन के साथ लीग के आयोजन से जुड़े विभिन्न कार्यों के लिए जिम्मेदारियां अलग-अलग स्तर पर तय की गई हैं, जिससे लीग के आयोजन से लेकर खिलाड़ियों, अतिथियों, मीडिया और दर्शकों से जुड़े पहलुओं को व्यवस्थित रूप से संचालित किया जा सके। आयोजन कमेटी में सुनील जोशन (आगरा), बीडी



शुक्ला (मैनपुरी), मोहनलाल अग्रवाल (फरुर्खाबाद), फैसल शेरवानी (अलीगढ़), अजीज खान (सोनभद्र), आनंद पाठक (शाहजहांपुर), शाश्वत सिंह (गाजीपुर), असद अहमद (सुल्तानपुर) और संजय तिवारी (कानपुर) को शामिल किया गया है।

रिसेप्शन कमेटी में संजीव कुमार सिंह (गाजीपुर), राजेश सहगल (आगरा), सीए जावेद (बाराबंकी), सिद्धार्थ सिंह (जौनपुर), लतीफुर रहमान (सहारनपुर) और शिवम त्रिपाठी शामिल हैं। मेडिकल कमेटी में डॉ. मनीष चौहान (रायबरेली) और डॉ. उमर मुस्तफा हसन (प्रयागराज) को शामिल किया गया है। हॉस्पिटैलिटी कमेटी में संजीव कुमार सिंह (गाजीपुर), जेपी सिंह (आजमगढ़), कमल चावला (मथुरा) और सक्षम मिश्रा (झांसी) जिम्मेदारी संभालेंगे। ग्राउंड एवं पिच कमेटी में मनोज पुंडीर (मुजफ्फरनगर) और एसएन सिंह (कानपुर) को शामिल किया गया है। मीडिया कमेटी में मोहम्मद फहीम (रायबरेली), अहमद अली खान 'तालिब' (कानपुर) और फसाहत अली (अलीगढ़) को जिम्मेदारी दी गई है।

वहीं एंटी-करप्शन कमेटी में नागेंद्र को शामिल किया गया है। सीनियर एडवाइजरी कमेटी में रियासत अली (फतेहपुर), जीएन तिवारी (गोरखपुर), सीता राम सक्सेना (बरेली), इशरत महमूद खान (बहराइच), प्रदीप कुमार गुप्ता (फिरोजाबाद), अरविंद श्रीवास्तव (उन्नाव), श्याम बाबू (जालौन), खलीक एम. खान (लखनऊ), विजय गुप्ता (मुरादाबाद), जावेद अख्तर (वाराणसी) और ताहिर हसन (प्रयागराज) को शामिल किया गया है। वहीं टैलेंट सर्च कमेटी में गोपाल शर्मा (कानपुर), प्रवीण कुमार (मेरठ), शशिकांत खांडेकर (कानपुर), राहुल सप्रू (कानपुर) और रिजवान शमशाद (अलीगढ़) को जिम्मेदारी दी गई है।

झारखंड में पेपर लीक पर गतिरोध बरकरार

एजेंसी

रांची। झारखंड सरकार ने भर्ती परीक्षाओं में कथित प्रश्नपत्र लीक को लेकर जारी प्रदर्शनों के बीच शनिवार को विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल सका। प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों ने अपनी सभी मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रखने का फैसला किया है। सरकार की पांच सदस्यीय समिति ने सबसे पहले जेएलकेएम नेता देवेंद्र नाथ महतो के नेतृत्व वाले प्रदर्शनकारी गुट से मुलाकात की, महतो का इस मुद्दे को लेकर अनशन का शनिवार को सातवां दिन है। इस समिति में राज्य के तीन मंत्री भी शामिल हैं। इसके बाद समिति ने कांग्रेस समर्थित एनएसयूआई, एसीएस और जेसीएम के प्रतिनिधिमंडलों से बातचीत की। इससे पहले शुक्रवार रात को सरकार ने जेपीएससीजेएसएससी रिफॉर्म मंच के 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ भी इसी तरह की वार्ता की थी। सरकार की ओर से गठित समिति के सदस्य और राज्य के मंत्री संजय प्रसाद यादव ने लगातार हुई बैठकों के बाद कहा, प्रदर्शनकारी



अभ्यर्थियों की मांगें जायज हैं। हम इन्हें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सामने रखेंगे। सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की छात्र इकाई झारखंड छात्र मोर्चा (जेसीएम) ने सरकार के सामने पांच मांगें रखीं, जिनमें 14वीं जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा रद्द करने की मांग भी शामिल है। एनएसयूआई के प्रवक्ता संजीव शाह ने बताया कि संगठन ने सरकार के सामने छह मांगें रखीं। इनमें संदेह के घेरे में आई सभी जेपीएससी और जेएसएससी परीक्षाओं की 90 दिनों के भीतर सीआईडी जांच और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की तर्ज पर झारखंड परीक्षा एजेंसी (जेटीए) की स्थापना की मांग शामिल है। आदिवासी छात्र संघ के नेता कार्तिक उरांव ने कहा, हमने भर्ती परीक्षाओं में जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाओं को योग्यता परीक्षा के रूप में शामिल करने की मांग की है। इसके अलावा जिन परीक्षाओं में अनियमितताएं मिली हैं, उन्हें रद्द करने की मांग भी रखी गई है। राज्य के मंत्री चामरा लिंडा ने कहा, यह संभवतः छात्र संगठनों के साथ हमारी आखिरी बैठक थी। उन्होंने भर्ती में रिक्तियों और जनजातीय भाषाओं के संरक्षण समेत दो अन्य मुद्दे उठाए। सरकार की समिति की पहली बैठक महतो गुट के जेपीएससी-जेएसएससी अभ्यर्थी मंच के साथ हुई, जो करीब दो घंटे तक चली।

मंच के एक नेता ने बैठक के बाद कहा, सरकार ने हमारी ओर से उठाए गए मुद्दों के समाधान के लिए जल्द निर्णय लेने का आश्वासन दिया है। हालांकि, 14वीं जेपीएससी परीक्षा रद्द करने समेत हमारी सभी मांगें पूरी होने तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा। राज्य की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि बातचीत सकारात्मक माहौल में हुई और छात्रों ने भर्ती प्रक्रिया में जो विसंगतियां बताई हैं उनका जल्द समाधान किया जाएगा।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की



नयी दिल्ली। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन उन्हें सुशासन की राह पर लगातार आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित करता है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। योगी ने कहा कि नये भारत की परिकल्पना करने वाले दूरदर्शी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ दिल्ली में गर्मजोशी भरी मुलाकात हुई। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा नये भारत के स्वप्नद्रष्टा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आज नयी दिल्ली में आत्मीय भेंट की। आपका मार्गदर्शन मुझे सुशासन के पथ पर अविराम गतिशील रहने की प्रेरणा देता है। बहुमूल्य समय प्रदान करने के लिए हार्दिक आभार प्रधानमंत्री जी।

संक्षेप

राजस्थान में कई स्थानों पर भारी बारिश की संभावना

जयपुर। दक्षिण-पश्चिम मानसून के फिर सक्रिय होने से राजस्थान में कई स्थानों पर तेज बारिश जारी है और भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने आगामी दिनों में राज्य के कई इलाकों में भारी बारिश होने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार, शनिवार सुबह तक पिछले 24 घंटे के दौरान कई स्थानों पर मध्यम से भारी बारिश हुई। सबसे अधिक नौ सेंटीमीटर बारिश अलवर के थानागाजी और चुरू के सादुलपुराजगढ़ में दर्ज की गई। इस दौरान दौसा और पिलानी में आठ सेंटीमीटर, कोटकासिम, डीडवाना और सुजानगढ़ में सात-सात सेंटीमीटर तथा झुंझुनू के भुहाना, मलसीसर और चिड़ावा एवं अलवर के बहरोड़ में पांच-पांच सेंटीमीटर बारिश हुई। राज्य की राजधानी जयपुर, भरतपुर, सीकर और बीकानेर सहित कई जिलों में मध्यम से भारी बारिश हुई। वहीं शनिवार दिन में चुरू में 11 मिलीमीटर, पिलानी में आठ मिलीमीटर, दौसा में 7.5 मिलीमीटर व संगरिया में छह मिलीमीटर बारिश हुई। जयपुर स्थित मौसम केंद्र के अनुसार, पूर्वी राजस्थान के अधिकांश हिस्सों में आगामी एक सप्ताह तक मानसून के सक्रिय रहने और बारिश की गतिविधियां जारी रहने की संभावना है।

न्याय तक प्रभावी पहुंच के लिए संवाद गरिमा व समावेशन जरूरी : सीजेआई

इंदौर (मध्यप्रदेश)। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने शनिवार को कहा कि न्याय तक जनता की प्रभावी पहुंच के लिए संवाद, गरिमा और समावेशन जरूरी हैं और कानूनी सहायता का उद्देश्य केवल मुकदमों का निपटारा करना नहीं, बल्कि लोगों के साथ सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित करना भी है। प्रधान न्यायाधीश ने इंदौर में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के पश्चिमी जोन के क्षेत्रीय सम्मेलन में कहा कि न्याय तक लोगों की पहुंच संवाद से शुरू होती है। उन्होंने कहा कि लोगों की अलग-अलग समस्याओं के मुताबिक उन्हें उचित कानूनी समाधान मुहैया कराए जाने चाहिए। सीजेआई ने कहा, अलग-अलग समुदायों का दुःख-दर्द उन्हीं की जुबान में सुना जाना चाहिए। उन्होंने विधिक सेवा प्राधिकरणों से जुड़े स्वयंसेवकों को न्यायिक सेना का हिस्सा बताते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में उनकी अहम भूमिका है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि इन स्वयंसेवकों को चाहिए कि वे गरिमापूर्ण और समावेशी तरीके से पीड़ितों को न्याय दिलाने में मदद करें।

भारत के युवा देश की सबसे बड़ी ताकत : राहुल गांधी

एजेंसी

प्रयागराज। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि भारत के युवा इस देश की सबसे बड़ी ताकत है और इनकी संभावना दुनिया में बेजोड़ हैं। राहुल ने यहां केपी ग्राउंड में छात्रों की गूंज कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, आप भारत की ताकत और गर्व हो। जब मैं यह कहता हूं, मैं हर भारतीय नागरिक के बारे में बात कर रहा हूं। उन्होंने कहा, मैं आज शाम आपसे आपके दर्द, डेटा और दौलत के बारे में बात करना चाहता हूं। राहुल ने कहा कि भारत के 40 करोड़ युवा इसकी सबसे बड़ी ताकत हैं और अमेरिका, चीन व रूस की तुलना में देश के युवाओं का कोई जवाब नहीं है। उन्होंने देश में शैक्षणिक योग्यता के मूल्य को लेकर भी चिंता व्यक्त की और कहा कि आज भारत में शिक्षा का प्रमाण पत्र का कोई मतलब नहीं है क्योंकि ये आपको नौकरी नहीं दे सकते। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में प्रतियोगी छात्र-छात्राएं कार्यक्रम स्थल पर बारिश का पानी और कीचड़ होने के बावजूद एकत्रित हुए।

उपराष्ट्रपति अंडमान के दो दिवसीय दौरे पर

एजेंसी

श्री विजय पुरम। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के दो दिवसीय दौरे पर शनिवार को श्री विजय पुरम पहुंचे, जहां वह हर घर तिरंगा अभियान और वंदे मातरम

हरघरतिरंगा कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे

की 150वीं वर्षगांठ से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। अधिकारियों



ने बताया कि राधाकृष्णन शनिवार सुबह एक विशेष विमान से वीर सावरकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास स्थित नौसैनिक वायु अड्डे आईएनएस उत्क्रोश पर उतरे, जहां वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने बताया कि आईएनएस उत्क्रोश से राधाकृष्णन लोक निवास गए, जहां उन्होंने उपराज्यपाल डीके जोशी के साथ बैठक की। अधिकारियों के मुताबिक, उपराष्ट्रपति शनिवार शाम सेलुलर जेल राष्ट्रीय स्मारक का दौरा देंगे।

कनाडा से 2026 के छमाही में रिकॉर्ड 3,323 भारतीयों को वापस भेजा गया

ओटावा। कनाडा ने 2026 के पहले छह महीनों में 3,323 भारतीय नागरिकों को देश से बाहर भेजा है। इसके साथ ही यह संख्या पिछले छह साल के सर्वाधिक आंकड़े को पार करने की ओर बढ़ रही है। आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। कनाडा सीमा सेवा एजेंसी (सीबीएसए) के आंकड़ों के अनुसार 2025 में पूरे साल में निकाले गए भारतीय नागरिकों की संख्या 3,779 थी जबकि इस साल के शुरुआती छह महीनों में ही 3,323 भारतीय नागरिकों को निकाला जा चुका है। अब तक सबसे अधिक भारतीय वर्ष 2025 में निकाले गए थे। कनाडा अपनी आव्रजन व्यवस्था को सख्त कर रहा है।





आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com